


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 केएल राहुल को बेइज्जत करने वाले संजीव गोयनका पर फूटा ...

ट्रंप ने नशे की समस्या से निपटने के लिए बनाई .... 12



वर्ष : 12 | अंक : 30 | पटना, शुक्रवार, 10 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

# मुस्लिम आबादी व आरक्षण पर मचा सियासी घमासान

## कांग्रेस सत्ता मे आती है तो एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में करेगी कटौती : भाजपा

### मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर भाजपा ने जताई चिंता

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ने देश में मुस्लिम आबादी में वृद्धि की गति पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और आश्चर्य जताया कि मुसलमानों को आरक्षण देने पर तुली कांग्रेस यदि सत्ता में आती है तो इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को मिले आरक्षण पर क्या असर पड़ेगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा हाल ही में जारी कार्य पत्र में कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदू आबादी का हिस्सा 7.82 प्रतिशत घटा जबकि मुसलमानों की आबादी 43.15 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया है कि 1950 में देश में आबादी में जैन समुदाय की हिस्सेदारी 0.45 प्रतिशत थी जो 2015 में घट कर 0.36 प्रतिशत रह गई। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले आई है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, यह एक बहुत ही प्रसिद्ध तथ्य है, जो लगभग एक दशक से सार्वजनिक जानकारी में है। यदि आप 1951 की जनगणना को देखें तो हिंदुओं की आबादी 88 प्रतिशत और मुसलमानों की 9.5 प्रतिशत थी। वर्ष 2011 की जनगणना में हिंदुओं की आबादी 80 प्रतिशत से घटकर 79.8 प्रतिशत रह गई जबकि मुसलमानों की आबादी 14.5 प्रतिशत से अधिक हो गई। उन्होंने कहा, लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर इस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ती है और जिस प्रकार से कांग्रेस मुस्लिमों को आबादी के आधार पर आरक्षण देने पर तुली हुई है तो वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के हिस्से में कटौती करेंगे। त्रिवेदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ भविष्य में आरक्षण के हिस्से में बदलाव करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, इसकी अधिक संभावना है क्योंकि उनमें में कई शादियों का चलन है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और घुसपैठ के कारण भी आरक्षण में मुसलमानों की हिस्सेदारी बढ़ती रहेगी क्योंकि उन्हें धर्मनिरपेक्ष कवर मिल गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, इसलिए यह एक बड़ा सवाल है और बड़ी चुनौती भी, जिसका उन्हें जवाब देना होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पीएमईएसी की रिपोर्ट कई सवाल उठाती है क्योंकि एक विशेष समुदाय अपनी जनसंख्या को इस तरह से बढ़ा रहा है जिससे भारत की जनसांख्यिकी के बदल जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, इससे कुछ सवाल उठते हैं जिन्हें पूछे जाने और उत्तर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मुस्लिम समुदाय में अवैध आव्रजन और धर्मांतरण के कारण कितना विकास हो रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस समेत कुछ राजनीतिक दल संविधान को बदलने और धर्म आधारित आरक्षण लाने का बड़ा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसे में इसका परिणाम क्या होगा जब मुस्लिम समुदाय अपनी जनसंख्या नौ प्रतिशत से बढ़ाकर 14.5 प्रतिशत कर रहा है और कुछ राजनीतिक ताकतें हैं जो उन्हें आरक्षण देना चाहती हैं। उन्होंने कहा, इसका ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों पर क्या असर होगा जो भारत में सदियों से पीड़ित हैं और विकास से वंचित रह गए हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि ये सवाल पूछे जाने चाहिए और जवाब दिए जाने की जरूरत है क्योंकि ये लोग भारत के भविष्य को आकार देंगे।

## बिना जनगणना कराये केंद्र ने कैसे तैयार की हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या रिपोर्ट : तेजस्वी

### बोलें-हिंदू-मुस्लिम की भावना त्यागें और मुद्दों पर बात करें पीएम

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर संदेह जताते हुए बृहस्पतिवार को पूछा कि बिना जनगणना कराए केंद्र ने कैसे हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या रिपोर्ट तैयार कर ली। ईएसी-पीएम की रिपोर्ट में मुस्लिम आबादी में वृद्धि, जबकि हिंदू आबादी प्रतिशत में गिरावट का दावा किया गया है। राष्ट्रीय जनता दल नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम के बीच दरार पैदा कर रही है। उन्होंने पूछा, आप जनगणना कराए बिना ही आंकड़ों पर (कैसे) पहुंच गए? क्या 2021 में जनगणना नहीं होनी थी? आप देश के प्रधानमंत्री हैं। कृपया हिंदू-मुस्लिम की भावना त्यागें और मुद्दों पर बात करें। राजद नेता ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब पत्रकारों ने ईएसी-पीएम रिपोर्ट पर उनसे सवाल पूछे। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी: देशव्यापी विश्लेषण (1950-2015) शीर्षक से जारी ईएसी-पीएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1950 और 2015 के बीच देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 84.68 प्रतिशत से 7.82 प्रतिशत घटकर 78.06 प्रतिशत रह गयी, जबकि इस अवधि के दौरान मुसलमानों की आबादी में हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, न तो प्रधानमंत्री और न ही भाजपा नेता बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करेंगे। प्रधानमंत्री बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में बात नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सिर्फ समाज में दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है। वे संविधान बदलना चाहते हैं। हम विभाजनकारी ताकतों को समाज में दरार पैदा करने की अनुमति नहीं देंगे। राजद नेता ने पटना में 12 मई को प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित रोड शो के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मोदी को रोड शो या एयर शो करने दीजिए, इससे कुछ भी नहीं बदलने वाला है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बिहार के साथ-साथ देशभर में करारी हार का सामना करना पड़ेगा। हम (ह्यइंडियाह्न गठबंधन) जॉब शो के बारे में बात कर रहे हैं। केंद्र में सत्ता में आने पर हम बेरोजगार युवाओं को एक करोड़ नौकरियां प्रदान करेंगे।

## कांग्रेस और उसके सहयोगी तुष्टिकरण की राजनीति कर भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहते हैं : गिरिराज

प्रात : किरण



बेगूसराय /एजेंसी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल भारत को इस्लामिक राज्य बनाने का प्रयास बनाना चाहते हैं। सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, देश में हिंदू आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। देश जब आजाद हुआ तब हिंदुओं की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 88 प्रतिशत थी। यह अब 70 प्रतिशत पर आ गयी है जबकि मुस्लिम आबादी 1947 के सात फीसदी से बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने कहा, यह सब कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हुआ। कांग्रेस और उसके सहयोगी तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से भारत को एक इस्लामिक राज्य बनाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह टिप्पणी पत्रकारों द्वारा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा किए गए एक नवीनतम खुलासे के बारे में पूछे जाने की। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस सरकार ही थी जिसने 1971 के बाद विशेष रूप से बिहार और देश के अन्य हिस्सों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्याओं को आश्रय दिया। यह सब कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हुआ। यहां तक कि मुसलमानों का प्रजनन दर भी हिंदुओं से लगभग 1.25 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन करके पिछले दरवाजे से मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। वे धर्म के आधार पर आरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं।

भाजपा के नेतृत्व वाला राजग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देगा। बेगुसराय लोकसभा सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा, इंडिया गठबंधन सनातन धर्म के खिलाफ है। उसके नेता अपनी वोट बैंक की राजनीति के तहत सनातन धर्म को निशाना बनाते हैं। वे वोट-जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेताओं की मंशा बहुत खतरनाक है। वे मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के खिलाफ वोट जिहाद में लिप्त हैं। वे एक खास धर्म के लोगों से एकजुट होकर राजग गठबंधन के खिलाफ वोट करने का आह्वान कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख के निधन पर जताया शोक

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल स्थित बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के प्रमुख अथानासियस योहान के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें समाज में उनकी सेवाओं के लिए याद रखा जाएगा। योहान (74) सात मई को अमेरिका में एक कार हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और बुधवार को डल्लास के एक अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। चर्च के एक अधिकारी ने बुधवार शाम को कहा, ह्यडल्लास, टेक्सास के एक अस्पताल में अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया जहां वह दुर्घटना के बाद इलाज करा रहे थे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं मेट्रोपॉलिटन ऑफ बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च, मोरान मोर अथानासियस योहान के निधन से दुखी हूं।

### छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है जिनके सिर पर कुल 36 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को छह दुर्दांत नक्सलियोंझ दूधी पोज्जा, उसकी पत्नी दूधी पोज्जे, महिला नक्सली जयक्का उर्फ आयते कोरसा, कवासी मुड़ा, कारम नारन्ना उर्फ भूमा और रैनु उर्फ मड़कम सुक्का ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि नक्सली दूधी पोज्जा के सिर पर आठ लाख रुपये, दूधी पोज्जे के सिर पर आठ लाख रुपये, जयक्का के सिर पर पांच लाख रुपये, कवासी मुड़ा के सिर पर पांच लाख रुपये, कारम नारन्ना के सिर पर पांच लाख रुपये और रैनु के सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम था।

### नेपाल-भारत की एजेंसियों के बीच मनी लॉन्ड्रिंग अपराध रोकने पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। भारत और नेपाल की मनी लॉन्ड्रिंग से सम्बंधित जांच एजेंसियों ने बुधवार को पहली बार द्विपक्षीय बैठक करके दोनों देशों के बीच खुली सीमा के माध्यम से होने वाले अपराध रोकने के तरीकों पर चर्चा की। दो दिवसीय बैठक का मकसद मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्ति वसूली के क्षेत्रों में आपसी सहयोग विकसित करके क्षमता निर्माण को मजबूत करना था। नई दिल्ली में 7-8 मई को हुई द्विपक्षीय बैठक में नेपाल के धन शोधन अन्वेषण विभाग के साथ नेपाल की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग जांच विभाग के महानिदेशक जनरल पुष्प राज शाही और भारत के प्रवर्तन निदेशालय का नेतृत्व ईडी के प्रभारी निदेशक राहुल नवीन ने किया। दोनों देशों की एजेंसियों के प्रमुख स्तर पर यह पहली बैठक थी।

### हज यात्रियों को लेकर दिल्ली की पहली उड़ान मदीना पहुंची

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से 280 हज यात्रियों को लेकर पहली उड़ान सऊदी अरब के शहर मदीना पहुंच गई है। हज यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर देर रात करीब पौने तीन बजे हवाई जहाज ने दिल्ली से उड़ान भरी। हवाई अड्डे पर हज यात्रियों को विदाई देने के लिए हज कमेटी आफ इंडिया के सीईओ लियाकत अली आफाकी, दिल्ली राज्य हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, सदस्य मोहम्मद साद, दिल्ली राज्य हज कमेटी के अधिशासी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप अधिशासी अधिकारी मोहसिन अली, हज कमेटी ऑफ इंडिया, दिल्ली स्टेट हज कमेटी, विदेश मंत्रालय अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## नस्ल, चमड़ी के रंग के आधार पर कांग्रेस देश को बांटने पर आमादा : सम्राट

### राजद-कांग्रेस ने उत्तर भारतीयों के खिलाफ बयान पर चुप्पी साध कर मौन समर्थन दिया

प्रात : किरण



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि चुनावी पराजय को सामने देख कर कांग्रेस नस्ल और चमड़ी के रंग के आधार पर देश को बांटने और भारतीयों में विभेद पैदा करना चाहती है। राहुल गांधी के मेंटर सैम पित्रोदा का नस्ली बयान घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। श्री चौधरी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने पहले उत्तर-दक्षिण के नाम पर देश को विभाजित करने का अभियान चलाया, अब नस्ल और रंग को आधार बना रहा है। इंडी गठबंधन में शामिल डीएमके नेता और कांग्रेस के आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रेवन्त रेड्डी ने इसी अभियान के तहत उत्तर भारतीयों के खिलाफ बयान दिया था। उत्तर भारत को गौ-मूत्र प्रदेश और उत्तर भारतीयों को शौचालय और सड़कों की सफाई करने वाला बता कर अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस ने उत्तर भारतीयों के खिलाफ बयान पर चुप्पी साध कर एक तरह से उत्तर भारतीयों का अपमान करने वालों को अपना मौन समर्थन दिया है। राजद नेता लालू यादव को कांग्रेस नेता के नस्ली बयान पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और राजद बांटो और राज करो की अपनी नीति पर देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश :** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय के समर्थन में आयोजित भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री जब भ्रष्टाचार मिटाने की बात करते हैं तो विरोधी तिलमिलाए हुए हैं।

**लालू राज में आरक्षण की परिभाषा सिर्फ परिवारवाद :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने जहानाबाद में जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी के नामांकन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी तर्क-वितर्क, भेद मिटाकर जहानाबाद की जनता देश के लिए प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार लाएगी। क्योंकि देश के लिए, बिहार के लिए और जहानाबाद के लिए मोदी जी जरूरी है। चौधरी ने कहा कि मोदी जी और नीतीश जी की डबल इंजन की सरकार में गरीबों का विकास हुआ है। करोड़ों गरीबों को पक्का मकान मिला।

## तमिलनाडु: पटाखा फैक्टरी में धमाका, 8 मजदूरों की मौत

प्रात : किरण



चेन्नई (तमिलनाडु)/एजेंसी। राज्य के शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी की पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में 5 महिलाओं सहित कम से कम 08 श्रमिकों की जान चली गई। धमाके में 10 अन्य घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना पटाखा बनाने के दौरान घटी। धमाके में 8 श्रमिकों की जान चली गई और 10 श्रमिक घायल हैं। पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने घायलों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। धमाका इतना जबर्दस्त था कि फैक्टरी के 7 कमरे ध्वस्त हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक व्यक्ति की हालत बहुत गंभीर है। उन्होंने बताया कि विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी में निजी पटाखा फैक्टरी में दोपहर में विस्फोट हुआ। अग्निशमन एवं बचाव सेवाकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। शिवकाशी पूर्व पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के युवाओं को आश्वासन दिया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहकावे में नहीं आए और कांग्रेस को वोट दें। उन्होंने कहा कि 4 जून को आ रहे लोकसभा की चुनाव परिणाम में यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ह्लदेश के युवाओं, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।

## सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को किया ढेर

### 40 घंटे के बाद खत्म हुआ कुलगाम में मुठभेड़

प्रात : किरण



श्रीनगर/एजेंसी। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में करीब 40 घंटे बाद आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ खत्म हो गई है. सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स पर जानकारी दी कि कुलगाम के रेडवानी पाइन जनरल इलाके में 6-7 मई की मध्यरात्रि को शुरू किया गया संयुक्त अभियान लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है। साथ ही तीन आतंकी भी मारे गए हैं। रेडवानी इलाके में सोमवार से चल रही मुठभेड़ में बुधवार शाम को सुरक्षा बलों ने एक और आतंकी को मार गिराया। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ के शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उनके सहयोगी फहीम अहमद बाबा की हत्या कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात इलाके में तीन आतंकियों बासित अहमद डार, फहीम अहमद बाबा और मोमिन की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

**पुंछ हमले में शामिल तीन आतंकियों की तस्वीरें आई सामने :** पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा कमांडर अबू हमजा समेत तीन से ज्यादा आतंकी शामिल थे. सीसीटीवी में कैद तीन आतंकियों की तस्वीरें बुधवार को वायरल हो गई. एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि शनिवार को हुए हमले में आतंकी 20 मिनट तक अंधाधुंध फायरिंग करते रहे।

## यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का है : शाह

प्रात : किरण



भोनगीर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी हैं। ये चुनाव जिहाद के लिए वोट के खिलाफ विकास के लिए वोट को लेकर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ये चुनाव मोदी की भारतीय गारंटी और राहुल गांधी की चीनी गारंटी के बीच हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 2024 का चुनाव राहुल गांधी और नरेंद्र मोदी के बीच का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का चुनाव है। यह चुनाव राहुल गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ मोदी जी की भारतीय गारंटी का है। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन को तुष्टीकरण की तिकड़ी बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और नागरिकता संशोधन कानून का विरोध भी करते हैं। उन्होंने कहा, ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरे नहीं करती है। हालांकि, पीएम मोदी अपने शब्दों पर कायम हैं।

कांग्रेस पार्टी ने राम निर्माण रोक दिया 70 साल पुराना मंदिर, सिर्फ पांच साल में पीएम मोदी ने केस जीता, भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा की। पीएम मोदी ने धारा 370 खत्म की, ताकि अनंत काल तक कश्मीर में तिरंगा लहराता रहे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 2019 में तेलंगाना की जनता ने हमें 4 सीटें दीं। इस बार हम तेलंगाना में 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे। तेलंगाना में यह डबल डिजिट स्कोर पीएम मोदी को 400 सीटों के पार पहुंचा देगा। कांग्रेस झूठ बोलकर चुनाव लड़ना चाहती है और कहते हैं कि अगर पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे। पीएम मोदी पिछले 10 साल से इस देश का नेतृत्व एकमत से कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने आरक्षण खत्म नहीं किया। पार्टी ने मुसलमानों को 4% आरक्षण देकर एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण लूट लिया है अगर आप बीजेपी को जिताएंगे तो हम एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण बढ़ा देंगे।

**प्रभावित** | चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण अब तक100 से अधिक उड़ानें की जा चुकी हैं रद्द

## चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण एअर इंडिया एक्सप्रेस ने रद्द कीं 85 उड़ान

प्रात : किरण




मुंबई/नई दिल्ली/एजेंसी। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण बृहस्पतिवार को 85 उड़ान रद्द कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। सूत्रों ने बताया कि एक अहम फैसले में एअर इंडिया ने चालक दल के कम से कम 25 उन सदस्यों को बर्खास्त करने संबंधी पत्र जारी किए हैं जिन्होंने एअरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से बीमार होने की सूचना देनी प्रारंभ की।

चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। एअरलाइन ने प्रत्यक्ष तौर पर बर्खास्तगी पत्र के बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन यह कहा कि वह कुछ व्यक्तियों के खिलाफ उचित कदम उठा रही है क्योंकि उनके कार्यों से हजारों यात्रियों को घोर असुविधा हुई है। एअरलाइन ने बृहस्पतिवार को एक संशोधित बयान में कहा, हम आज 283 उड़ानें संचालित करेंगे। हमने सभी संसाधन जुटा लिए हैं और एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर परिचालन करके हमारी मदद करेगी। हमारी 85 उड़ानें रद्द हो गई हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअरलाइन प्रतिदिन लगभग 368 उड़ानें संचालित करती है जिसे देखते हुए उड़ान रद्द होने का प्रतिशत 23 है। पहले के बयान में एअरलाइन ने कहा था कि उसने 74 उड़ान रद्द कर दी हैं और 292 सेवाओं का संचालन करेगी। एअरलाइन ने यात्रियों से कहा कि वे हवाईअड्डे पर आने से पहले यह जांच लें कि उनकी उड़ान प्रभावित तो नहीं हुई है। एअरलाइन ने यह भी कहा कि यदि उड़ान रद्द हुई है या तीन घंटे से अधिक देर से संचालित होनी है तो यात्री पूरे पैसे लौटाने या बाद की किसी तारीख के लिए बुकिंग करा सकते हैं।

**30 सीनियर क्रू-मेंबर्स को किया बर्खास्त:** टाटा समूह की एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने 30 वरिष्ठ केबिन क्रू- मेंबर्स को काम पर न आने के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया। निकाले गए यह कर्मचारी सात मई की रात अचानक सामूहिक अवकाश पर चले गए थे। इसकी वजह से एयरलाइन को 90 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आलोक सिंह ने कहा है कि आज और आने वाले दिनों में भी कई फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ सकती हैं। कंपनी उड़ानों में भी कटौती करेगी। कंपनी ने बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को भेजे गए सेवा समाप्ति पत्र में कहा है कि आपका कार्य, उड़ान का संचालन न करना और कंपनी की सेवाओं को बाधित करना कानूनों का उल्लंघन है। यह एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड कर्मचारी सेवा नियमों का भी उल्लंघन है। कंपनी ने बयान में कहा है कि हम अभूतपूर्व उड़ान देरी और रद्दीकरण के कारण हुई असुविधा के लिए ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं। हम व्यवधानों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कृपया हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करें। यदि आपकी उड़ान प्रभावित होती है, तो कृपया रिफंड और पुनर्निर्धारण सहायता के लिए व्हाट्स ऐप पर संपर्क करें।

## भारत-मालदीव संबंधों का विकास आपसी हितों पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित: जयशंकर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष मूसा जमीर के साथ बातचीत में कहा कि दोनों देशों के रिश्तों का विकास आपसी हित और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। छह महीने पहले मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद पहली उच्च स्तरीय यात्रा के तहत जमीर दिल्ली आए हैं। जमीर के साथ अपनी बातचीत शुरू करते हुए जयशंकर ने कहा, करीबी और निकटतम पड़ोसी होने के नाते हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, जहां तक भारत का सवाल है तो ये हमारी पड़ोस प्रथम नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) दृष्टिकोण में व्यक्त किया गया है। मुझे आशा है कि आज की हमारी बैठक में हम विभिन्न क्षेत्रों में हमारे दृष्टिकोणों को मजबूत कर पाएंगे। मुइज्जू द्वीपीय राष्ट्र से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी पर जोर दे रहे हैं जिससे दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। भारत पहले ही अपने अधिकतर सैन्यकर्मियों को वापस बुला चुका है। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्य टुकड़ियों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा तय की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की संदिग्धावस्था में हुई मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत सेना आवास में 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार की मौत संदिग्धावस्था में हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौप दिया। मृतक की मां संगीता देवी ने लिखित शिकायत की है। लखीसराय के सूर्यगढ़ा थाना के भवानीपुर निवासी शहीद सुबेदार रामरतन कुमार की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि सेना आवास में अपने बच्चों के साथ रहती है। 6 मई को कुछ जरूरी काम से अपने गांव गई थी।आवास पर पुत्र सूरज अकेले था। बुधवार को रात्री में करीब सवा नौ बजे सूरज को फोन लगाई तो नहीं उठाया।कई बार फोन लगाने पर भी फोन नहीं उठाया तो अपने पड़ोसी को फोन कर पुत्र सुरज को जाकर देखने की बात कही। थोड़ी देर बाद मेरे पड़ोसी ने बताया कि सूरज बेहोश पड़ा हुआ है।पड़ोसियों द्वारा जब पुत्र को सैनिक अस्पताल ले जाया गया। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने कि समीक्षा बैठक

दानापुर नगर के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी प्रदीप सिंह ने बैठक आयोजित कर वाहन कोषांग से संबंधित कार्य, वाहन का आकलन, वाहन की उपलब्धता एवं टैगिंग के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री दीक्षा, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व सभी थानाध्यक्ष एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी समेत संबंधित पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी को बनाते हुए दानापुर एवं मनेर विधानसभा क्षेत्र से मतदान के एक सप्ताह पूर्व वाहनों की उपलब्धता कराने के लिए निर्देश दिया गया। जिसमें पीकअप, मैजिक, बस, मिनी बस की समुचित व्यवस्था करने एवं सेक्टर पदाधिकारियों को सात दिन पूर्व वाहन उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया गया। वाहन से संबंधित लॉगबुक एवं इंधन की व्यवस्था संबंधित करने एवं प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराते रहने का निर्देश नोडल पदाधिकारी को दिया गया।

### केनरा बैंक ने विशेष कार्यक्रम कर ऋण बांटे

फतुहा। गुरुवार को केनरा बैंक की स्थानीय शाखा द्वारा व्यापार मंडल कन्या उच्च विद्यालय में केनरा विद्या ज्योति स्कीम पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें तीन छात्रों को पांच-पांच हजार और तीन छात्रों को तीन-तीन हजार रुपए प्रदान किया गया। दूसरी ओर ग्राम कोल्हर के पंचायत भवन में कृषि विस्तार गतिविधि कार्यक्रम किया गया। शाखा कार्यालय में मेगा कृषि वितरण समारोह एवं ग्राहक सम्मेलन किया गया। केनरा बैंक द्वारा 110 प्रधानमंत्री जन धन योजना खाता, 50 सुकन्या समृद्धि योजना, 50 अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह के 60 महिलाओं को 50 लाख की कृषि लोन, पीएम स्वनिधि योजना के 10 लाभुकों को 50 हजार एवं 5 लोगों को पीएम मुद्रा योजना लोन दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक इं विजय शंकर केनरा बैंक पटना, नेहा शाखा प्रबंधक केनरा बैंक फतुहा, कुमार अभिनव, गौरव कश्यप एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### ट्रेन के जनरल बोगी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत। रेल थाना के द्वारा विशेष चेकिंग के दौरान दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1पर पश्चिमी छोड़ के पास सीमांचल एक्सप्रेस की पिछला जनरल बोगी से तीन काला बैग से अंग्रेजी शराब लावारिस हालत में बरामद किया। रेल पुलिस ने उस तीनों बैग से256 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब जिसमें कुल मात्रा 47,580लीटर अंग्रेजी शराब थे। इस संबंध में जीआरपी थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह के बताएं कि शराब को जप्त करते हुए अज्ञात के द्वारा मामला दर्ज कर ली है

### पालीगंज में बिजली करंट से हुई युवक की मौत

पालीगंज गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में बिजली करंट से एक युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव निवासी आदित्य गोस्वामी जा 33 वर्षीय पुत्र रिंकू गोस्वामी बिजली का काम कर रहा था। उसी दौरान वह बिजली धारा प्रवाहित तार के चपेट में आ गया। इस हादसे में रिंकू गोस्वामी की मौत मौके पर हो गयी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का हाल रो रोकर बुरा हो गया। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। इस सम्बंध में पालीगंज पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार करने के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में बिहार के प्रयासों की सराहना

प्रात :किरण संवाददाता




पटना- फाइलेरिया उन्मूलन हेतु बिहार राज्य द्वारा किए गए प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर जमकर सराहना हुई है । इसके अन्तर्विभागीय समन्वय और फाइलेरिया मरीजों के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करने के मॉडल को बेहतरीन माना गया. नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल, परिवार एवं स्वाझ्य कल्याण मंत्रालय दिल्ली द्वारा आहूत दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में ये सराहना मिली. बैठक 8 और 9 मई को दिल्ली में हुई जिसमें 20 राज्यों के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राज्य सलाहकार, क्षेत्रीय निदेशक सहित कई राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक में बिहार का प्रतिनिधत्व कर रहे राज्य फाइलेरिया सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन प्रयासों में अन्तर्विभागीय सहभागिता, जिसमें राज्य सरकार के शिक्षा, कारा, पंचायती राज, पी डी एस विभाग सहित आईसीडीएस, एनसीसी, जीविका, इमारत-ए-शरिया आदि के सहयोग की प्रशंसा की गयी. राज्य में नाईट ब्लड सर्वे, सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए), फाइलेरिया मरीजों के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करना, फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों के प्रयासों आदि का भी संज्ञान लिया गया तथा इसकी सबने प्रशंसा की । इस बैठक में डॉ. रावत, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. रविशंकर सिंह के साथ सहयोगी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट कोऑर्डिनेटर (एनटीडी) डॉ. राजेश पांडेय, सहित पिरामल स्वास्थ्य, पीसीआई, सिफार आदि के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

फाइलेरिया मरीजों को दिया जाने वाला दिव्यांगता सर्टिफिकेट बना उदाहरणः

डॉ. रावत ने बताया कि इस दो दिवसीय समीक्षा बैठक में बिहार द्वारा फाइलेरिया मरीजों को निर्गत किये जा रहे दिव्यांगता सर्टिफिकेट की पहल की विशेष तौर पर सराहना की गयी. बैठक में स्पष्ट रूप से माना गया कि हाथीपांव से ग्रसित व्यक्ति एक प्रकार से दिव्यांगता के शिकार होते हैं. ऐसे लोगों को दिव्यांगजनों की श्रेणी में आना ही चाहिए. क्योंकि कई बार ऐसे लोगों के समक्ष जीविकोपार्जन का संकट उत्पन्न हो जाता है. निःशक्तता प्रमाण पत्र मिलने से उनको सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकता है. पिरामल के बासब रूज ने बताया कि दिव्यांगता सर्टिफिकेट की पहल पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग द्वारा की गयी है। इस बैठक में बिहार की ओर से राज्य फाइलेरिया सलाहकार डॉ. रावत एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. राजेश पांडेय ने राज्य में किये जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन के कार्यों एवं प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया. उल्लेखनीय है कि बिहार के सभी 38 जिले फाइलेरिया से प्रभावित हैं. वर्तमान में राज्य में लिम्फेडेमा के लगभग 1 लाख 57 हजार और हाईड्रोसील के लगभग 22 हजार 300 मरीज हैं ।

# आरपीएम कॉलेज ने नैक के लिए किया आवेदन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामेश्वर दास पन्नालाल महिला कॉलेज में नैक के पोर्टल पर एसएसआर को अपलोड कर दिया गया। प्राचार्या प्रोडॉ पूनम के मार्गदर्शन में आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ रजिया नसरीन, नैक कोर्डिनेटर डॉ अंजू जैन एवं टीम की मेहनत एवं प्रयास से यह कार्य संपन्न हुआ।

प्राचार्या ने सभी को बधाई दी और कहा कि आगे भी हम सभी महाविद्यालय परिवार को एकजुट होकर कार्य कर नैक से अच्छा ग्रेडिंग प्राप्त करना है। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार, डॉ ईना बहन, डॉ सत्येंद्र शर्मा, डॉ अमोल, डॉ दशरथ मंडल, रमनवीर सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर शोभित राज उपस्थित थे।

# रामपुर रोड के लिंक गली में मकान में लगी आग, मशक्कत से काबू

## आग पर काबू पाने में तीन झुलसे, दो दोपहिया वाहन खाक





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुसल्लहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित लिंक गली में पवन मेहता के मकान में आग लग गई। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे लगी आग से अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। आग पर काबू पाने के लिए मकान मालिक पवन मेहता, अमरेंद्र मेहता के अलावा आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना में भूतल पर खड़ा दो दोपहिया वाहन भी जलकर खाक हो गया। दरअसल पवन मेहता के भूतल मकान में किराएदार मकान खाली कर रहा था। इस कारण से ताला बंद कर वह कहीं गया हुआ था। अचानक से इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग फैलते हुए गैस सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लिया। इसके विस्फोट होने से आग तेजी से फैला। आग बुझाने के क्रम में नगर निगम के भूतपूर्व डिप्टी मेयर स्व सरयुग प्रसाद के पुत्र पवन गुप्ता, लक्ष्मी मेहता के पुत्र अमरेंद्र मेहता, राजकुमार मेहता के पुत्र पुटुस के अलावा बिजली मिस्त्री चंदन कुमार, विवेक कुमार और दो छात्र भी घायल हो गए। इसमें पवन, अमरेंद्र और चंदन गंभीर रूप से घायल हैं। दरअसल पांच से छह फीट चौड़ी संकरी गली में फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में खासा मशक्कत करनी पड़ी। घटना मध्यान करीब 12 बजे के करीब की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर समय पर फायर की गाड़ी नहीं पहुंचती, तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। कारण कि इस संकीर्ण गली में अनेक मकान है, जो एक-दूसरे से सटा है। सभी घायलों को निजी चिकित्सालय में अलग-अलग इलाज चल रहा है। फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि गली संकीर्ण होने के कारण आज पर काबू पाने में खासा परेशानी हो रही थी। बड़ा दमकल को भी में रोड पर खड़ा कर पवन जी के मकान के ऊपर से पाइप को ले जाया गया, जो करीब 45 फीट लंबी थी। उस संकीर्ण गली में करीब 50 मकान है। घटना की सूचना मिलते ही पाटलिपुत्र नगर विकास समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार बबलू भी अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने घायल के इलाज सुनिश्चित करने में तत्परता दिखाई। हालांकि बताया जाता है कि अपराह्न करीब चार बजे तक जिस कमरे में आग लगी थी, वहां वायर से चर-चर की आवाज के साथ हल्का धुआं दे रहा था, जिस पर लोग बार-बार पानी डालने का काम कर रहे थे। इसी मकान में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा और अन्य स्कूलएचकॉलेज की पढ़ाई करने वाले छात्र भी रहा करते थे।

# एसजीजीएस सदर अस्पताल कर्मियों को दो माह से वेतन के लाले

## सिविल सर्जन को साइन करने को फुर्सत नहीं, भेजा जा रहा रिमाइंडर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल एक बार फिर अधीक्षक विहीन हो गया है। मार्च माह में अधीक्षक के पद पर रहे डॉ आरआर चौधरी सेवानिवृत हो गए हैं। इसके बाद प्रशासनिक कार्य के लिए अस्पताल के वरीय चिकित्सक सर्जन डॉ आरिफ अब्दुल्ला को प्रशासनिक कार्य संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं वित्तीय मामलों के प्रभार में पटना के सिविल सर्जन हैं। प्रशासनिक मामले में तो अस्पताल का संचालन हो रहा है, मगर वित्तीय मामले में पेंच फंस जा रहा है। स्थिति इसी से समझा जा सकता है कि यहां पदस्थापित या प्रतिनियुक्ति चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ से लेकर विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मी को दो माह से वेतन नसीब नहीं हो रहा है। वेतन पर निर्भर रहने वाले लोगों के समक्ष अप्रैल और मई माह में संकट की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कारण कि अप्रैल माह में ही लोगों के बच्चों का नामांकन, मिडिल, हाई स्कूल, कॉलेज एवं उच्च संस्थान में कराना होता है। साथ ही शिक्षण कार्य से जुड़ा सामान भी खरीदना पड़ता है। उसके अलावा घर की अन्य जिम्मेदारियों का भी संचालन करना होता है। ऐसे में इन सबों के समक्ष संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों के वेतन भुगतान को लेकर मार्च और अप्रैल का सैलरी सीट बनाकर भेजा गया है। उस पर सिविल सर्जन का हस्ताक्षर नहीं हो पाया है। संभवतः यह रविवार तक संभव भी नहीं दिख रहा है। दरअसल अधीक्षक के पद से डॉ आरआर चौधरी के सेवानिवृत्ति के बाद अधीक्षक के प्रभार में पटना के सिविल सर्जन हैं। वह अपने कार्य बोझ से खुद दबे हैं, मगर वित्तीय मामलों में भी यहां से भेजे गए सैलरी सीट से लेकर अन्य मद में वित्तीय भुगतान के विपत्र पर भी हस्ताक्षर करने के लिए उनके पास समय नहीं है। यदि आने वाले सप्ताह में उस पर स्वीकृत की मुहर नहीं लगती है, तब शायद चुनाव के बाद ही लोगों को वेतन नसीब हो पाएगा। तब तक तीन माह का वेतन लंबित हो जाएगा और लोगों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी। इस संबंध में बात किए जाने पर प्रभारी अधीक्षक (प्रशासनिक) डॉक्टर आरिफ अब्दुल्ला ने कहा कि वेतन भुगतान को लेकर मार्च और अप्रैल माह का दस्तावेज बना कर सिविल सर्जन के पास हस्ताक्षर करने के लिए भेजा गया है। इसे लेकर अनेक बार स्मार पत्र भी भेजा गया है। शुक्रवार को भी उन्हें स्मार पत्र भेजा गया है कि जल्द से जल्द सैलरी सीट पर हस्ताक्षर कर दिया जाए, ताकि लोगों का वेतन भुगतान किया जा सके। अब सब कुछ सिविल सर्जन पर ही निर्भर है।

# जल जमाव को लेकर नगर परिषद,व बुडको के टीम ने सयुंक्त रूप से किया निरीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत जल जमाव के संभावना को लेकर तैयारी को लेकर नगर परिषद, बुडको के टीम ने सयुंक्त रूप से निरीक्षण किया। दीघा स्लूइस गेट, घुडदौड़ रोड, रूपसपुर नहर स्लूईस गेट, एवं हाईटेक आदि क्षेत्र का दौड़ा किया। पदाधिकारियो ने समय से पूर्व इन संप हाउस के निर्धारित स्थान पर फिलहाल आवश्कतानुसार उच्च पावर का पंप लगाये जाने की बात कही। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने बताया कि उक्त पांच स्थानो पर संप हाउस बुडको द्वारा बनाया जाना है। फिलहाल स्थल को लेकर कार्य शुरू नही हो सका है। निर्धारित स्थानो पर पहले पंप लगा कर पानी की निकासी की जाती थी। इस बार भी उच्च क्षमता का पंप समय से पूर्व लगाने को निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही मेट्रो निर्माण के दौरान जल निकासी को लेकर भरे गये नाला को ठीक कराने एवं जल निकासी में सहयोग करने को लेकर पत्र दिये जाने व साथ बैठक की जायेगी। बुडको के कनीय अभियंता प्रभात रंजन, सहायक अभियंता राणा चंद्र कमल, नगर विकास के सहायक अभियंता राकेश कुमार, कार्यपलक अभियंता राज कुमार प्रसाद व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार, नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता नवनीता सुमन, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी अर्पणा यादव मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सूरज कुमार मेहता सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार व संजय कुमार आदि शामिल थे।

# 387 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



प्रात :किरण संवाददाता

यूनाइटेड हेल्थ एंड वेलफेयर ट्रस्ट टीम के द्वारा वर्ल्ड थैलेसीमिया ड्राइव डे पर मेगा रक्तदान कैम्प का आयोजन अंकुश मैथेमेटिक्स कैंपस किसान कोल्ड स्टोरेज मुसल्लहपुर हाट में किया गया। इसमें तीन मेडिकल टीम पीएमसीएच, महावीर कैंसर संस्थान एवं निरामया ब्लड मौजूद रही। उद्घाटन सीआईडी के (पीबी) डायरेक्टर विपिन कुमार चौधरी एवं अंकुश सर व विजय सर ने किया। अतिथियों ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है, इसलिए सभी नवयुवकों को रक्तदान करना चाहिए। ट्रस्ट टीम के अध्यक्ष अमरजीत कुमार, सचिव सत्यदीप पाठक, आमोद कुमार, पुष्पलता कुमारी, मनोज कुमार मंडल, गौतम सोनी, मुकुल कुमार चौधरी, रंजना मेहता, प्रिंस सिंह, अभिषेक कुमार, अमित मिश्रा, सोमनाथ कुमार, मुकुल कुमार चौधरी, मंटू कुमार, मनोज यादव, गोलू कुमार, आलोक आजाद, राकेश रंजन, सुधांशु, प्रफुल्ल मिश्रा, राजा, रिशू, प्रेम कुमार, फिरोज अख्तर आदि मौजूद रहे।

# युवती ने की खुदकुशी, मामले में एक आरोपी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के बहादुपुर हाउसिंग कॉलोनी में छात्रा ने खुदकुशी कर ली। वह किराए के मकान में रह कर पढ़ाई कर रही थी। घटना बुधवार देर रात की है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। मृतका की पहचान बेगूसराय के थाना रतनपुर निवासी अनुपम कुमार साह की 25 वर्षीय पुत्री आंचल कुमारी के रूप में की गई है। बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी स्थित अनुपम कुमार के मकान में बतौर किराएदार रह कर वह पढ़ाई कर रही थी। बुधवार की देर रात युवती की खुदकुशी किए जाने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के अनुसार कमरे में चादर के सहारे युवती ने खुदकुशी की है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा और परिजनों को घटना की सूचना दी। अगमकुआं थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना में परिजनों ने गोपी रमण नाम के युवक को आरोपी बनाया है। वह भी मृतक छात्रा के साथ रह कर पढ़ाई करता था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन वैज्ञानिक पद्धति से भी कर रही है। पुलिस युवक के मोबाइल डिटेल्स को भी खंगाल रही है।

# हम चुनाव लड़ने नहीं जीतने के लिए आए हैं: डॉ अंशुल

## इंडि गठबंधन दलों की बैठक में वक्ताओं ने भरी हुंकार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से इंडि गठबंधन के उम्मीदवार डॉ अंशुल अभिजीत की जीत सुनिश्चित करने को लोदीकटरा में इंडि गठबंधन के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों की बैठक हुई। राजद के वरिष्ठ नेता मोहम्मद जावेद की अध्यक्षता और सीपीआई नेता देवरत्न प्रसाद, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर के संयुक्त संचालन में संपन्न हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अंशुल अविजित ने कहा कि चुनाव में हार और जीत का निर्णय तय हो चुका है। निश्चित रूप से हम यह चुनाव जीतने जा रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि चुनाव में बूथ की रणनीति में बल दें। हम चुनाव लड़ने नहीं, जीतने आए हैं। हम चुनाव जीतेंगे सामाजिक न्याय के लिए, उन लोगों के लिए जो दबे, कुचले और जिनके बेटे-बेटियों का भविष्य वर्तमान सरकार ने अंधकार में डाल दिया है। हम उन्हें उजाले की ओर ले जाना चाहते हैं।आज जनता सुविधा के लिए लालायित है। जनता को मौलिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। उनका हौसला जनता को देखकर और आज की सभा में आए युवाओं एवं महिलाओं के उत्साह को देखकर कर छाती ठोक कर कह सकते हैं कि यह चुनाव जीतेंगे। बैठक को संबोधित करने वालों में पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी, पटना महानगर के अध्यक्ष मोहम्मद महताब आलम, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शशि रंजन यादव, प्रदेश राजद के पूर्व महासचिव बलराम चौधरी, महासचिव विनोद यादव, पूर्व महापौर अफजल इमाम,

पटना साहिब से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे परवेज अहमद, प्रदेश राजद के पूर्व महासचिव रजनीश कुमार राय, प्रो एकबाल अहमद, शिव मेहता, पार्षद मनोज मेहता, सी पी एम के मनोज चंद्रवंशी, प्रेम गुप्ता, पूर्व पार्षद डॉ मुमताज जहां, वार्ड पार्षद शोभा देवी, मो साबिर अली, नीतू सिंह निषाद, शारीफ अहमद रंगरेज, इबरार अहमद रजा, जफर इमाम, कृष्ण कुमार यादव, राजीव मेहता, महमूद कुरैशी, उमेश पंडित, अशोक साह, संजय यादव, मुन्ना जयसवाल, नाथून राय आदि थे। इसके पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना किया। यहां पंकज पुजारी ने उनका स्वागत करते हुए पूजा का विधान संपन्न कराते हुए माता का आशीर्वाद चुनरी और प्रसाद प्रदान किया।

# तख्त साहिब में गुरु अंगद देव जी के प्रकाश पर्व पर धार्मिक आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में द्वितीय गुरु श्री अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर धार्मिक आयोजन गुरुवार को दरबार साहिब में किया गया। इसे लेकर विशेष दीवान सजा। दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति के बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी गगनदीप सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। कहा कि गुरु महाराज गुरुमुखी लिपि के प्रवर्त्तक थे। रागी जत्था में भाई बिक्रम सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण, भाई नविंदर सिंह और भाई कविंदर सिंह ने कीर्तन पेश किया। विशेष दीवान की समाप्ति तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के विशेष अरदास के साथ हुआ। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक व संगत शामिल आदि शामिल हो दरबार साहिब में मत्था टेक कथा और कीर्तन का आनंद उठाया इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला।

# केंद्रीय टीम एसजीजीएस अस्पताल पहुंच लिया जायजा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एसूरेंस स्टैंडर्ड) प्रमाणीकरण के लिए केंद्रीय टीम गुरुवार को निरीक्षण के लिए पहुंची। टीम में डॉ दीपक नायक, डॉ एकबाल, डॉ विवेक कुमार और डॉ स्वाति शामिल थीं। अस्पताल पहुंची टीम ने प्रभारी अधीक्षक डॉ आरिफ अब्दुल्ला व अस्पताल प्रबंधक शब्बीर खान से मरीजों के गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए उपलब्ध संसाधन व सुविधओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एसएनसीयू, इमरजेंसी, लेबर रूम, ओटी, पैथोलॉजी, ओपीडी आदि का निरीक्षण किया और मौजूद चिकित्सा एवं नर्सिंग स्टाफ से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने वहां की व्यवस्था और उपलब्ध संसाधन को भी देखा। प्रभारी अधीक्षक डॉ आरिफ अब्दुल्ला ने बताया कि केंद्रीय टीम अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए प्रमाणीकरण प्रमाणपत्र निर्गत करेगी। इसकी को लेकर यह निरीक्षण किया गया है।

केंद्रीय टीम एसजीजीएस अस्पताल पहुंच लिया जायजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एसूरेंस स्टैंडर्ड) प्रमाणीकरण के लिए केंद्रीय टीम गुरुवार को निरीक्षण के लिए पहुंची। टीम में डॉ दीपक नायक, डॉ एकबाल, डॉ विवेक कुमार और डॉ स्वाति शामिल थीं। अस्पताल पहुंची टीम ने प्रभारी अधीक्षक डॉ आरिफ अब्दुल्ला व अस्पताल प्रबंधक शब्बीर खान से मरीजों के गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए उपलब्ध संसाधन व सुविधओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एसएनसीयू, इमरजेंसी, लेबर रूम, ओटी, पैथोलॉजी, ओपीडी आदि का निरीक्षण किया और मौजूद चिकित्सा एवं नर्सिंग स्टाफ से जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान टीम ने वहां की व्यवस्था और उपलब्ध संसाधन को भी देखा। प्रभारी अधीक्षक डॉ आरिफ अब्दुल्ला ने बताया कि केंद्रीय टीम अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए प्रमाणीकरण प्रमाणपत्र निर्गत करेगी। इसकी को लेकर यह निरीक्षण किया गया है।

# पटना में किलकारी बॉल बैडमिंटन प्रीमियर लीग 11 से

पटना :- गोपाल विद्यार्थी किलकारी बिहार बाल भवन, पटना के तत्वावधान में प्रथम किलकारी बॉल बैडमिंटन प्रीमियर लीग का आयोजन 11 से 13 मई तक किलकारी स्थित बॉल बैडमिंटन कोर्ट पर किया जायेगा। जिसमें फाइव्स व युगल स्पधाएं आयोजित किये जायेंगे। उक्त बाबत जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि फाइव्स स्पर्धा में 8 टीमों को खेलने की अनुमति दी गयी है जबकि युगल बालक में 4 टीमों व मिश्रित युगल स्पधाओं में 6 टीमों को खेलने की अनुमति दी गयी है। इस बॉल बैडमिंटन प्रीमियर लीग को सफल बनाने के लिए किलकारी के बॉल बैडमिंटन प्रशिक्षक राहुल कुमार के देखरेख में तैयारियां जोर - शोर से की जा रही है। प्रीमियर लीग के मैचों के आयोजन सुबह 6.30 बजे से 11 बजे तक व शाम 3 बजे से 6 बजे तक किया जायेगा।

# पित्रोदा ने भारत को किया शर्मसार व सोनिया, राहुल चुप क्यों? : रविशंकर

## कहा- सैम पित्रोदा के बयान का इंडिया गठबंधन के नेताओं का मौन समर्थन

● एनडीए सांस्कृतिक एकता और भौगोलिक एकता की पक्षधर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने आज सैम पित्रोदा के भारत को लेकर की गई नस्लीय टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि सैम पित्रोदा के बयान दिए एक दिन हो गए लेकिन सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी , लालू यादव सहित सभी विपक्षी पार्टियों के तमाम नेता चुप क्यों हैं? उन्होंने कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा ने भारत को शर्मसार किया है। भारत को लेकर नस्लीय टिप्पणी की गई है। भाजपा मीडिया सेंटर में गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने केवल चुपचाप सैम पित्रोदा का इस्तीफा ले लिया। साफ लहजे में उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान का इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं का मौन समर्थन है। इस मामले पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सब चुप है। बस आपने इस्तीफा लिया क्यों आपने उनकी निंदा भी की? श्री प्रसाद ने आगे कहा कि सैम पित्रोदा राजीव गांधी और राहुल गांधी के सलाहकार हैं। गांधी परिवार के सदस्य भी हैं और जिस तरीके का बयान उन्होंने दिया है उसे पूरा देश शर्मसार है और इसका जवाब कांग्रेस अभी तक क्यों नहीं दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक है। यहां की सांस्कृतिक इतिहास को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के नारायण गुरु, करुणानिधि पूर्व में कामाख्या मंदिर क्या है? पोरबंदर में महात्मा गांधी का जन्म हुआ क्या वे अरबी हैं? श्री प्रसाद ने कहा कि पित्रोदा के बयान देने का मतलब क्या है। यह गैर जिम्मेदार बयान भारत का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के भारत को बदनाम करने वाली टिप्पणी पर नेताओं का मौन रहना बेचैन करने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा, एनडीए सांस्कृतिक एकता और भौगोलिक एकता की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के गुरु ह्युगुरुघण्टाल है और उन्हें जो सिखाते हैं वही सीखते हैं। यही कारण है कि राहुल गांधी ने विरासत टैक्स लगाने की बात कही। श्री प्रसाद ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता आतंकवादी कसाब के विषय में भी कहते हैं कि उसने हेमंत करकरे को नहीं मारा, जबकि कसाब को फांसी हो गयी। उन्होंने कहा कि चुनाव यहां है और उनके जीतने का जश्न पाकिस्तान में मन रहा है। हालांकि ये जीत नहीं रहे और पाकिस्तान जीत के जश्न का खोखला दावा कर रहा। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, सुमित शशांक, पीयूष शर्मा उपस्थित रहे।

# जदयू के पूर्व सांसद रंजन यादव राजद में हुए शामिल

● बोलें-राजद हमारा पुराना घर है, पाटलिपुत्रा में इस बार लालटेन जलेगा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



जदयू के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद डॉ रंजन प्रसाद यादव गुरूवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्हें पार्टी का प्रतीक चिन्ह वाला गमछा, सदस्यता रसीद और गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ रंजन प्रसाद यादव ने कहा कि राजद हमारा पुराना घर है। और हममें और लालू जी में कोई अन्तर नहीं रहता था और हमदोनों मिलकर सामाजिक न्याय और गरीब गुरबों के संघर्ष को मजबूती प्रदान करते रहे। जहां लालू जी पूरे देश में गरीब, पिछड़ा, दलित, अकलियत के बीच अपनी पहचान के साथ लोगों को न्याय देने के प्रति संकल्पित रहें वहीं हमने संगठन के माध्यम से उनके कार्यक्रमों को देश स्तर तक कराने का कार्य किया। कहा कि पाटलिपुत्रा लोकसभा में इस बार लालटेन जलेगा। क्योंकि तेजस्वी के कार्यों को हर लोग पसंद कर रहे हैं। इस मौके पर मनोज कुमार झा ने कहा कि डॉ रंजन प्रसाद यादव हम सबके अभिभावक हैं और मुझे खुशी है कि अभिभावक का स्नेह और प्यार पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को मिलेगा और इससे कार्यकर्ता साथी उजार्वान होंगे। इनके साथ मुख्य रूप से पंकज कुमार सिंह, निरज कुशवाहा, अरविन्द कुमार यादव, शौकत अली रिजवी, रवि रंजन, अरविन्द कुमार यादव, ई पप्पु कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। ज्ञात हो कि इससे पूर्व कल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव से मिलकर डॉ रंजन प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने का फैसला लिया था। इस अवसर पर राजद के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# मोदी-नीतीश की जोड़ी ने जनसेवा को अपने जीवन का बनाया संकल्प : उमेश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा गुरूवार को जहानाबाद लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी एवं पाटिलपुत्र लोकसभा से रामकृपाल यादव के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में शामिल हुए। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि पहले 3 चरणों के चुनाव में जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद विपक्ष पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। राजद-कांग्रेस की ओर से लगातार संविधान और आरक्षण के नाम पर जनता को भ्रमित करने का खेल चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार समेत पूरे देश की जनता केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में हुए अनगिनत विकास के काम हमारे गठबंधन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक ओर वे हैं जिन्हें केवल अपना परिवार हित दिखाई देता है वहीं दूसरी ओर नरेन्द्र मोदी और श्री नीतीश कुमार के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है और जनसेवा को इन्होंने अपने जीवन का संकल्प बनाया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि 2005 से पहले का बिहार और आज के बिहार का फर्क किसी से छिपा हुआ नहीं है। लालू-राबड़ी की तत्कालीन सरकार में बड़े-बड़े अधिकारी और नेता भी सुरक्षित नहीं थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ना सिर्फ बिहार को जंगलराज और गुंडाराज से मुक्त कराया बल्कि बीते 18 वर्षों में उन्होंने विकास की अमिट लकीर खींचने का भी काम किए हैं। लोकसभा का यह चुनाव सीधे तौर पर परिवारतंत्र बनाम लोकतंत्र और विकास बनाम विनाश की है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार में जाति, धर्म, लिंग और क्षेत्र के भेदभाव के बिना समावेशी विकास के काम हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी बिहार में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से बिहार में जातिगत गणना का काम पूरा हुआ और उसके आंकड़ों के अनुरूप 75 फीसदी तक आरक्षण दायरा भी बढ़ाया गया है। साथ ही आर्थिक रूप से पिछड़े सभी वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है।

# देश की कीमत पर सत्ता सुख चाहता है विपक्ष : विजय

● मोदी के नेतृत्व में विभाजनकारी ताकतों का सर्जिकल स्ट्राइक होगा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत विरोधी ताकतें देश में इंडी गठबंधन की सरकार चाहती हैं। क्योंकि उन्हें पता है प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के रहते उनके मंसूबों का सर्जिकल स्ट्राइक हो जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि कल राहुल गांधी के अंकल सैम भारत के लोगों के बारे में नस्लीय टिप्पणी की, आज भारत पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाला पाकिस्तान का पूर्व मंत्री खुद को राहुल गांधी, केजरीवाल और ममता बनर्जी का प्रशंसक बता रहा है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि इंडी गठबंधन परिवारवादी शहजादों और प्यादों की पिटी हुई फौज है, जिसे हर कीमत पर सत्ता का सुख चाहिए ,इसके लिए ये हर किस्म के विभाजनकारी हथकंडे अपनाने में लगे हैं । देश के अंदर कभी इनके नेता धारा 370 को फिर से लागू करने की बात करते हैं तो कभी वोट जिहाद की अपील करते हैं, तो कभी मुस्लिम आरक्षण देने का वादा करते हैं। अब जब इनकी मांगों जनता ने सिरे से नकार दिया है तब ये लोग देश के बाहर बैठे अपने भारत विरोधी दोस्तों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी की सरकार संतुष्टिकरण के संकल्प को लेकर गरीब, युवा, महिला और किसानों के कल्याण के साथ देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटी है । जब 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा मुहैया कराई गई, 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्त किया गया या 4 करोड़ नए मकान बनवाए गए तो कहीं भी लाभार्थियों की जाति, नस्ल या उनका धर्म नहीं पूछा गया। मोदी जी सभी 140 करोड़ देशवासियों को परिवार मानकर उनके प्रधानसेवक बनकर लोगों की सेवा में जुटे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि 4 जून को मोदी जी के समर्थन में जनता की आंधी में इंडी गठबंधन की चुनावी राजनीति का तो सफाया हो ही जाएगा, लेकिन देश की सुरक्षा और संप्रभुता की कीमत पर सत्ता में आने की इनकी सोच भारत के लिए घातक है। इस सोच पर रोक लगाने की जरूरत है।

# राजद ने नहीं दिया किसी को आरक्षण : राजीव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि राजद के नेता आरक्षण पर सिर्फ झूठ बोलकर हल्ला मचाते हैं जबकि सच्चाई यह है कि इनके 15 वर्षों में राज में न तो जातियों की किसी प्रकार की गणना हुई, न ही इन्होंने पहले से चले आ रहे आरक्षण में कोई बढ़ोतरी की और न ही किसी न ही किसी खास को वर्ग को अपनी तरफ से आरक्षण दिया। यहां तक कि इनके राज में जमीन के बदले सरकारी नौकरियां देने के चलन की वजह से आम लोगों को पहले से चले आ रहे आरक्षण का लाभ भी ढंग से नहीं मिला। हकीकत में इनके लिए आरक्षण हमेशा से केवल जनता को बहकाने और उनके वोटों की खेती करने का औजार भर रहा है। तथ्य देते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में कपूर्री ठाकुर जी पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने सर्वाधिक जनसंख्या वाले पिछड़े/अतिपिछड़े समाज और महिलाओं और गरीब सवर्णों को सशक्त करने के लिए उन्हें कुल 26 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दिया। वहीं नीतीश कुमार ने इसे बढ़ाकर आज 75 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश राज में मिली आरक्षण की ताकत गरीबों व महिलाओं का जबर्दस्त सशक्तिकरण हुआ है। इसी वजह से बिहार के दलित-पिछड़े-अतिपिछड़े आदि आज नीतीश सरकार के साथ खड़े हैं। इसी वजह से राजद के युवराज और उनके पिता आज इन वर्गों से चिढ़े हुए हैं। उन्हें लगता है कि अगर यह लोग आज कमजोर रहते तो लालू परिवार आज भी सत्ता रहता। यही वजह है कि लालू-तेजस्वी आज इस आरक्षण को छीनने और घटाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हकीकत में लालू परिवार की निगाह में बिहार के गरीब-गुरबों का वजूद वोटबैंक से अधिक नहीं है। यह लोग आज भी इन्हें दबा कर अपने परिवार की जमींदारी बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं।

# इंडी गठबंधन का कोई लक्ष्य नहीं है : मधुरेन्द्र



पटना। जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ.मधुरेंदु पांडेय व पल्लवी पटेल ने इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन बिना कप्तान के चलता हुआ शिप है। जिसका कोई लक्ष्य या मंजिल तय नहीं है। ऐसे शिप का क्या ह्रश्र होता है जनता बखूबी जानती है। पांडेय ने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद यह इंडी गठबंधन नामक जलयान जलसमाधि ले लेगी। पांडेय ने कहा की विरासत में मिली हुई सियासत के लोगों से बनी इंडी गठबंधन पर देश की जनता को भरोसा एवं विश्वास नहीं है। कहा कि इस गठबंधन में भ्रष्टाचारियों एवं अपराधियों का तत्कालीन जमावड़ा है। जिससे देश को बहुत भारी खतरा है। इंडी गठबंधन से देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा पर खतरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद शासन काल में जंगलराज था। कानून और विधि व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। युवा वर्ग कलम छोड़ हथियार उठाना सीख गए थे। नरसंहार से बिहार की धरती लाल हो गई थी। जनमानस में भय व्याप्त था। राजनीति में अपराधीकरण चरम पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि फिर से देश में भय, भूख और भ्रष्टाचार और बिहार में जंगलराज की पुनरावृति न हो तथा अपने बेहतर भविष्य के लिए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के गठन हेतु निसंकोच एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का काम करें। पांडेय ने कहा की बिहार में अमन चैन और सर्वांगीण विकास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बेहतर शासन और सुशासन की देन है।

# नरसंहार को आज भी नहीं भूल पाया दलित समुदाय : हिमराज

पटना। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि चुनाव के समय लालू प्रसाद को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जातियों की याद आती है लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं वो दलितों को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान दलितों के खिलाफ हुई हिंसा और नरसंहार को आज तक दलित समुदाय भुला नहीं पाया है। जदयू प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री हिमराज राम ने कहा कि दलितों के विकास का झूठा दावा करने वाले लालू प्रसाद के शासनकाल में अनुसूचित जाति और जनजाति विभाग का बजट महज 48 करोड़ हुआ करता था जबकि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में ये बजट करीब 21 सौ करोड़ रुपए का है। उन्होंने कहा कि उनकी ही पार्टी में उदय नारायण चौधरी, श्याम रजक जैसे दलित नेताओं को टिकट नहीं दिया गया जबकि उनके परिवार से उनकी दो बेटियां चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि उनके शासनकाल में कितनी दलित बस्तियों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया? आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में खासकर दलित बस्तियों का खासा विकास हुआ है और उनकी सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर दलित समुदाय के लोग आत्मनिर्भर हो रहे हैं। किया। इस दौरान पार्टी की मीडिया पैनलिस्ट प्रतिभा सिंह भी उपस्थित रहीं।

# राजद का थीम सॉन्ग 'तेजस्वी है तो ताकत है' जारी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने पार्टी का थीम सांग तेजस्वी है तो ताकत है जारी किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुद्दों की बात नहीं करते हैं सिर्फ लोगों के बीच झूठ परोसने का काम करते हैं। अगर इनके चुनावी सभा में झूठ पकड़ने वाली मशीन लगा दिया जाये तो मशीन काम करना बंद कर देगा। प्रधानमंत्री देश के नौजवानों के नौकरी, रोजगार, महंगाई, मणिपुर और गरीबों की बात नहीं करते हैं वो मटन और मछली की बात करके लोगों को भरमाना चाहते हैं। आगे कहा कि देश में नफरत फैलाने का फसल बोया जा रहा है और लोगों को नौकरी और रोजगार से दूर किया जा रहा है। आज नौकरियों और आरक्षण को समाप्त करने के लिए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर के संविधानिक व्यवस्था को बदलने की बात भाजपा नेताओं के स्तर से की जा रही है और इस मामले पर प्रधानमंत्री जी चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसे लोग जो बंच ऑफ थॉट्स की राजनीति को मजबूती प्रदान करना चाहते हैं वो बौखलाहट में अंट-संट बातें कर रहे हैं जो कहीं से भी उचित नहीं है। प्रधानमंत्री वैसी बात आप अपने उद्योगपति मित्र के बारे में कह रहे हैं तो इस संबंध में जब सब पता है तो कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। झूठ फैलाकर राजनीति की जा रही है। इस अवसर पर राजद के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, मो अफरोज आलम सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# पटना साहिब की जनता हवाई नेता नहीं अपना बेटा चुनेगी : अंशुल



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना साहिब की जनता भाजपा के हवाई नेताओं से परेशान हो चुकी है, इसीलिए इस बार जनता, नेता नहीं अपना बेटा चुनेगी। मैं पटना साहिब का बेटा हूं, मेरे नाना बाबू जगजीवन राम जी स्वतंत्रता सेनानी थे, वे उपप्रधानमंत्री रहे। दादी सुमित्रा देवी जी बिहार की पहली महिला कैबिनेट मंत्री थीं, जिन्होंने पटना में मौर्य लोक का निर्माण कराया, पटना को आधुनिक शहर बनाया और मेरी मां मीरा कुमार जी कैबिनेट मंत्री और लोकसभा की स्पीकर रहीं, जिन्होंने बिहार की सेवा की। मेरी पृष्ठभूमि सेवा और देशभक्ति की है। उक्त बातें पटना साहिब से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अंशुल अविजित कुशवाहा ने मीडिया से कही। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने बख्तियारपुर विधानसभा के जगदम्बा स्थान करोटा और मोहम्मदपुर में सघन जनसंपर्क किया। अंशुल अविजित ने पटना साहिब के अगमकुआं स्थित ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर में मां का आशीर्वाद लेकर जनता की खुशहाली की कामना की, इसके बाद वे नून का चौराहा स्थित रविदास मंदिर के दर्शन किए और समाज के लोगों से मुलाकात की। पटना साहिब के सरस्वती वाटिका लोदी कटरा में इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं की बैठक को संबोधित किया और कहा कि इंडिया गठबंधन यह चुनाव जीत रहा है, हमें साथ मिलकर अपने मुद्दों को जनता के बीच मजबूती से पहुंचाना है।

# कई दल के नेताओं ने थामा राजद का दामन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के समक्ष गुरूवार को जनता दल यू के प्रदेश महासचिव ई सुरेश कुमार, बक्सर जिला उपाध्यक्ष कमलेश बारी, सुनील कुमार, अशोक कुमार यादव, दीपक कुमार, जिला महासचिव रमण नारायण, प्रहलाद राजभर, जिला सचिव संतोष वर्मा, सत्येन्द्र कुमार राम, सिमरी प्रखंड अध्यक्ष अप्पू यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में बक्सर जिला जनता दल यू के नेतागण आज राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि भाजपा के विचारों में अपने को विलिन करने वाली जनता दल यू के नेता और कार्यकर्ता इस निर्णय से नाखुश हैं और इनसभी का कहना है कि जो पार्टी और नेता विचारों पर टिके नहीं रहते हैं उनके साथ समाज के बीच में काम करना मुश्किल और कठिन है और पार्टी के इस निर्णय के खिलाफ सभी ने लालू प्रसाद के सामाजिक न्याय और तेजस्वी प्रसाद यादव के आर्थिक न्याय और विचारों तथा उनके कार्यों के प्रति विश्वास प्रकट करते हुए राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने का फैसला लिया। इन सभी साथियों को पार्टी का प्रतिक चिन्ह वाला गमछा, सदस्यता रसीद के साथ गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव मेंहदी हसन, प्रदुम्न राय, अशोक कुमार गुप्ता की उपस्थित थे।

# तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहें मोदी : चिराग

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



लोक जनशक्ति पार्टी रामबिलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि आप सब जानते हैं देश में तीन चरण का मतदान हो चुका है, और इस तीन चरण मतदान के बाद एक बात स्पष्ट है कि जब 4 जून को ईवीएम मशीन खुलेगी तो हमारा मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। श्री चिराग गुरूवार को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में एनडीए पाटलिपुत्र प्रत्याशी राम कृपाल यादव के नामांकन सभा को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कहा कि रामकृपाल यादव से बेहतर और कोई नहीं हो सकता है पाटलिपुत्र की जनता के लिए। उन्होंने आप लोगों के लिए पिछले 10 सालों में ईमानदार प्रयास किया है। अपने क्षेत्र के विकास को लेकर ,उन्होंने दिन-रात ईमानदारी से आपके बीच रहने का काम किया। दिन-रात प्रयासरत रहते हैं कि कैसे क्षेत्र का विकास हो। जब रामकृपाल यादव जीतेंगे तो हमारे देश के प्रधानमंत्री तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के शपथ लेगें। वहीं दूसरी ओर चिराग पासवान ने जहानाबाद से एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में जहानाबाद गांधी मैदान में विशाल नामांकन सभा को संबोधित किया। तो वहीं श्री चिराग ने उजियारपुर एनडीए प्रत्याशी एवं वर्तमान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में उच्च विद्यालय मोहददीनगर में विशाल जनसभा को संबोधित कर नित्यानंद राय को जनता से अपार बहुमत से जीतने का आग्रह किया। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# आकर्षण का केन्द्र बना खादी मॉल का मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट

## मैथिली ठाकुर ने किया सेल्फी पॉइंट का उदघाटन, फोटो खिंचाने के लिए लगी भीड़

● मैथिली ठाकुर ने किया आह्वान, जरूर करें मतदान

पटना, प्रात: किरण संवाददाता




बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा बिहार के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक बहुत ही खुबसूरत सेल्फी प्वाईंट का निर्माण खादी मॉल परिसर में कराया गया है जिसका उद्घाटन बिहार खादी, हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट की ब्रांड एम्बेसडर तथा निर्वाचन आयोग की राज्य स्तरीय स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर तथा निर्वाचन आयोग मतदाता जागरूकता अभियान की पटना जिला स्वीप आइकॉन डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने किया। मौके पर पटना के जिला जनसंपर्क अधिकारी और स्वीप कोषांग के प्रभारी लोकेश कुमार झा तथा बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए मैथिली ठाकुर ने कहा कि वह खुद बिहार राज्य के मधुबनी निर्वाचन क्षेत्र की पंजीकृत मतदाता हैं। इस बार पहली बार लोक सभा चुनाव में वोट देने का अवसर मिल रहा है जिसे लेकर वह बहुत ही उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं की अहमियत सबसे ज्यादा होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद चुनाव परिणामों पर आधारित है। लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी हर व्यक्ति पर है। एक-एक बूंद के मिलने से समुद्र बनता है। एक-एक मत उम्मीदवारों की जीत और हार तय करते हैं। यह सोच कि मेरे वोट से कोई फर्क नहीं पड़ता, गलत है। सच तो यह है कि हर मत कीमती है और हर वोट महत्वपूर्ण है। कई बार एक या दो वोटों के अन्तर से भी जीत हार का फैसला होता है। इसलिए मतदान करने के अवश्य जाएँ। लोक गायिका एवं स्वीप आइकॉन नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया का सही एवं पारदर्शी तरीके से संचालन निर्वाचन आयोग द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। लेकिन मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र और देश की मजबूती के लिए मतदान केन्द्र पर जाए और मतदान करें। मतदान करना गौरव की बात है। मतदान महादान होता है और साथ ही यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार भी है। जिला जनसंपर्क अधिकारी लोकेश कुमार झा ने कहा कि मतदान केन्द्रों की जानकारी,इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आदि के संबंध में पूरी जानकारी पटना जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। इस संबंध में 1950 पर फोन करके भी जरूरी जानकारी हासिल की जा सकती है। मतदाता जागरूकता अभियान सेल्फी प्वाईंट के उद्घाटन के अवसर पर खादी मॉल के प्रबंधक रमेश कुमार, अभय कुमार सिंह, राजीव कुमार शर्मा, काजल कुमारी, प्रियंका सिंह, सैयद अजमत अब्बास रिजवी एवं रमेश ठाकुर आदि मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद सेल्फी प्वाईंट पर मैथिली ठाकुर के साथ सेल्फी लेने के लोगों की लम्बी लाईन लग गई। मैथिली ठाकुर ने सभी से मतदान जरूर करने का आश्वासन लेते हुए सेल्फी खिंचाई।

# कांग्रेस दोहरे चरित्र की पार्टी : तारकिशोर

पटना। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस दोहरे चरित्र वाली पार्टी है। उनके नेता द्वारा भारत के लोगों के विरूद्ध की गयी नस्लवादी टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भारत के उत्तर और दक्षिणी राज्यों के लोगों पर त्वचा के रंग के आधार पर इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी को देश के लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी को अविलंब माफी मांगनी चाहिए। श्री प्रसाद ने कहा कि त्वचा के रंग के आधार पर ऐसे आपत्तिजनक बयान से कांग्रेस का दोहरा चरित्र बेनकाब हो गया है। भाजपा ने तो शुरू से कहा है कि कांग्रेस ने भारत के स्वाभिमान और सामर्थ्य दोनों को हर कालखंड में क्षति पहुंचायी है। इनके खाने के दांत और दिखाने के दांत अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा कि कभी यह मुस्लिम आरक्षण की बात करके सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश करते हैं, वहीं आज भारतवासियों के त्वचा के रंग पर आपत्तिजनक उदाहरण देकर भारतवंशियों को नीचा दिखाने का घृणित काम किया है। भारत की जनता कांग्रेस पार्टी और इन्डी गठबंधन के तथाकथित नेताओं की असलियत को अब जान चुकी है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और इन्डी गठबंधन का सफाया हो जाएगा।

# युग की चेतना को दिशा देने वाले साहित्यकार थे महावीर प्रसाद द्विवेदी

● जयंती पर साहित्य सम्मेलन में दी गई श्रद्धांजलि, प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



अपने युग की साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को दिशा और दृष्टि प्रदान करने वाले युग-प्रवर्त्तक साहित्यकार थे महावीर प्रसाद द्विवेदी। हिन्दी भाषा और साहित्य के महान उन्नायकों में उन्हें आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके विपुल साहित्यिक अवदान के कारण ही, उनके साधना-काल को, हिन्दी साहित्य के इतिहास में द्विवेदी-युग के रूप में जाना जाता है। वे एक महान स्वतंत्रता-सेनानी, कवि, पत्रकार और समालोचक थे। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आचार्य द्विवेदी की 160वीं जयन्ती पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने यह बातें कहीं। डा सुलभ ने कहा कि, आधुनिक हिन्दी को, यदि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अंगुली पकड़ कर चलना सिखाया तो यह कहा जा सकता है कि द्विवेदी जी के काल में वह जवान हुई। आधुनिक हिन्दी, जिसे खड़ी बोली भी कहा गया, को गढ़ने में असंदिग्ध रूप से आचार्य द्विवेदी का अद्वितीय अवदान है। सम्मेलन में महाकवि काशीनाथ पाण्डेय और डा रवीन्द्र राजहंस को भी स्मृति-दिवस पर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

समारोह के उद्घाटन कर्त्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डा सी पी ठाकुर ने महाकवि को बिहार की साहित्यिक धरोहर बताते हुए कहा कि पाण्डेय जी ने हिन्दी काव्य में अनेकानेक भाषाओं के शब्दों से समृद्ध किया। डा राजहंस को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि, रवीन्द्र जी अंग्रेजी के प्राध्यापक किंतु हिन्दी के सेवक थे। उन्होंने अपनी काव्य-रचनाओं से वयंग्य-साहित्य को समृद्ध किया। भारत सरकार ने उन्हें पद्म-अलंकरण से विभूषित किया। जयप्रकाश-आंदोलन में वे अपनी कविता के साथ उतरे थे। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, प्रो सुशील कुमार झा, दीपक ठाकुर, अविनय काशीनाथ पाण्डेय, ई अवध बिहारी सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सम्मेलन द्वारा आयोजित महाकवि काशीनाथ स्मृति गायन, व्याख्यान एवं काव्य-पाठ प्रतियोगिता के सफल छात्र-छात्राओं को पदक और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अधिक पदक जीतने के कारण इस वर्ष का सकल विजेता हस्तांतरणीय स्मृतिका पाटलिपुत्र विश्व विद्यालय को दिया गया। प्रतियोगिता में, पटना विश्व विद्यालय और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के साथ अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता दी। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता-प्रमाणपत्र दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### बर्षा से अधिकतम तापमान में गिरावट ,मौसम हुआ सुहाना

मुजफ्फरपुर। आज सुबह से झमाझम बारिश हुई जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश ने फिलहाल मौसम को सुहाना बना दिया है।इस बर्षा से आम ,लीची सहित मूंग की फसल को काफी फायदा हुआ है। पिछले 24घंटे में 17.2मिमी बारिश हुई है। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 25..7डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दक्षिणी हवा की गति 6किमी प्रति घंटा रही।

### फर्जी प्रेस व पुलिस लिखा वाहन पर होगी कार्रवाई : एसडीपीओ

बेनीपुर(दरभंगा)। चुनावी मौसम में बेनीपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई वाहन पर फर्जी तरीके से प्रेस लिख पुलिस चेकिंग से बचने में लोग लगे हैं। इसमें कामयाबी भी वाहन चालकों को मिल रहा है। जानकार बताते हैं कि किसी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बगैर अधिकृत रूप से जुड़े कई लोग अपने-अपने चार चक्का एवं बाइक पर प्रेस लिखकर बेहिचक चल रहे हैं। इसके अलावा कुछ लोग अपनी वाहन पर पुलिस, सैनिक, जाति सूचक शब्द लिखा कर चल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस प्रेस एवं पुलिस लिखी वाहन को सही तरीके से जांच करें, तो अधिकांश वाहन पर प्रेस व पुलिस लिखा फर्जी निकलेगा। पुलिस को जांच के दौरान प्रेस लिखा फर्जी वाहन वाले से कवरेज और अधिकृत पत्र की जांच करेंगे, तो असलियत सामने आएगी। बताया जाता है कि मोटर व्हाइकल नियम के अनुसार किसी भी वाहन पर गाड़ी नंबर छोड़कर कोई अन्य चीज लिखाना वर्जित है, फिर भी लोग नियम का उल्लंघन कर यह कीर्त करते हैं। इस संबंध में पूछने पर बेनीपुर एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि इस तरह के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस चुनाव में जहां-जहां जांच कर रही है, वहां इस तरह के वाहन की गहन जांच करने का आदेश दिया जाएगा।

### पीएचसी में 130 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

रामगढ़वा ।राष्ट्रीय सागर गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत रामगढ़वा पीएचसी में गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकत्सा प्रभारी डा एन डी सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने 9 तारीख को आयोजित किया जाता है।इन्होंने बताया कि एक सौ तीस गर्भवती महिलाओं की जांच कर इनके बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मुख्य रूप से बीपी ,सुगर, हीमोग्लोबिन सहित कई प्रकार की जांच की गई। इस अभियान को लेकर पीएचसी में ग्रामीण क्षेत्र की भारी संख्या में महिलाएं आई हुई थी।गर्भवती महिलाओं की सर्वाधिक समस्या हिमोग्लोबिन को लेकर होती है। इसलिए सभी महिलाओं को आयरन एवम फोलिक एसिड की गोली दी गई।मौके पर डॉ अरविंद कुमार ,नोडल अधिकारी डॉ प्रहस्त कुमार,आयुष डाक्टर बीएम पाल ब्रजेश ओझा, इत्यादि कर्मी उपस्थित थे।

### बरगद का पेड़ गिरने से चार घर हुआ.क्षतिग्रस्त

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बरहेता पंचायत के वार्ड दस में आंधी वर्षा में गुरुवार की एक बरगद का पेड़ भट्ठी चोक पर गिर जाने से चार घर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पड़े गिरने सड़क जाम के साथ एक बिजली का पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक बरगद का पेड़ काटकर सड़क जाम समाप्त कराया गया। सड़क जाम करीब लोगों के मुताबिक आधे घंटे तक रही। बरगद का पेड़ गिरने से महादलित बस्ती में फूस का घर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें दिनेश मलिक, राजू मलिक, कुंदन मलिक, रामदरस मलिक का घर बरगद के पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बिजली भी प्रभावित हो गया। वहीं सीओ शशि रंजन कुमार ने बताया कि जांचो उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### बीएलओ की हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के पंचायत समिति सभागार में बीडीओ देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को देखते हुए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र के बीएलओ को मतदान के दिन व मतदान दिन के पूर्व की तैयारी के संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से प्रशिक्षण एवं निर्देश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे, मतदान केंद्र पर मतदाता को अपने मतदान केंद्र चिन्हित एवं उसमें लाइन में लगने के लिए उनका सहयोग करेंगे, उनके पास अपडेटेड वोटर लिस्ट एवं अल्फाबेटिकल ऑर्डर वाला वोटर लिस्ट रहेगा ताकि मतदाता के क्रम संख्या को खोजने एवं उनको बताने में सहूलियत हो। मतदान केंद्रों पर पीने के पानी का व्यवस्था एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश बैठक में दिया गया।

# रोजगार व विकास के लिए करें वोट, उजियारपुर से चुनाव आलोक नहीं मैं लड़ रहा हूं : तेजस्वी

- विभूतिपुर के तरुणियां मैदान में चुनावी जनसभा के किया संबोधित
- जन-सैलाब में युवा-युवतियों और महिलाओं समेत वृद्धों व बच्चों से पट गया मैदान, सड़कों पर भी रही जाम की स्थिति



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के लोगों ने केवल झूठ बोला है। बिहार के लिए कोई काम नहीं किया है। बिहार के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है। भाजपा वाले हिन्दू-मुसलमान करेंगे। उसके चक्कर में नहीं पड़ना है। हम लोग नौकरी और रोजगार की बात करते हैं। लेकिन, भाजपा के नेता और सांसद दिन-रात हम लोगों को गाली देने में लगे रहते हैं। अपने संबोधन में कहा कि तेजस्वी यादव डरने वाला नहीं है। आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आए हैं। यहां जन-सैलाब उमड़ने का मतलब यही है कि उजियारपुर में लालटेन जलेगा। वे विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तरुणियां मैदान में गुरुवार को इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से आलोक कुमार मेहता नहीं बल्कि तेजस्वी चुनाव लड़ रहा है। अभी जनता की मूल समस्या गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी है। इस पर बात होनी चाहिए। उन्होंने एक-एक वोट लालटेन के सामने वाला बटन दबाकर आलोक मेहता को भारी मतों से जीताने की अपील की। युवाओं की ओर इशारा करते हुए चुपचाप लालटेन छाप का नारा लगाया। वहीं सन आफ मल्लाह सह वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वजों ने पौने दो सौ वर्षों तक लड़ाई लड़ी तब देश आजाद हुआ। आजादी के बाद बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान और लोकतंत्र दिया। आज यह संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने उनके विधायक को खरीद लिया। यह चुनाव इसलिए खास है क्योंकि, अगर संविधान नहीं होता तो एक मल्लाह का बेटा सीना चौड़ा करके आप लोगों के बीच इस मंच पर नहीं होता। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह करते हुए लोगों के बीच जाकर एक-एक वोट आलोक कुमार मेहता को दिलाने की अपील की। सभा को प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता, विधान पार्षद कारी सोहेब, स्थानीय माकपा विधायक अजय कुमार, पूर्व विधायक मंजू प्रकाश, मुजफ्फरपुर विधायक विरेंद्र चौधरी, सुपौल विधायक चन्द्रहास चौपाल, हसनपुर के पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम, मुजफ्फर राही, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी, पंसस ममता कुमारी, पूर्व मुखिया अमरेश प्रसाद सिंह, माले प्रखंड सचिव अजय कुमार, भाकपा प्रखंड सचिव विनोद कुमार विनय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर, माकपा अंचल सचिव श्याम किशोर कमल, नीलम देवी, श्याम किशोर कुशवाहा, सत्येन्द्र यादव, गंगा प्रसाद यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश्वर महतो ने की। संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार यादव ने किया। इस दौरान महमदपुर सकड़ा पंचायत के मुखिया पति राजेश कुमार झा ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, दिए महत्वपूर्ण निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक शिव प्रसाद नकाते ने बुधवार को मुजफ्फरपुर के कांटी का भ्रमण कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण, चेकपोस्ट का निरीक्षण तथा कांटी प्रखंड कार्यालय में सेक्टर पदाधिकारी एवं अन्य स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया। सामान्य प्रेक्षक ने कांटी स्थित स्थानीय दो मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। डी पी गुप्ता राधिका देवी बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय कांटी मुजफ्फरपुर तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकुराहा खड़गी के मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सुविधा का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय नागरिक से चुनाव संबंधी आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही कांटी स्थित एक स्टैटिक चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया। चेकपोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी द्वारा वाहनों की सघन जांच जारी था। तत्पश्चात प्रेक्षक ने कांटी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचल अधिकारी , सेक्टर पदाधिकारी सहित मतदान से जुड़े कई अन्य अधिकारियों/ कर्मियों के साथ बैठक की । सेक्टर पदाधिकारी को मतदान केंद्रो का भ्रमण कर एएमएफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने, लो वोटर टर्नआउट वाले मतदान केंद्रो पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने, मतदाताओं में विश्वास बहाली करने, भ्रमणशील रहने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयरहित चुनाव संपन्न कराने हेतु आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप अपना अपना दायित्व सुनिश्चित करने को कहा।

## मानसिक स्वास्थ्य विषय पर वेबीनार आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सामाजिक संगठन *प्रयत्न* के द्वारा राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन गूगल मीट आभासी पटेल पर किया गया ।वेबीनार का विषय मानसिक स्वास्थ्यः एक स्वस्थ चर्चा रहा ।वेबिनार के मुख्य वक्ता प्रो0आभा रानी सिन्हा, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, बी आर ए बिहार यूनिवर्सिटी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालनप्रो0 एस0 एन0 पी0 सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं संगठन का परिचय संगठन के संस्थापक प्रभात कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक अर्जुन गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में कहा कि आज कल मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि व्यस्त जीवन में आदमी किसी न किसी बात के कारण मानसिक रुप से परेशान रहता हैं, इस वजह से बड़े बुजुर्ग को युवाओं पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है ।हम प्रयत्न करें कि हमेशा स्वस्थ्य बातचीत करें स्वस्थ विषय पर विचार करें ताकि मानसिक परेशानियों हमसे दूर रहे ।आज के समय में एकल परिवार होने के वजह से व्यक्ति को व्यक्तियों से मिलना जुलना काम हो गया है । युवा पीढ़ी को हमेशा सकारात्मक बातचीत के लिए प्रेरित करना एवं सकारात्मक बातचीत उसके साथ रहना अति आवश्यक है, छात्र-छात्राओं को भी हमेशा किसी भी बात को सकारात्मक दृष्टि में सोचना एवं लेना चाहिए। बच्चों को एक छोटा मित्र मंडली बनाना आवश्यक है, ताकि वह अपनी मन की बात एक दूसरे से कर सके साथ ही आजकल पढ़ाई लिखाई के बोझ या काम के बोझ से लोग इतने दबे होते हैं कि नींद पूरा नहीं कर पाते है, इस वजह से की मानसिक रोग से एक ग्रसित हो रहे हैं अतः नींद प्राप्त हो इस पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । प्रो0 एस0 एन0 पी0 सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि इस तरह की चर्चा युवा पीढ़ी में एवं सामान्य लोगों के बीच करते रहने की आवश्यकता है ताकि हम सब स्वच्छ समाज का निर्माण कर सके और स्वच्छ निर्माण स्वच्छ समाज में स्वच्छ लोग को पा सकें उक्त अवसर पर गोरखपुर से प्रो0 अमृता शाही, लखन लाल प्रसाद, डॉ0 नवनीत शांडिल्य, एडवोकेट संजय कुमार बबलु, शालिनी रंजन, निकिता राज, अनिमेष आनंद, शिवानी कुमारी, अदिति कुमारी, अनिशा कुमारी, अनु कुमारी, ब्यूटी सिंह, गौतम झा, जया झा, मोहम्मद फजल परवीन, पल्लवी कुमारी, प्रज्ञा द्विवेदी, रुकमणी कुमारी, साक्षी तिवारी, सोनू कुमार, सूरज सिंह, विशाल प्रसाद, जितेंद्र कुमार, सुभाष नबी, आकाश प्रधान, विनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, मधु कुमारी, आनंद कुमार, कुणाल कुमार, कमल कुमार गुप्ता, मानसी कुमारी ,नेहा कुमारी, लाल बाबू प्रसाद, सबीना कुमारी, की भूमिका सराहनी रही।

## स्थानान्तरित होने पर एडीजे वन को दी गयी भावभीनी विदाई



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।न्यायालय परिसर में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मिथिला परंपरानुसार एडीजे वन को पाग, चादर से सम्मानित करते हुए न्यायिक पदाधिकारियों एवं न्यायालय कर्मियों ने नम आंखों से विदा किया। कर्मचारियों ने कहा कि उनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। वे अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने के साथ साथ व्यवहार कुशल भी थे। उनके रहते न्यायालय में कई विकास कार्य भी हुए। कर्मचारियों ने विदा करते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की तथा उनके लिए ईश्वर से प्रार्थना भी किया। एडीजी श्री कुमार ने भी सभी कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने का नसीहत देते हुए आशीर्वाद दिया। ज्ञात हो कि उन्होंने 8 अप्रैल 2021 को बेनीपुर में एडीजे का पदभार ग्रहण किया था एवं वर्तमान में उनका स्थानांतरण मुंगेर हुआ है। मौके पर एसीजेएम संगीता रानी, एसडीजेएम प्रमोद रंजन, मुंसिफ सह न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद, नाजिर संतोष कुमार, प्राधिकार सहायक कुमार गौरव, राजकमल झा, शिवम कुमार, निरंजन वर्मा, सुजीत कुमार, कन्हैया, जुगेश, रहमत आदि मौजूद थे।

## भारतीय रेड क्रॉस दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली को डी एम ने किया शुभारम्भ



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारतीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता सह रेड क्रॉस डे मनाने के लिए साइकिल एवं मोटरसाइकिल रैली का शुरूआत कर पूरे दरभंगा शहर में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माउंट समर कान्वेंट स्कूल पोलो मैदान रोड से की गई वहां जितने भी सदस्य गण थे एवं दूसरे संस्था के सदस्य गण खासकर रोटरी क्लब, हॉर्टिकल्चर सोसाइटी , मारवाड़ी महिला सम्मेलन, यूनेस्को क्लब के काफी सक्रिय सदस्य एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य गण अपने-अपने मोटरसाइकिल के साथ एवं एनसीसी के 50 वॉलिंटियर्स एक साथ सड़क पर कतारबद्ध होकर इकठा हुए। कार्यक्रम की अगवाई दरभंगा जिला स्वीप आईकॉन मणिकांत झा ने सभी सदस्यों की हौसला अफजाई के लिए दरभंगा जिला पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी राजीव रोशन ने झंडा दिखाकर इस रैली की शुरूआत की ,साथ ही नेहा कुमारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने भी बच्चों के साथ सदस्यों का उस्ताह्वर्धन की । जिलाधिकारी ने सभी दरभंगा वासियों से अपील किये की मतदान अवश्य करें और सब काम छोड़कर सर्वप्रथम मतदान करें और यहां के प्रतिशत को बढ़ाकर दरभंगा का नाम रोशन करें । उसके बाद रैली समाहरणालय होते हुए लहरिया सराय टावर, लोहिया चौक, नाका नं 6, मौलागंज, नाका नं 5, मिजार्पुर, दरभंगा टावर के बाद सी एम साइंस कॉलेज के पास कृष्णा रेजीडेंसी मे सभा मे तब्दील हुई । मंच का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार एवं तरुण मिश्रा के द्वारा किया गया । राघवेंद्र कुमार ने सभी आगंतुक अतिथियों स्वागत कर मंचासीन किया । और विभिन्न संस्थाओं से आये पदाधिकारिओं का अभिनन्दन किया । मुख्य अतिथि के रूप में मणिकांत झा, गेस्ट ऑफ ऑनर गौरव कुमार यातायात थाना प्रभारी, पवन सुरेका,एवं अनिल कुमार निदेशक एन सी सी उड़ान ,संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की साथ हीं रेड क्रॉस के फाउंडर हेनरी दूनेंट के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पण एवं माल्यार्पण सभी सदयों के द्वारा किया गया । रेड क्रॉस के वाईस चेयरमैन डॉ बी बी शाही ने मचासीन अतिथियों का रेड क्रॉस डे के अवसर पर प्रतिक चिन्ह के साथ मेमेंटो प्रदान किया गया।संयुक्त सचिव अलोक कुमार मुन्ना सिंह, सचिव मनमोहन सरावागी ने सभी लोगो को रेड क्रॉस सोसाइटी के महत्व को समझाया और सभी लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन आतम सराफ ने किया । इस अवसर पर पेट्रान राजेश बोहरा, वंदना वोहरा, लता खेतान, डॉ अल्का द्विवेदी, आयुषी बैरोलिया, डॉ मोना , डॉ गीतेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पासवान, आशीष सराफ, राजी अख्तर, अबूबाकर, फहद, आशीष खेरिया, मुकेश खेतान, मनोज डोकनिआ, अजय कानोड़िया, डॉ गौतम कानोदिया, अशोक पोद्दार, आशुतोष कुमार, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## सुगौली के रघुनाथपुर बाजार की मुख्य सड़क बनी नासूर, दबंगों के अतिक्रमण से अधूरा है सड़क का निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता



सुगौली प्रखण्ड के रघुनाथपुर बाजार में प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण मुख्य सड़क बदहाल हो चुकी है. इस सड़क पर वाहन से जाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. वर्षो से दबंगो के द्वारा अतिक्रमण के बाद बारिश में आमजन को भारी परेशानी का सामना कर पड़ रहा है. हालांकि, अतिक्रमण हटाने को लेकर अतिक्रमणकारियों पर दो बार नोटिस भी किया जा चुका है. बावजूद दबंग अतिक्रमकारी अतिक्रमण हटाने को तैयार नही है. इस कारण मुख्य सड़क मार्ग पर भरे दो-दो फीट पानी के जलभराव की समस्या लोगों के लिए नासूर बनी हुई है. सड़क में बने हुए गहरे गड्ढों के कारण पानी में होकर गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं. लोगों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के विपरीत हाथ पर हाथ धरे बैठा है. जब जलभराव की समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि जलभराव की समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है. उन्होंने कहा कि आए दिन अधिकारी मुख्य सड़क पर भरे हुए पानी से होकर गुजरते हैं, लेकिन प्रशासन जल निकासी के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है.लोगों का कहना है कि सड़क का अतिक्रमण व जलभराव की समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत भी करवाया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है. जिसके कारण लोगों को बाजार में आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयरहित चुनाव सम्पन्न कराने एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी एवं नियंत्रण के निमित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप विकसित किया गया है। इस एप पर शिकायतकर्ता द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की घटना का लाईव फोटो,विडियो एप के माध्यम से भेजा जाता है, जिसका निस्तारण अधिकतम 100 मिनट में किया जाता है।इसके लिए शिकायतकर्ता के पास एंड्रायड मोबाईल, इंटरनेट कनेक्टिवीटी एवं जी.पी.एस. लोकेशन की जरूरत होती है तथा वह प्ले स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत लाईव फोटो और लाईव विडियो अपलोड कर किया जा सकता है। आम नागरिक घटना स्थल के 20 मीटर की परिधि में ली गई फोटो को सी-विजिल पर अपलोड कर सकते हैं। फोटो को अपलोड करने के लिए आम नागरिक के पास 05 मिनट का समय रहता है। अपने मोबाईल की गैलरी से कोई फोटो अपलोड नहीं कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है और एप में पंजीकृत होकर ही शिकायत की जा सकती है। रजिस्टर्ड यूजर के शिकायत करने पर यूजर को शिकायत निवारण के बाद उसकी सूचना भी दी जाती है। शिकायत करने के लिए नाम और मोबाईल नम्बर देना जरूरी नहीं है। सी-विजिल एप पर आप अपनी पहचान छिपाकर भी शिकायत कर सकते हैं, लेंकिन शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाईल नम्बर देता है तो एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। सी-विजिल एप जागरूक लोगों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और एस.एस.टी./एफ.एस.टी. से जोड़ता है। फील्ड यूनिट के अधिकारी द्वारा मामले की सत्यता की जांच कर अधिकतम 100 मिनट के अंदर मामले का निष्पादन किया जाता है। इस प्रकार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयरहित चुनाव सम्पन्न कराने तथा आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की सतत निगरानी एवं नियंत्रण करने तथा त्वरित निष्पादन के निमित सी-विजिल जागरूक जनता के पास एक प्रभावी उपकरण है। अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग अन्तर्गत शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जो मतदान की तिथि तक समाहरणालय सभागार के प्रथम तल पर 247 कार्यरत रहेगा। इस नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या टॉल फ्री नम्बर 0621-2217001, एवं हंटिंग लाईन दूरभाष संख्या 2217002, 2217003 एवं 2217004 है, जिस पर अभ्यर्थी व्यय से संबंधित अथवा मतदाताओं को डराने-धमकाने, प्रलोभान से संबंधित सूचना जन सामान्य द्वारा दी जा सकती है।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में 10 लाख रुपए मूल्य का 40 कार्टन विदेशी शराब बरामद

**छापेमारी से पहले घर छोड़कर कारोबारी फरार, किया गया एफआईआर दर्ज**



- इस महीने अब तक 450 छापेमारी में 5753.42 लीटर देसी-विदेशी शराब बरामद, 63 गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है और इसमें उसे सफलता भी मिल रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर में छापेमारी कर भारी मात्रा में महंगे ब्रांड का विदेशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब का मूल्य लगभग 10 लाख रुपए बताया जा रहा है। इस संबंध में मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर में एक मुर्गी फार्म में महंगे विदेशी ब्रांड का भारी मात्रा में विदेशी शराब होने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम को छापेमारी के लिए निर्देशित किया गया। हालांकि मुर्गी फार्म में छापेमारी में उत्पाद विभाग की टीम को कुछ भी नहीं मिला। इसके बाद उन्हें मुर्गी फार्म के पास स्थित एक घर में विदेशी शराब होने की सूचना मिली। बताए घर में छापेमारी करने के लिए टीम के पहुंचने से पूर्व घर से सभी सदस्य घर छोड़कर फरार थे और घर खुला हुआ था। छापेमारी में उत्पाद विभाग की टीम ने घर में रखा हुआ ब्लेंडर प्राइड ब्रांड का 40 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया। जब्त शराब के आधार पर कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर वार्ड एक निवासी बैद्यनाथ महतो के पुत्र ललित कुमार के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं इसके साथ ही उत्पाद विभाग की टीम ने इस महीने 450 छापेमारी व 508 वाहनों की जांच करते हुए 557.92 लीटर विदेशी शराब, पांच हजार 195.5 लीटर देसी शराब बरामद किया है। इस दौरान इससे संबंधित 50 मामले दर्ज करते होते शराब बेचने व पीने के आरोप में 63 लोगों को गिरफ्तार किया है और 35 लोगों को जेल भेजा गया है।

## देशवासियों को भाजपा के संकल्प और मोदी की गारंटी पर पूर्ण भरोसा है : सांसद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।कांग्रेस और इंडी गठबंधन को ना हमारी आस्था की परवाह है और ना ही देशहित की चिंता, उक्त बातें दरभंगा सांसद सह भाजपा (एनडीए प्रत्याशी) डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कही। वह गुरुवार को बेनीपुर के विधायक विनय चौधरी के साथ संसदीय क्षेत्र के बेनीपुर विधानसभा अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के मधुवन,रजवाड़ा,रामपुर,इनाई, बेलही, बगहा (अमता), शेर, बिजुलीया, मट्ठाराही, हावी, बेला मुसहरी, हनुमाननगर, कमारपोखर, कुम्हरा चौक, बसकट्टी, नौडेगा, सिमरदह, बहेड़ी बाजार, बघौनी, मोटगाह, समधपुरा वहीं बिरौल प्रखंड के मजरगाही, गौड़ा, बन्दा चौक, नवटोलिया, उसरी, अरगा, सहजनी, भोरमा, सोनमा डिहुली,अम्बा, बिजुलीया, बैरमपुर, चामुघरारी, कमरकल्ला, हरसेर,कोयलाजान, रसलपुर, काला,हांसी, मिजार्पुर, जगरनाथपुर, डहमा, देवकुली , कमलपुर, मोरवाड़ा सहित विभिन्न गांव जाकर जनसंपर्क करते हुए आम लोगों से संवाद किए और जनता जनार्दन से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने क्षेत्र के मतदाता से 13 मई को राष्ट्रहित हित एवं विकसित दरभंगा, विकसित भारत के लिए कमल के निशान पर वोट डालने का अपील किए। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन का एक एक वोट देश निर्माण में मदद और पीएम मोदी जी को मजबूती प्रदान करेगा। जनसंपर्क के दौरान लोग काफी उत्साहित दिखे। सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश, राज्य एवं दरभंगा का तेज गति से विकास हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है। इसीलिए देशवासियों को भाजपा के संकल्प और मोदी की गारंटी पर पूर्ण भरोसा है। आजादी के पश्चात पहली बार पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में सर्व समावेशी विकास हो रहा है।

## तेजस्वी की सभा में उमड़ा जनसैलाब, बैड़ीकेटेड तोड़ते हुए कई कुर्सियां तोड़ी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर, समस्तीपुर। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के विभूतिपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महम्मदपुर सकड़ा स्थित तरूणिया मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के चुनावी सभा में जन सैलाब उमड़ पड़ी। बेकाबू भीड़ को कंट्रोल करने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए फिर भी भीड़ कन्ट्रोल करने में पुलिस प्रशासन असफल रही और बेकाबू भीड़ ने तेजस्वी यादव जिन्दाबाद, महागठबंधन जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए बेड़ीकेटेड व कुर्सियां तोड़ते हुए मंच तक पहुंच गए। वहीं बेकाबू भीड़ ने पत्रकार दीर्घा पर भी कब्जा जमा लिया। धक्का मुक्की व बेकाबू भीड़ के चपेट में आने से एक महिला बेहोश हो गई। जिसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। महिला की स्थिति सामान्य बताई गई है।

## बाजार समिति में मतदान समाप्ति के पश्चात पोल्ड ईवीएम,वीवी पैट का वर्जगृह में होगा संग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा (आससे)।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजीव रौशन ने बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 13 मई को निर्धारित है। उन्होंने कहा कि मतदान पूर्वाह्न 07 बजे से अपराह्न 6 बजे तक होगा। मतदान अवधि समाप्ति 6 बजे अपराह्न तक यदि मतदाता पंक्ति में लग जाते हैं तो उनका मतदान कराया जाएगा। इसके लिए सभी पीठासीन पदाधिकारी का निर्देश दिया गया है। मतदान समाप्ति के पश्चात पोल्ड ई.वी.एम.,वीवीपैट एवं अन्य निर्वाचन अभिलेख पीठासीन पदाधिकारी द्वारा बाजार समिति शिवधारा में बनाये गये संग्रह केन्द्र-सह-ब्रज गृह पर जमा की जायेगी। ब्रजगृह स्थित संग्रहण काउन्टर पर पोल्ड ई.वी.एम.,वीवीपैट एवं अन्य निर्वाचन अभिलेख आदि प्राप्त करने हेतु सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं बज्रगृह के प्रभारी पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है,अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित संग्रहण केन्द्र, बज्रगृह के सम्पूर्ण प्रभार में संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी रहेंगे तथा वे अपने विधानसभा के बज्रगृह सह संग्रहण केन्द्र पर निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यां का अपने पर्यवेक्षण में निष्पादन करायेंगे तथा उक्त विधानसभा के सारे गतिविधि के सारे गतिविधि के लिए उक्त केन्द्र पर जिम्मेवार पदाधिकारी होंगे। विधानसभावार बज्रगृह के प्रभारी पदाधिकारीयों की नियुक्ति भी की गयी है एवं राकेश रंजन अपर समाहर्त्ता, विधि व्यवस्था, दरभंगा को बज्रगृह सह संग्रहण केन्द्र पर निवार्ची पदाधिकारी के सहयोग हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है। संग्रहण केन्द्र के काउन्टर पर जमा होने के उपरांत सहायक निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा कई प्रतिवेदनों का संकलन किया जायेगा जिसमें-मतपत्र लेखा प्रपत्र 17ग-एक प्रति,पीठासीन पदाधिकारी का प्रतिवेदन भाग-1 (मॉक पोल प्रमाण-पत्र), पीठासीन पदाधिकारी की डायरी की एक प्रति, विजिट शीट की प्रति एवं संवीक्षा आदि प्रतिवेदन शामिल है। सहायक निवार्ची पदाधिकारी 12 मई को बज्रगृह-सह-संग्रहण केन्द्र स्थल पर जाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि संग्रहण केन्द्र पर काउन्टर का निर्माण निर्धारित प्लान के अनुसार है या नहीं तथा बैठने आदि की सभी आवश्यक व्यवस्था है की नहीं। राजनीतिक दलों/अभ्यर्थियों द्वारा जिन मतदान केन्द्रों पर हुए मतदान के विषय में शिकायत दर्ज करायी गई है अथवा जिन मतदान केन्द्रों पर अप्रिय घटना घटित हुई है तो सहायक निवार्ची पदाधिकारी को मतदान के दिन विशेष निगरानी के नाम सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### फिर तीसरी बार बनेगे मोदी पीएम : नित्यानंद

पातेपुर । उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के पातेपुर हाई स्कूल के मैदान में गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील किया कि देश का फिर तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने इसके लिये उन्हें यहां से भारी मतों से जिताएं।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर बढ़ाएं।गरीबों को मुफ्त अनाज,गैस सिलेंडर, बिजली कनेक्शन, अच्छी सड़कें आदि बनवाये।श्री राय ने कहा कि उजियारपुर में 1 लाख 40 हजार लोगों को पीएम आवास मिले।किसानों के खाते में पैसे मिले।इसी सभा में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी जी का कार्यक्रम भी निर्धारित था।लेकिन उनकी तबियत खराब के कारण वह सभा में नहीं आ सके।हालांकि उनके प्रदेश अध्यक्ष विधायक अनिल सिंह शामिल हुए।

# महाराजगंज लोस चुनाव की तैयारी मुकम्मल, कुल पांच प्रत्याशी मैदान में शेष

- एसपी ने कहा भारी संख्या में अर्ध सैनिक व पुलिस बल की गई है तैनाती

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा। महाराजगंज लोकसभा का नामांकन की प्रक्रिया के साथ नामांकन वापस लेने की तिथि आज समाप्त हो गया, अब कुल पांच प्रत्याशी शेष रह गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा -निर्देश के आलोक में प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई हें। ये बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने सारण समाहरणालय में प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कही। जिलाधिकारी ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया है, अब कुल पांच प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। डीएम अमन समीर ने मीडिया को ब्रीफिंग करते हुए यह भी कहा कि महाराजगंज लोकसभा में 6 विधानसभा आते हैं, जिसमें सारण के एकमा, मांझी, बनियापुर एवं तरैया विधानसभा शामिल हैं। जबकि सिवान जिला अंतर्गत गोरियाकोठी तथा महाराजगंज विधानसभा आते हैं। विधानसभा वार सहायक निवार्ची पदाधिकारी तैनात किया गया है, जिसमें गोरियाकोठी विधानसभा में भूमि सुधार उप समाहर्ता महाराजगंज, महाराजगंज विधानसभा में अनुमंडल पदाधिकारी महाराजगंज, एकमा विधानसभा में जिला पंचायत राज पदाधिकारी सारण, मांझी विधानसभा में भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर छपरा, बनियापुर विधानसभा में उप विकास आयुक्त सारण तथा तरैया विधानसभा में भूमि सुधार उप समाहर्ता मढ़ोरा शामिल है। मीडिया को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि महाराजगंज लोकसभा में छठे चरण में 25 मई को चुनाव होना है, जबकि 4 जून को मतगणना सारण के बाजार समिति में होगा। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा -निर्देश के आलोक में प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। नामांकन पत्र वापस लेने के बाद कुल पांच प्रत्याशी मैदान में बच गए हैं। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, बहुजन समाज पार्टी के मधुसूदन सिंह, ऑल इंडिया मजलिस -ए -से इत्तेहाद मुस्लिमीन तथा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से त्रिभुवन राम आदि प्रमुख है। जिलाधिकारी ने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि मतदान सुबह 7:00 से संध्या 6 बजे तक होगा, महाराजगंज लोकसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 1934937 है, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 926424, पुरुष मतदाताओं की संख्या 1008509, पोस्टल बैलट की संख्या 7512 है, तथा कूल मतदान केंद्रों की संख्या 1916 है। प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए सारण के एसपी डॉ गौरव मंगल ने कहा कि मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, भारी संख्या में और सैनिक बल एवं पुलिस बल को तैनात किया गया है, बाईक टीम को भी लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान के दिन भारी वाहनों पर शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, सभी मुख्य मार्गों सहित विभिन्न जगहों पर चेक पोस्ट बनाया गया है। मतदान शांतिपूर्ण कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और मुकम्मल तैयारी भी कर ली गई है। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद जावेद इकबाल एवं डीपीआरओ रविंद्र कुमार उपस्थित थे।

## जनरल ऑब्जर्वर और डीएम ने की माइक्रो आब्जर्वर की ब्रीफिंग



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर।उजियारपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत पातेपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर आज उजियारपुर के जनरल ऑब्जर्वर श्री कुलदीप शर्मा द्वारा वीसी के माध्यम से माइक्रो आब्जर्वर की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के समय वैशाली के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा भी वीसी के माध्यम से कनेक्ट थे। सभी माइक्रो आब्जर्वर समाहरणालय सभा कक्ष , हाजीपुर में मौजूद थे। प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता से कराने में माइक्रो आब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी को चुनाव से जुड़े उनके कार्यों एवं दायित्व के बारे में भलीभांति अवगत कराया गया। बताया गया कि बूथ पर होने वाली गतिविधियां नियमानुसार हो रही हैं या नहीं, यह माइक्रो आब्जर्वर को देखना है। माइक्रो आब्जर्वर मतदान केंद्र पर मतदान से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया को सूक्ष्मता से ऑब्जर्व करेंगे। जनरल ऑब्जर्वर ने कुछ माइक्रो आब्जर्वर द्वारा ली गई ट्रेनिंग की जांच की और पाया कि उन्होंने सही ढंग से प्रशिक्षण पाया है। जिलाधिकारी ने माइक्रो ऑब्जर्वर से कहा कि वे पूरे मुस्तैदी के साथ अपना कर्तव्य निभाएं। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह एडीएम ( आपदा) श्री अरुण कुमार सिंह, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला योजना पदाधिकारी श्री नीरज तथा श्रम अधीक्षक सह नोडल पदाधिकारी श्री शशि कुमार सक्सेना के साथ मास्टर ट्रेनर कैसर परवेज भी मौजूद थे।

## डीएम ने पदाधिकारियों के साथ कि समीक्षा बैठक



- चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक अलर्ट मोड में रहे पदाधिकारी:डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वैशाली श्री यशपाल मीणा ने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें एक एक गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी है। वीटीआर बढ़ाने के प्रयास के साथ उन्हें यह भी देखना है कि चुनाव बिलकुल भयमुक्त माहौल में और सुचारू ढंग से पूर्ण हो। वे 6 और 7 मई, 2024 को पूरे जिला में संपन्न हुए चुनावी महा पाठशाला के बादसेक्टर पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक कर रहे थे। महा चुनाव पाठशाला में उपस्थिति, वोटर पर्ची के वितरण आदि बिंदुओं पर समीक्षा हुई। एक एक सेक्टर से फीडबैक लिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि चुनाव पाठशाला में करीब 65 प्रतिशत वोटर्स टर्न अप हुए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाकी बचे दिनों में पूरा प्रयास कर सभी वोटर्स को वोट करने के लिए मोटिवेट करें। सभी बीएलओ, जीविका दीदी, सेविका टीम बनाकर मतदाताओं को बूथ पर लाने हेतु बूथ पर दी जा रही सुविधाओं का विस्तार से चर्चा करें। मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर मतदाता पर्ची का वितरण करें। वोटर आई कार्ड नहीं रहने की स्थिति में 12 वैकल्पिक पहचान पत्र के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। सभी सेक्टर पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की जांच स्वयं जाकर कर लें ताकि वह ससमय तैयार हो जाए। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पातेपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान 13 मई को होना है। वहां की तैयारी की समीक्षा ठीक ढंग से कर ली जाए। यदि कहीं कोई कमी है तो उसे अविलंब दूर करवा दिया जाए। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी, अपर समाहर्ता आपदा, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर , जिला पंचायती राज पदाधिकारी, ए आरओ, उप निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ले यातायात रूट में बदलाव



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। आगामी 13 मई को वैशाली जिला अंतर्गत हाजीपुर के ग्राम कुतुबपुर कोठी मे माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के परिभ्रमण/जनसभा के मद्देनजर भीड़ नियंत्रण, सुगम यातायात संचालन, विधि-व्यस्था एवं सुरक्षा व्यस्था हेतु जिला प्रशासन वैशाली के द्वारा यातायात रूट मे बदलाव किया है। ट्रैफिक डीएसपी दिलीप कुमार ने जानकारी दिया है कि पटना एवं जंदाहा की तरफ से पासवान चौक होते हुए हाजीपुर (रामाशीष चौक) होकर ठल्ढ-22 होते हुए मुजफ्फरपुर के तरफ जाने वाली सभी वाहनो को इरठछ गोलंबर पर से ही डायभर्ट करते हुए अंजानपीर चौक- लालगंज होते हुए मुजफ्फरपुर के तरफ परिचालन कराया जाएगा । मुजफ्फरपुर की तरफ से ठल्ढ-22 होते हुए हाजीपुर, पटना की ओर आने वाली सभी वाहनों को इमादपुर मोड़ (भगवानपुर) से डायभर्ट करते हुए महुआ (मंगरु चौक) होते हुए हाजीपुर, पटना के तरफ परिचालन कराया जाएगा महुआ मोड के पास से भी ठल्ढ-22 होते हुए मुजफ्फरपुर की तरफ जाने वाली सभी वाहनो का परिचालन बंद रहेगा, सभी वाहनो का महुआ रोड होते हुए परिचालन कराया जाएगा।

## अक्षय तृतीया बाल विवाह रोकने के लिए मुस्तैद हुई बिहार सरकार

- अधिकारियों को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा अक्षय तृतीया के मद्देनजर बिहार सरकार ने बाल विवाहों को रोकने के उपाय के तहत जिला अधिकारियों के मार्फत जमीनी स्तर के सरकारी अमले को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि इस दौरान राज्य के किसी भी गांव या प्रखंड में बाल विवाह नहीं होने पाए। राज्य सरकार की यह पहल जो हर पंचायत को ह्लबाल विवाह मुक्त* बना सकती है का स्वागत करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के गठबंधन सहयोगी लोक भारती सेवा आश्रम ने कहा कि वह इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में हर संभव सहयोग करेंगे। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक इस सामाजिक अपराध के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे 161 गैर सरकारी संगठनों का गठबंधन है। राज्य के सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों व संरक्षण सह निषेध अधिकारियों को भेजे गए इस पत्र में कहा गया है कि तात्कालिक कदम के रूप में गांव में जागरूकता अभियान आयोजित होने चाहिए और इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों सभी धर्म के पूरोहितों और पुलिस अफसर के साथ बड़े पैमाने पर संपर्क करने और उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। पत्र में सभी जिलाधिकारी को आम जनता को जागरूक करने के लिए मीडिया के माध्यम से अभियान चलाने के अलावा पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले बच्चों और बिना सूचना दिए स्कूल से नदारत चल रहे बच्चों की विद्यालय वार सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास निगम ने राज्य के सभी मुख्य विवाह पंजीयकों को अपने क्षेत्राअधिकार में पंजीकृत होने वाले विवाहों की संख्या और उसमें दर्ज दुल्हन की उम्र की जांच वह छानबीन के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश भी दिया है। इसमें कहा गया है कि आवेदकों की आयु प्रमाण के दस्तावेजों से संबंधित किसी तरह का संदेह होने पर इसकी सूचना संबंधित बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) को दी जानी चाहिए। अधिसूचना के अनुसार, ह्लपंचायतों में पंचायत सचिव को पहले ही सीएमपीओ नियुक्त किया जा चुका है ह्व बाल विवाह को रोकने के लिए इस वर्ष बिहार सरकार के रुख की सराहना करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संयोजक रवि कांत ने कहा, ह्लबाल विवाह की चुनौती से निपटने के लिए बिहार सरकार का बहुआयामी दृष्टिकोण सरकार की प्रतिबद्धता और इस मुद्दे पर उसकी समझ का परिचायक है। जब राज्य सरकारें इस तरह के कदम उठाएंगी तभी हम बाल विवाह के अपराध को अपने सामाजिक ताने-बाने से शीघ्रता से और प्रभावी तरीके से खत्म करने में कामयाब होंगे। बिहार लगातार इस बुराई के खिलाफ संघर्ष कर रहा है और उसमें उसने उल्लेखनीय नतीजे हासिल किए हैं। अक्षय तृतीया के मौके पर जारी यह परिपत्र बाल विवाह मुक्त बिहार के सपने को हकीकत में बदलने में सुनिश्चित करने में सहायक होगा। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अपने सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर देश में बाल विवाह के राष्ट्रीय औसत से ज्यादा दर वाले जिलों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चला रहा है।

## जिले के कोई भी विधानसभा में नही लग सकी लघु कुटीर आधारित उद्योग

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर विधानसभा विकास को लेकर अब भी उपेक्षित है। घोषणाएं के बाद भी क्षेत्र में औद्योगिक केंद्र स्थापित नहीं हो पाया है। वहीं वर्तमान सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के योजना को भी भुला कर रख दिया। जबकि उद्योग लगने से लोगों में समृद्धि आती। राजद के कार्यकाल से आज तक इस अनुमंडल के तीन विधायक उद्योग मंत्री बने किंतु आज तक यहां किसी प्रकार का कल-कारखाना नहीं लग सके। इस वजह से आज भी क्षेत्र के ग्रामीण किसान, मजदूर रोजी रोटी की तलाश में अन्य प्रदेश पलायन करने को विवश रहते हैं। जबकि यहां एनडीए-1 सरकार में धामपुर चीनी मील द्वारा यहां चीनी मील खोलने का प्रयास किया गया था। किंतु आज तक इसको सरजमीं पर उतरते लोगों ने नही देखना एक दिवास्वप्न बना हुआ है। नहीं लग सकी चीनी मिल उदाकिशुनगंज में वर्ष 2006 में नीतीश कुमार की सरकार में चीनी मील लगाने की कवायद शुरू हुई थी। लेकिन अब मिल का अतापता भी नहीं रह गया। जबकि चीनी मील लगने से इलाके के लोगों को बड़े फायदे होता। बताया जाता है कि अनुमंडल क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में गन्ने की खेती होती है। जबकि चीनी मिल लगने से क्षेत्र के लोग समृद्ध होते। इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर नहीं हो सका स्थापित उदाकिशुनगंज में पूर्ववर्ती सरकार में 2004 ई. में इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर की नींव रखी गई थी। लेकिन, ग्रोथ सेंटर स्थापित नहीं हो पाया। वस्तुतः लघु कुटीर आधारित उद्योग लगना था। उद्योग लगने से किसानों और व्यापारियों को फायदा होता। ज्ञात हो कि उदाकिशुनगंज अनुमंडल के इस क्षेत्र में सुगर केन (गन्ना) मक्का तथा हल्दी किसानों द्वारा हजारों मिलियन टन में उत्पादन किया जाता है। किंतु बाजार नहीं मिलने के कारण यहां के किसान व्यापारियों तथा दलालों के हाथों आर्थिक शोषण का शिकार होते आ रहे हैं। मक्का आधारित उद्योग की धरी रह गई आस अनुमंडल के चौसा प्रखंड क्षेत्र के कलासन में मक्का आधारित उद्योग नहीं लग पाया। जबकि उदाकिशुनगंज अनुमंडल में बड़े पैमाने पर मक्के की खेती होती है। जहाँ इस क्षेत्र में उद्योग लगने से लोगों को फायदा होता। वही अब भी सरकार से लोगों की उम्मीद बंधी हुई है। इतना ही नही अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक स्टेट ट्यूबेल पूर्व से लगे हैं तथा एक भी स्टेट ट्यूबेल से एक बूंद पानी नहीं निकलता है। नई योजना के तहत एक दर्जन स्टेट ट्यूबेल जो डीजल एवं बिजली से किसानों द्वारा समिति बनाकर चलाया जाना है। लेकिन कर्मचारी के पदस्थापित नहीं होने से जंग की भेंट चढ़ रहा है।

अनुमंडल मुख्यालय में उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं अनुमंडल मुख्यालय में उच्च शिक्षा के नाम पर हरिहर साहा महाविद्यालय एक मात्र सरकारी शिक्षण संस्थान है। लेकिन कॉलेज में महज कला संकाय के कुछ विषयों के पढ़ाई की सुविधा है। कॉलेज में भवन का अभाव है। इस कारण आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जा रहे है। यह बात दीगर है कि कुछ परिष्कृत महाविद्यालय चल रहे हैं। जिससे यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के नाम पर प्रमाणपत्र अवश्य ही मिल जाता है। यातायात सुविधा का अभाव उदाकिशुनगंज अनुमंडल कई जिले की सीमाओं से घिरा है कोसी कक्षार पर बसा उदाकिशुनगंज अनुमंडल यातायात के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। क्षेत्र में रेल यातायात की सुविधा नहीं है। सड़क यातायात पूर्ण रूप से विकसित नहीं है। कई साल बाद भी एनएच 106 नहीं बन पाया। सफर के लिए सरकारी बस की सुविधा नहीं। यातायात के अभाव में किसान व्यापारियों का विकास रूका हुआ है। वही रेल के इंजन का धुंआ देखना इस अनुमंडलवासी के लोगों को नसीब में नहीं है जबकि आजादी से आज तक बिहार से सात रेल मंत्री बने हैं। लेकिन किसी ने इस अनुमंडल की ओर ध्यान नहीं दिया। उपेक्षित है धार्मिक स्थल धार्मिक रूप से क्षेत्र प्रचलित रहा है। उदाकिशुनगंज के नयानगर का आपरूप भगवती मंदिर, आलमनगर का मां डाकनी स्थान, चौसा के बाबा विशुराउत मंदिर, चंदा स्थित बाबा अलीजान साह मजार, ग्वालपाड़ा के मझुआ गांव के बीसवीं सदी के महान संत परमहंस महर्षि मेंही दास महाराज की जन्म स्थली सदियों से उपेक्षित है। इन स्थलों पर हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। आस्था वस दूर दूर से लोग पहुंचते है। इन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

## राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती



प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की जयंती खुरहान गांव स्थित मां डाकिनी मंदिर में मनाई गई। इस दौरान शौर्य व साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों ने नमन किया। खुरहान युवा बिकास मंच के तत्वावधान में जयंती मनायी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर सिंह आजाद ने बताया कि कि अमर बलिदानी महाराणा प्रताप ने भामाशाह के अतुलनीय अनुदान की मदद और मात्र 500 कोल भीलों की सेना लेकर हल्दी घाटी के युद्ध में अकबर की 80000 की सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। इस भीषण युद्ध में अकबर की सेना के 17000 सैनिक भी मारे गए थे। अंततः मेवाड़ हमेशा के लिए अजेय रहा। महाराणा प्रताप ने युद्ध के दौरान सूखी घास की रोटी तक खाई, पर मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की। कई एक बार युद्ध में हराया। आज के युवाओं को ऐसे महानायक के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म नौ मई 1540 को हुआ था। उन्होंने वीरता, शौर्य व साहस की बदौलत दुश्मनों के दांत खट्टे किए थे इस दौरान सुमन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, अमर किशोर सिंह, मन्नू सिंह, हर्षवर्धन कुमार, प्रिंस, रिकी, भास्कर , दीपक, बुल्टी, दीपक चौहान, उमेश सिंह, बुद्धन अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## मतदान में भागीदारी को लेकर उन्हचक बाजार में चलाया गया जागरूकता अभियान




प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर।आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र में विभन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर व अन्य तरीकों से लोगो को प्रेरित किया जा रहा है।इसी क्रम में प्रखण्ड के उन्हचक बाजार तथा बस्तिजलाल गाँव मे सीडीपीओ शबाना कश्फि के नेतृत्व में उन्हचक बाजार में सब्जी बेच रहे सैकड़ो दुकानदारों के बीच आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में वोट करने के लिए जागरूक किया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की शपथ दिलाई गई।वही सब्जी की खरीदारी करने आये सैकड़ो महिलाओं व पुरुषों को भी मतदान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील की गई।मौके पर एलएस शोभा कुमारी,बीसी एएनएम शक्ति कुमार सिंह प्रखण्ड श्रम पदाधिकारी विक्रम कुमार ,एलिओ रागनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बेमौसम बारिश होने से खेत में लगे मक्के की फसल को हुआ नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर प्रखंड भर में पिछले दो दिनों से हुए बेमौसम बारिश के साथ तेज आंधी व औला ने कृषकों को काफी क्षति पहुंचाई है। जिससे सेवा,पतसंडा,रतनपुर पंचायत के कृषकों को बहुत नुकसान हुआ है।अर्जुन यादव,कैलाश यादव,प्रवीण सिंह,अरविन्द सिंह,मनोज यादव आदि कृषकों ने बताया कि बीते दिन बुधवार व गुरूवार को हुए बारिश के साथ साथ आंधी तूफान व औला गिरने से हम सबों को खेत मे लगे मक्के की फसल को काफी नुकसान हुआ है। खेत मे लगे शत प्रतिशत मक्के की फसल को बारिश के साथ आए तेज आंधी व औला ने तोड़ मरोड़ कर खेत की जमीन पकड़ा दी है। अब तो मक्के की उपज होने से रही।उनोन्हे बताया कि गांव के ही सेठ साहूकारों से हम गरीब कृषक ऋण लेकर हर वर्ष मक्के की खेती करते है।लेकिन इस बार हुए बेमौसम बारिश व आंधी तूफान से हम सबों का मसला नष्ट हो बर्बाद हो गया है।

## अमनौर में जाली नोट के मशीन के साथ चार युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मढ़ौरा अनुमंडल क्षेत्र के अमनौर थाना अंतर्गत जाली नोट के मशीन के साथ चार युवक गिरफ्तार अमनौर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नकली नोट छापने वाले धंधे का खुलासा करते हुए चार धंधेबाजो को गिरफ्तार किया है। सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के सलखुआ गांव निवासी बच्चा तिवारी के घर पर नकली नोट का धंधा चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इसका खुलासा किया और चार धंधेबाजो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान ने बताया कि इन लोगों के द्वारा नकली नोट का धंधा किया जा रहा था और भोले-भाले लोगों को फंसा कर पैसा ठगने का काम करते थे। इस दौरान पुलिस ने चार धंधेबाजो को गिरफ्तार किया है। सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र के चतरा पतीला गांव निवासी स्वर्गीय योगेंद्र सिंह के पुत्र धीरज कुमार सिंह, नगर थाना क्षेत्र के बनी गांव निवासी रघुवीर तिवारी के पुत्र पिंटू तिवारी, कोपा थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी जापानी मांझी के पुत्र पवन कुमार मांझी, अमनौर थाना क्षेत्र के सलखुआ गांव निवासी स्वर्गीय शिवकुमार तिवारी के पुत्र बच्चा तिवारी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 46500 जाली नोट, 86000 रियल करेंसी, 6 कागज का बंडल, एक प्रिंटर, एक लैपटॉप, दो मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, एक कार, 59 आधार कार्ड, दो काला शीशा, 2 इंक, एक एक्सिस बैंक का चेक बुक बरामद किया है।

## गिद्धौर पुलिस के सहयोग से क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस ने शातिर महिला को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर :- देश की राजधानी दिल्ली में हुई एक चोरी के सिलसिले में अनुसंधान के लिए क्राइम ब्रांच दिल्ली से आई टीम गिद्धौर थाना पहुंची। जहां गिद्धौर पुलिस के सहयोग से एक शातिर महिला को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गई।मामले का संदर्भ में बताया गया कि दिल्ली में बेशकीमती सामान,जेवरात आदी की चोरी हुई थी। इस घटना के बाद वहां की क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस की निशानदेही पर अनुसंधान करते हुए गिद्धौर थाना पहुंची। यहां गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतसंडा पंचायत के सोनार टोला से सुल्तानगंज निवासी 45 वर्षीय रूपा देवी,पति संजय सोनार को गिरफ्तार कर लिया।थाना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में दर्ज कांड संख्या 220/24 धारा 38/411/34 में उक्त महिला की तलाश थी। महिला रूपा देवी मूल रूप से सुल्तानगंज के आदर्श नगर बस्ती की रहने वाली है। दिल्ली में हुए बेशकीमती सामान, जेवरात आदी की चोरी की घटना में उसकी तलाश थी। क्राइम ब्रांच दिल्ली से आई टीम गिद्धौर पुलिस के सहयोग से उक्त महिला को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गई

## आकाश भारती ने पूरी की पीएचडी, परिजनों में हर्ष

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड के दुबेडीह गांव निवासी स्व. कपिलदेव दुबे के पौत्र एवं अरविंद दुबे व किरण दुबे के पुत्र आकाश भारती को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ए एस महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आकाश भारती को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा 06 मई 2024 को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। बतातें चलें कि आकाश भारती ने अपना शोध ह्लमत्स्य व्यवसाय रोजगार का उत्तम साधनह्व देवघर जिले का एक मूल्यांकन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। श्री भारती ने अपना शोध डॉ. महाकांत झा पूर्व विभागाध्यक्ष बी. एस. के कॉलेज बरहरवा के पर्यवेक्षण में पूर्ण किया है। बताते चलें कि आकाश भारती ने इंटरमीडिएट, स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा ए. एस महाविद्यालय देवघर से पूर्ण की है। अपनी शोध यात्रा के दौरान इन्होंने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा ले अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया है। आकाश भारती छात्र राजनीति में भी काफी सक्रिय रहे एवं संगठन में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए ए. एस. महाविद्यालय देवघर के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष भी रहे. आकाश का लक्ष्य एक कुशल प्राध्यापक बनकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना है. इधर आकाश की सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार एवं महाविद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी है. वहीं आकाश के इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय सचिव विश्वराज सिंह, शोधार्थी रामचंद्र झा, आशीष केसरी, अलका शर्मा आदर्श कुमार दुबे अभिनव भारती सहित परिजनों ने आकाश के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

सम्पादकीय

# पैंतीस करोड़ का नौकर

झारखंड की बदकिस्मती है कि प्रकृति ने उसे खूब संसाधन दिए हैं, बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन फिर भी वह गरीब और भ्रष्ट है। दरअसल झारखंड का राजनीतिक नेतृत्व फितरत से ही भ्रष्ट रहा है। बेशक वह शिबू सोरेन हों, नरसिंह राव सरकार बचाने वाले सांसद हों, मुख्यमंत्री रहे मधु कौड़ा और कुछ माह पूर्व तक मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन हों, सभी दागदार और भ्रष्ट रहे हैं। जेल में भी रहे हैं। हेमंत सोरेन अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। कोई पर्यटन करने तो जेल में नहीं जाता! राजनेताओं के अलावा, आईएएस या अन्य शीर्ष अधिकारियों के घरों से भी करोड़ों की नकदी बरामद की गई है। उनके पास अकूत संपत्तियां भी मिली हैं, लिहाजा उन्हें जब्त किया गया है। कई ऐसे सफेदपोश चेहरे जेल की सलाखों के पीछे हैं। झारखंड में धीरज साहू जैसे कांग्रेसी और ओबीसी सांसद भी हैं, जिनके घर और अन्य ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से अधिक के नकदी नोट बरामद किए गए। घर के कमरों में नोट ऐसे सजाए गए थे मानो नकदी का कोई शोरूम हो! काली कमाई के ये पहाड़ कैसे संजो लिए जाते हैं, आम आदमी के लिए यह आश्चर्य की मीनारें हैं। साहू जी आज भी सांसद हैं। ईडी ने क्या कार्रवाई की, सब कुछ रहस्य है, क्योंकि हमने ऐसे काले धन्नासेठ को जेल जाते हुए भी नहीं देखा। देश में काले, भ्रष्ट नकदी पहाड़ों के गोदाम भरे हुए हैं, प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कड़वा सच लगता है। देश के कई हिस्सों में ऐसे गोदामों को दबोचा गया है, अदालत में भी केस हैं, लेकिन आम आदमी न्याय का मारा है। बहरहाल ताजातरीन मामला झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से परोक्ष रूप से जुड़ा है। उनके निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए से अधिक की काली कमाई बरामद हुई है। आठवां आश्चर्य!!! एक नौकर स्तर का व्यक्ति कितना भी भ्रष्टाचार करे, लेकिन उसके घर बैगों में भरे करोड़ों के नोट बरामद नहीं किए जा सकते। यकीनन इस संदर्भ में उसे बलि का बकरा बनाया गया है। तो फिर सवाल है कि काली कमाई के नोट किसके हैं? क्या नौकर का घर कलेक्शन सेंटर बना था? ईडी के अफसरों को मंत्री के निजी सचिव पर तो शक था, लिहाजा नौकर का पीछा भी किया गया। अक्सर उसके हाथ में एक बैग होता था, लेकिन घर से बाहर आते हुए उसके हाथ खाली होते थे। अंततः ईडी ने छापेमारी की, तो नोटों से भरे बैग मिले और उसी के साथ भ्रष्टाचार का एक रहस्य खुला। सवाल मंत्री के कारनामों पर भी है, क्योंकि ईडी ने जिन इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों की धरपकड़ की है, उनमें से कइयों ने मंत्री की संलिप्तता का भी खुलासा किया है। दलाली का एक खेल उस विभाग में खेला जा रहा था। ठेका देने के बदले 3 फीसदी की दलाली ली जाती थी। मंत्री और निजी सचिव की कटमनी ज्यादा और अलग थी। अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर की बोलियां अलग से लगती थीं। यह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि आम आदमी से भ्रष्ट जमात ने जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई वापस वसूली जानी चाहिए। हम मानते हैं कि ईडी मंत्री पर साक्ष्यों और गवाहों के बिना हाथ नहीं डालेगा, लेकिन यह भ्रष्टाचार देश के कोने-कोने में कब तक जारी रहेगा। घूस और दलाली तो व्यवहार बन गए हैं। प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध दिखते हैं कि वह ऐसी एक भी पाई खाने नहीं देंगे। ऐसी चोरी बंद करके रहेंगे। भ्रष्ट लोगों की कमाई और लूट बंद करके रहेंगे, बेशक भ्रष्टाचारी उन्हें गालियां देते रहें। झारखंड पर 1.30 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। राज्य के नागरिक की औसत कमाई 7000 रुपए माहवार है।

## भारत में अरबपति राज व बढ़ती गरीबी

अनुज आचार्य

18वीं लोकसभा चुनावों में इस बार भी गरीबी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ भारत के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों की कमाई एवं संपत्ति और आर्थिक असमानता अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर है। वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। थॉमस पिकेटी, लुकास चांसल और नितिन कुमार भारती द्वारा लिखी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का करीब 40.1 फीसदी हिस्सा है। वहीं देश की कुल आय में उनकी हिस्सेदारी करीब 22.6 प्रतिशत है। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। यहां तक कि इसने अमरीका जैसे विकसित देशों के अमीरों को भी पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे अमीर लोगों ने सांठगांठ वाले पूंजीवाद और विरासत के जरिए बनाई गई संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प लिया है और वे बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं। पिछले तीन दशकों से भारत में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। इसी बीच केंद्र सरकार का ऋण भी बढ़ा है, लेकिन गरीबी अपनी जगह बरकरार है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अनुसार 31 मार्च 2014 को केंद्र सरकार का कर्ज 58.6 लाख करोड़ (जीडीपी का 52.2 प्रतिशत) रुपए था, जो 31 मार्च 2023 को बढकर 155.6 लाख करोड़ रुपए (जीडीपी का 57.1 प्रतिशत) हो गया है। वहीं 2014-15 से शुरू होने वाले पिछले नौ वित्तीय वर्षों में भारतीय बैंकों ने 14.56 लाख करोड़ रुपए के बुरे ऋण माफ किए हैं। कुल 1456226 करोड़ रुपए में से बड़े उद्योगों और सेवाओं के बट्टे खाते में डाले गए ऋण 740968 करोड़ रुपए थे।

जाहिर है इसका फायदा भी बड़े उद्योगपतियों को ही मिला है। वे बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने इकोनॉमी को बूस्ट देने के नाम पर 2019 में कार्पोरेट टैक्स को घटाने का ऐलान किया था। इस ऐलान के बाद घरेलू कंपनियों को जो कार्पोरेट टैक्स पहले 30 फीसदी की दर से देना होता था वो घटकर 22 फीसदी हो गया है। जाहिर है इस तरीके से भी उद्योगपतियों को ही लाभ हुआ है। कोरोना संकट के तुरंत बाद लोगों को न केवल अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा था बल्कि बड़ी संख्या में कामगारों और मजदूरों का पलायन भी हुआ था। ऊपर से 2020 में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भी सीमित मात्रा में रिक्रूटमेंट की थी। इससे हमारे युवाओं को भारी निराशा का सामना करना पड़ा था। सीएमआईई के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर मार्च 2024 में 7.4 प्रतिशत से बढकर अप्रैल 2024 में 8.1 प्रतिशत हो गई है। महंगाई एवं बेरोजगारी आज भी भारतीय नागरिकों के लिए बड़े मुद्दे बने हुए हैं।

यद्यपि भारत में लोगों ने शिक्षा और रोजगार के महत्व को समझा है, तथापि गरीबी के आंकड़े बयां करते हैं कि भारत में पिछले कुछ दशकों में अमीरी-गरीबी के बीच खाई और चौड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा 2015-16 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में 36.40 करोड़ लोग गरीब थे, वहीं नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई है। यानी कि पिछले 9 सालों में 17.89 प्रतिशत की कमी आई। फिर यह सवाल उठना लाजिमी ही है कि यदि नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार गरीबी घटी है तो 80 करोड़ लोगों में पांच किलोग्राम राशन मुफ्त किसलिए बांटा जा रहा है? आज आवश्यकता इस बात की ज्यादा है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और आयकर विभाग सर्वाधिक अमीरों से ज्यादा टैक्स वसूलने और उन व्यापारियों पर नकेल कसें जो गलत ब्यौरा देकर अथवा अपनी वास्तविक आय को छुपाकर बेनामी संपत्ति बना रहे हैं। आज बड़े कस्बों और शहरों में ऐसे लाखों कारोबारी और व्यापारी मिलेंगे जो एमआरपी के नाम पर मोटी कमाई कर अकूत दौलत इकी कर रहे हैं। लेकिन सरकार को मामूली टैक्स देकर अंगूठा दिखा रहे हैं। ऐसे लोगों की परिसंपत्तियों की जांच होनी चाहिए और उन पर जुमार्ना लगाकर उनको भी टैक्स पेयर्स के दायरे में लाया जाना चाहिए। वहीं सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को राहत पहुंचाने की भी जरूरत है जो ईमानदारी से अपना इनकम टैक्स चुका कर राष्ट्र सेवा कर रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का दावा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 संकट के दबाव से बाहर निकल चुकी है। सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च का भी मानना है कि 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। ऐसे में भारत में गरीबी की बढ़ती खाई को पाटने की तत्काल जरूरत है। भारत में जनसंख्या नियंत्रण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और रोजगार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सुधार और लोगों के जीवनस्तर में उत्थान द्वारा ही सामाजिक असमानता पर काबू पाया जा सकता है। इसके लिए सरकारों को निरंतर आर्थिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और लागू करना होगा। कहते हैं रात भले ही कितनी भी काली क्यों न हो लेकिन सूर्य की किरणें अपनी रोशनी से चहुं ओर उजाला फैला ही देती हैं। बकौल कवि गोपाल दास नीरज, मेरे देश उदास न हो फिर दीप जलेगा तिमिर ढलेगा। आशा है कि 18वीं लोकसभा के चुनावों के बाद आने वाली केंद्र सरकार भारत की अवाम के लिए खुशियों का पिटारा लेकर आएगी और गरीबी के कलंक से मुक्ति मिलेगी।

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला

आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्वगाने और डांसह्न, ह्वशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा।





ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्वगाने और डांसह्न, ह्वशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है। कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि $ वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्न ी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के

# सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों?

अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम् अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए। सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी –कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है। आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो, इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं। सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।





राकेश अचल
लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

सैम अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम्-अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए।

सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है।

आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो, इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं। सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था। सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं, उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पित्रोदा ने अपनी शुरूआती पढ़ाई गुजरात के वल्लभ विद्यानगर से पूरी की। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए।

माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। भाजपा जब कुल चार साल कि थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर 1984 में उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सी-डॉट अर्थात ह्वसेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्सह्न की स्थापना की थी। पित्रोदा की क्षमता से राजीव गांधी बेहद प्रभावित हुए. जिसके बाद उन्होंने पित्रोदा को डोमेस्टिक और फॉरेन टेलीकॉम पॉलिसी पर काम करने को कहा.आज की सरकार को शायद पता है या नहीं किन्तु हकीकत ये है कि सैम अंकल ने तत्कालीन प्रधनमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रौद्योगिकी को डिजिटल बनाने की जरूरत पर बात की। इंदिरा गांधी पित्रोदा से काफी प्रभावित हुईं। अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद भी इंदिरा गांधी के बुलावे पर पित्रोदा भारत आ गए और यहां की नागरिकता ले ली। ये उनका अपना राष्ट्रवाद था। इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी ने अपनी सरकार में पित्रोदा को अपना सलाहकार नियुक्त किया. इस सरकार में उन्होंने दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तिलहन से संबंधित छह प्रौद्योगिकी मिशनों का नेतृत्व किया. साल 2005 से 2009 तक सैम पित्रोदा भारतीय ज्ञान आयोग के अलावा वे भारत के दूरसंचार आयोग के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे।

सैम अंकल की टिप्पणियों को चुनावी मुद्दा बनाना भाजपा की विवशता है क्योंकि उसे नहीं पता कि सैम अंकल राजीव गांधी की हत्या के बाद वापस अमेरिका चले गए। 1995 में उन्हें इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन इनिशिएटिव का चेयरमैन बनाया गया। 2004 में जब देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने सैम पित्रोदा को वापस भारत बुलाकर उन्हें नेशनल नॉलेज कमीशन का अध्यक्ष बनाय। वहीं 2009 में यूपीए सरकार के दौरान पित्रोदा को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का सलाहकार नियुक्त किया गया।

मुझे लगता है कि यदि माननीय मोदी जी भी सैम अंकल की प्रतिभा को पहचान लेते तो वे भी उनकी सेवाएं लेने से न हिचकते किन्तु सैम अंकल का गांधी परिवार के निकट होना ही उनकी तमाम उपलब्धियों पर पानी फेरने के लिए काफी साबित हुआ। सैम अंकल का रिश्ता राहुल गांधी से भी बेहद खास रहा। यहां तक कि पित्रोदा को राहुल गांधी का राजनीतिक गुरु भी माना जाता है। यही वजह है कि भाजपा पित्रोदा को राहुल का अंकल कहकर तंज करती है।

लेख तनिक लंबा हो सकता है किन्तु सैम अंकल को समझने के लिए इसे बर्दाश्त करना पडेगा आपको। दरअसल सैम अंकल वैज्ञानिक हैं, लेकिन अंधभक्त नहीं। वे हमेशा खरी-खरी कहते हैं इसलिए भाजपा के मन से उतरे रहते हैं। सैम पित्रोदा ने जून 2023 में कहा था कि मंदिरों से देश की बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी दिक्कतों का समाधान नहीं होगा, इन मुद्दों पर कोई बात नहीं करता।

# महंगे सिलेंडर के कारण फिर से मिट्टी के चूल्हे जलाती महिलाएं

सिमरन सहनी

ऐसा लगता है कि गरीब मजदूर-किसानों के घरों को धुंआ मुक्त चूल्हा उपलब्ध कराने के उद्देश्य केंद्र सरकार ने जिस उज्ज्वला योजना की शुरूआत की थी वह महंगे गैस सिलेंडर की भेंट चढ़ती नजर आ रही है. इस योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को मुफ़्त एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए थे. इससे गरीब परिवारों विशेषकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी. परंतु हर महीने रिफिलिंग (सिलेंडर में दोबारा गैस भराना) में लगने वाले पैसों ने उनकी इस खुशी पर ग्रहण लगा दिया है. ऐसे में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार एक बार फिर से मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी, कोयले और अन्य जलावन से भोजन पकाने पर मजबूर हो गया है. जिस धुएं वाले चूल्हे से गरीब परिवार की महिलाओं को मुक्ति मिल गई थी, एक बार फिर से उन्हें उसी चूल्हे का रुख करना पड़ रहा है. उसी धुएं के बीच भोजन पकाना उनकी नियति बन गई है. मिट्टी के चूल्हे पर जलावन से निकलते धुएं और चिंगारी के कारण झोपड़ीनुमा घरों में हर समय आग लगने की संभावना भी सबसे अधिक बनी रहती है. वहीं दूसरी ओर इससे निकलने वाला जानलेवा धुआं महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है. दरअसल पितृसत्तात्मक समाज ने सदियों से रसोई घर की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर डाल रखी है. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में केवल खाना पकाना ही नहीं बल्कि जलावन के लिए लकड़ियों को इकठ्ठा करने की जिम्मेदारी भी महिलाओं की होती है. जिसके लिए प्रतिदिन उन्हें कई किमी दूर तक भी भटकना पड़ता है. जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल नहीं होते हैं वहां यह गरीब महिलाएं बड़े स्तर के किसानों और जमींदारों के खेतों से बड़ी कठिनाइयों से लकड़ियां इकट्ठी करती हैं. जिसके लिए इकट्ठी लकड़ियों का आधा हिस्सा उन्हें शुल्क के रूप में चुकाना होता है. ऐसी ही कठिनाइयों को झेल रही हैं बिहार के मुजफ्फरपुर जिला स्थित जोड़ाकान्ही गांव की महिलाएं. जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड के हुस्सेपुर रति पंचायत स्थित इस गांव में अधिकतर अनुसूचित जाति (मल्लाह समुदाय) का परिवार आबाद है. जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है. गाँव के अधिकतर पुरुष मुजफ्फरपुर शहर जाकर घर निर्माण या अन्य कामों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. जिससे परिवार के लिए मुश्किल से भोजन की व्यवस्था हो पाती है. कुछ पुरुष भाड़े पर ऑटो रिक्शा चलाने का काम करते हैं. जबकि ज्यादातर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त किसानों के खेतों और मनरेगा में काम कर घर की आमदनी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. ऐसे में प्रतिमाह गैस सिलेंडर भरवाना उनकी जेबों पर भारी पड़ने लगा है और वह फिर से मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं. इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय शोभा देवी, जो अपने छोटी से झोंपड़ी में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते हुए कहती हैं कि हमें उज्ज्वला योजना के तहत फ्री सिलेंडर तो मिल गया परंतु हर महीने या दो महीने पर 1030 रुपए का उसमें गैस कहां से भरवाएंगे? इतना तो हम कमाते भी नहीं हैं. पति दैनिक मजदूर हैं. जो कमाते हैं वह घर के राशन में ही खर्च हो जाता है. जो बचता है उससे बच्चों की दवाइयाँ और बाकी जरूरतों को पूरा होता है. पहले तो सब्सिडी के कुछ पैसे भी आ जाते थे. लेकिन पिछले कुछ माह से वह भी बंद हो गए हैं. इसलिए फिर से मिट्टी का चूल्हा ही फूंकना हमारी मजबूरी है. वह कहती हैं कि बारिश के दिनों में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है. गीले जलावन के कारण एक कमरे की छोटी झोंपड़ी मे पूरा धुआं भर जाता है. बच्चे खाँसते रहते हैं लेकिन उसी हालत में खाना बनाना होता है. जब तक गैस सिलेंडर था ऐसी कठिनाइयाँ नहीं होती थी. गांव की कुछ अन्य महिलाएं कहती हैं कि गैस रिफिलिंग सस्ती होती तो हमें 3-4 कोस चलकर इतनी ठंडी या गर्मी में चलना नहीं पड़ता. जलावन के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता. हम अगर दियारा क्षेत्र (नदी के आसपास का किनारा) नही जाएंगे तो हमारे परिवार और बच्चों का क्या होगा? इतनी महंगाई में एलपीजी गैस को रिफिल कराना संभव नहीं है. एक महिला ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि हम दिन भर की कड़ी धूप में इतनी मेहनत से जलावन इकट्ठा करती हैं

## संक्षिप्त खबरें

### 10 मई को किया जाएगा ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन

बेतिया। लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर ईवीएम का प्रथम रेंडमाईजेशन के पश्चात दिनांक 10.05.2024 को अपराह्न 4:00 बजे द्वितीय रेंडमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक महोदय की उपस्थिति में सभागार भवन, समाहरणालय में किया जाना है। निवार्ची पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण एवं वाल्मीकिनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र द्वारा उक्त आशय की सूचना सभी अभ्यर्थीगण, 01-वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र तथा 02-पश्चिम चम्पारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को देते हुए अनुरोध किया गया है कि उक्त निर्धारित तिथि को द्वितीय रेंडमाइजेशन में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा अपने प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु प्राधिकृत करेंगे।

### बाइक दुर्घटना में एक शख्स की मौत, शव पोस्टमार्टम में भेजा

मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में बाइक दुर्घटना में एक शख्स को थाना पुलिस के द्वारा इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरहा रामचन्द्र साह का 40 वर्षीय पुत्र नंदू साह के रूप में हुई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। घटना के बारे परिजनों ने बताया कि वह बाइक से डुमरसन बाजार से वापस घर जा रहा था उसी दौरान बाइक दुर्घटना में घायल हो गया। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक शादी शुदा है और उसको 3 लड़की और 1 लड़का हैं।

### बच्चों के झगड़े के विवाद में बड़ों में मारपीट, 7 घायल

मशरक मशरक थाना क्षेत्र के घोघिया गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद में परिजनों के बीच हुए मारपीट में 7 महिला पुरुष घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। घायलों में घोघिया गांव निवासी राजेश राम, सचिंद्र राम,राजा राम, रोहित राम, देवेन्द्र राम,ग्रहण राम, चिंता कुंवर शामिल हैं। मौके पर थाना पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि बच्चों के झगड़े को लेकर परिजनों के बीच मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

### ओवरलोड 4 बालू लदा ट्रक खान निरीक्षक ने पकड़ा

मशरक मशरक मुख्य मार्ग पर खान निरीक्षक छपरा के नेतृत्व में वाहनों के जांच के दौरान चार सोन बालू लदा ओवर लोड ट्रक पकड़ा गया। एक ट्रक का चालक पुलिस को चकमा देकर भाग गया जबकि तीन गिरफ्तार कर लिए गए। जब्त ट्रक में 14 चक्का का एक , दस चक्का का दो एवम 6 चक्का के एक ट्रक है। जिसपर कुल दो हजार पांच सौ पचास घन फुट बालू लदा है। खान निरीक्षक ने लिखित जब्ती सूची एवम गिरफ्तार चालक मशरक पुलिस को सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया। गिरफ्तार चालक मदन यादव सिसवा कल्याणपुर, मिथिलेश कुमार मजलिसपुर गरखा, गुड्डू कुमार साह राम पुरवा मंझविया को पुलिस ने मंडल कारा छपरा भेजा।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल, सदर रेफर

मशरक मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन नहर पर अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल कर्ण कुदरिया गांव निवासी रणविजय सिंह पिता स्व विश्वनाथ सिंह जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिउरी में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। घायल शिक्षक को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

### खनन विभाग ने दो ओवर लोड ट्रक को किया जब्त,चालक फरार

बनियापुर। सहाजितपुर थाना क्षेत्र के एन एच 331 पर पिंडरा के समीप गुरुवार को जिला खनन विकास पदाधिकारी/खनन निरीक्षक ने भ्रमण के क्रम मे बालू पत्थर लदे अवैध दो ट्रक को समग्री सहित जप्त कर लिया है।जिस मामले मे ट्रक मालिक और फरार ट्रक चालक के विरुद्ध स्थानीय थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराया है । मामले मे खनन पदाधिकारी सह खनन निरीक्षक अंजनी कुमार ने बताया है कि सहजितपुर के पिंडरा मुख्य सड़क पर अवैध बालू लदे दो ट्रक जिस पर ओवर लोड बालू है बिना चलान का चोरी का बालू ओवर लोड गाडी को जप्त किया गया,दोनो वाहन का चालक पदाधिकारी की भनक पर फरार हो गए, जप्त ट्रक समग्री सहित थाना के सुपुर्द कर दिया गया,साथ ही सुसंगत धाराओं मे वा मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

# बेरोजगारी व मंहगाई पर बोलने से परहेज कर अपनी कमियों को छुपा रहे हैं पीएम : अशोक गुप्ता

- पूर्व डीजी ने दिघवारा में वैश्य समाज के लोगों को किया संबोधित,रोहिणी आचार्य के समर्थन में वोट देने का किया आग्रह



प्रात : किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर।सारण संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन की उम्मीदवार डॉ. रोहिणी आचार्य के समर्थन में पूर्व डीजी व राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने गुरुवार को दिघवारा मुख्य बाजार में डॉ.अरविंद कुमार के आवासीय परिसर में आयोजित वैश्य समाज की बैठक में शामिल लोगों को संबोधित किया और कहा कि पूरे जिले में इस बार वैश्य समाज का समर्थन महागठबंधन की उम्मीदवार को मिलेगा।श्री गुप्ता ने वैश्य समाज के लोगों से महागठबंधन के पक्ष में वोट डालने की अपील की।लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री बेरोजगारी, महंगाई और इलेक्टोरल बॉन्ड पर कोई बात नहीं करते हैं। इतना ही नहीं धर्म जाति के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश की जा रही है मगर देश की जनता चालाक व समझदार है और इस बार एनडीए के बहकावे में आने वाली नहीं है।श्री गुप्ता ने कहा कि कर्नाटक के सेक्स टेप वीडियो स्कैंडल के मुख्य अभियुक्त व बीजेपी नेता प्रज्वल रेवन्ना के बारे में पीएम कोई बात नहीं करते हैं।उन्होंने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के वोटर अपना एक-एक वोट महागठबंधन के पक्ष में देकर सारण की बेटी रोहिणी को अपना समर्थन देंगे।बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव संजय कुमार वर्मा उर्फ डब्बू ने पूरे वैश्य समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि अब बहकावे में आने की बजाय अपने मत से गरीबों के नेता लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत करना है।बैठक में डॉ.अरविंद कुमार, सीताराम प्रसाद,रंगकर्मी महेश स्वर्णकार सूर्यनारायण प्रसाद,रमेश वैश्य,अमर प्रसाद,दिनेश प्रसाद,शंकर प्रसाद अकेला,विवेक कुमार,प्रभुजी प्रसाद,संतोष गाई, रुपू कुमार समेत वैश्य समाज के कई लोग मौजूद थे।श्री गुप्ता ने नारायणी विवाह भवन छपरा में शुक्रवार को आयोजित होने वाली वैश्य समाज की बैठक में भी स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

## दूसरे दिन भी कुलपति ने पीजी परीक्षा का किया निरीक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश विश्ववविद्यालय स्नातकोत्तर सत्र 2021-23 द्वितीय सेमेस्टर तथा सत्र 2020-22 तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा का गुरुवार को लगातार दूसरे दिन कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने निरीक्षण किया। स्नातकोत्तर की परीक्षाएं बुधवार को विश्ववविद्यालय परिसर स्थित मल्टीपर्पस परीक्षा भवन में प्रारंभ हुई हैं। आज दूसरे दिन पहली पाली में द्वितीय सेमेस्टर के विभिन्न विषयों एवं द्वितीय पाली में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा हुई। परीक्षा पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में चल रही है। अधिकतम संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। स्नातकोत्तर परीक्षा के दूसरे दिन पहली पाली में कुल 1689 और दूसरी पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 1326 थी। दूसरे दिन पहली पाली में 3 परीक्षार्थी निष्कासित किए गए हैं। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने दूसरे दिन प्रथम पाली की परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कक्षों में जाकर परीक्षा का जायजा लिया और केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्वक परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल आदि की प्रचुर मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। कुलपति ने अपनी प्राथमिकता दुहराते हुए कहा कि कदाचारमुक्त व ससमय परीक्षा तथा निर्धारित समय पर परीक्षाफल प्रकाशित करने के लिए वे कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को हर हाल में समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार और समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद भी उपस्थित थे।

## कोट माई स्थान में बहत्तर घंटे से चल रहा अष्टयाम की पूणार्हुति गुरुवार की शाम

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया.आदिवासी थारू बहुल्य क्षेत्र स्थित वीटीआर जंगल के बीचों बीच प्रकृति के गोद मे कोट माई स्थान पर पिछले 72 घंटे से चल रहे अष्टयाम का गुरुवार की शाम पूणार्हुति हुई। इस अष्टयाम में दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे । पूर्व मुखिया पति राजलाल महतो ने बताया की खेतिहर किसान खेतों से फ्री होकर अप्रैल से जून माह के बीच कोट माई स्थान में अष्टयाम का आयोजन हर वर्ष करते हैं।यह आयोजन आदि काल से चला आ रहा है। बतादें की प्रकृति के गर्भ में बसे कोट माई स्थान सभी देवी देवताओं का दरबार स्थान माना जाता है। रविवार को नारायणी गंडक नदी के त्रिवेणी तट स्थित काली घाट से मंत्रोउच्चारण के बीच 251 कन्याओं के द्वारा जलबोझी कर कलश स्थापना कर अष्टयाम का शुभारंभ किया गया।बतादें की समिति द्वारा अष्टयाम 48 घंटो के आयोजन में फेरबदल कर 72 घंटे का कर दिया गया। समिति में सम्मानित पूर्व मुखिया पति राजलाल महतो,समिति अध्यक्ष जितेंद्र यादव,उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव,सचिव नागेंद्र साह,उप सचिव रमेश चौधरी,सदस्य रुदल यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। बतातें चलें कि 72 घंटे तक चले अष्टयाम के दौरान भंडारे का आयोजन किया जाता रहा। रामनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण राममय हो चला और श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होते रहे।

## सीआरपीएफ कैम्प को लेकर बीइओ ने योगियां हाईस्कूल में युद्ध स्तर पर करायी तैयारी पुरी

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर।थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ के बंदुक की साये में वोट सम्पन्न होंगे। चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के योगियां हाईस्कूल में सुरक्षा बलों का कैम्प होगा।कैम्प स्थल में सुविधा व्यवस्था को लेकर लगातार जिला प्रशासन दौरा कर रहा है।गुरूवार को एसडीपीओ राजकुमार ने हाईस्कूल प्रांगण में सुविधा व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रखंड पदाधिकारी के निर्देश पर सैनिक बलों की सुविधा के लिए बीईओ योगेंद्र बैठा की देख रेख में सारी तैयारी पुरी कर लेना का दावा विद्यालय परिवार ने किया है।विद्यालय की ओर से बीडीओ को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि स्नानगार ,शौचालय ,कमरा ,प्रकाश व्यवस्था ,किचेन ,पंखे,चपाकल ,नलका समरसेबल पम्प आदि सहित सारी सुविधाएं और उनका निर्माण कार्य पुरा कर लिया गया है।

बीइओ ने अपने देख रेख में शौचालयों व करीब एक दर्जन नल प्वाइंटों पर स्नान के लिए अलग अलग बाल्टी व मग की खरीदारी करवाई।इसी दौरान विद्यालय की जांच प्रखंड परियोजना प्रबंधक अभिषेक कुमार ने की जहां 22 में 18 शिक्षक उपस्थित पाये गये।एचएम प्रशिक्षण और तीन शिक्षक सीएल पर थे।

## योजनाओं में भ्रष्टाचार का उजागर करना पड़ा महंगा, पत्रकार समेत 4 पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक नगर पंचायत के तरफ से चल रही विकास की योजनाओं में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाना पत्रकार और योजनाओं की जांच की मांग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को महंगा पड़ा। मामले में नगर पंचायत के नाजिर के द्वारा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर मशरक थाना में पत्रकार प्रकाश सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर सिंह, सरोज कुमार यादव, कन्हैया प्रसाद पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आपको बता दें कि नगर पंचायत में चल रहे स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण और अन्य योजनाओं में धांधली को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है वहीं जय बिहार फाउंडेशन की टीम में संजय कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र नाथ सिंह, महेश्वर सिंह समेत अन्य ने योजनाओं की जांच कर उचित कार्रवाई के लिए नगर पंचायत कार्यपालक के यहा शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं मामले में नगर पंचायत कार्यालय के नाजिर रणधीर कुमार सिंह ने मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें उन्होंने बताया कि उक्त सभी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न किए और पत्रकार के द्वारा अपने सोशल मीडिया के चैनल पर उनका आडियो क्लिप जो शिकायकर्ता से बातचीत का हैं उसको वायरल कर दिया गया है। वही मामले में प्राथमिकी दर्ज के बाद जय बिहार फाउंडेशन के संस्थापक संजय कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र नाथ सिंह और महेश्वर सिंह के साथ एक शिष्टमंडल ने थानाध्यक्ष धनंजय राय से मुलाकात की और मामले की गहनता से जांच पड़ताल करने की मांग की। मामले में थानाध्यक्ष ने कहां कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएंगी। वहीं मामले में नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है जो देखने से बेबुनियाद है वैसे उनके स्तर से समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

## जेपी सिंह बने शिमला के नये आईजी

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। जे पी सिंह ने पुनः एक बार सारण जिला सहित सूबे का नाम रौशन किया है। 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी, जय प्रकाश सिंह को हिमाचल सरकार ने शिमला का नया आईजी पुलिस नियुक्त किया है। श्री सिंह मूलतः ग्राम- टेघरा (माँझी), सारण,बिहार के रहने वाले हैं। वे पटना विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक तथा उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से पुलिस प्रबंधन में स्नातकोत्तर हैं। आईआईएम, लखनऊ तथा कैंब्रिज विश्वविद्यालय, इंगलैण्ड से भी उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण की है। पिछले करीब 24-25 वर्षों में हिमाचल पुलिस से लेकर भारत सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किये हैं। भारतीय पुलिस सेवा में आने से पूर्व, सिंह साहब भारतीय सेना में अल्पकालीन अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इस दौरान (1988-94) आतंकवाद प्रभावित पंजाब और जम्मू व काश्मीर में सैन्य अधिकारी के रूप में अपनी सेवायें दे चुके हैं। एक साधारण किसान परिवार से निकल कर श्री सिंह का यहाँ तक का सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा है। परन्तु आज वे हमारे समाज और खासकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सारण वासियों को उन पर गर्व है। सारण जिला के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित प्रबुद्ध नागरिकों ने उनके मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा कहा कि उनकी प्रशासनिक अनुभव से सभी को लाभ मिलेगा।यही नहीं,श्री सिंह समसामयिक विषयो सहित समाज व देश को विकसित करने से सम्बंधित आलेखों,एवं विचारों के तहत नई पीढ़ी को जागरूक करते है और यही कारण है कि वे युवा पीढी के प्रेरणास्रोत है।

## इसुआपुर में दहेज लोभियों ने गला घोट कर की विवाहिता की हत्या

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के अचितपुर गांव में दहेज लोभियों ने एक विवाहिता की गला घोट कर हत्या कर दी।मृतका मुकेश कुमार राय की 22 वर्षीया पत्नी रिंकू देवी बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इसुआपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। इस संबंध में मृतका के पिता मढ़ौरा थाना क्षेत्र के पोझी कपूर गांव के विक्रमा राय ने एक आवेदन इसुआपुर थाना में दिया है। जिसमें कहा है कि मैंने अपनी पुत्री रिंकू कुमारी की शादी 16 मई 2022 को स्वर्गीय नरेश राय के पुत्र मुकेश कुमार से की थी। वहीं शादी के कुछ महीने बाद से ही मेरी पुत्री रिंकू कुमारी को पति मुकेश कुमार तथा उसकी गोतनी संपत्ति देवी, रीता देवी, पूजा देवी एवं भैसुर राकेश राय कहने लगे कि तुम्हारा बाप दहेज में कुछ नहीं दिया है। तुमको इस घर में नहीं रहने देंगे। इस बात की सूचना मेरी बेटी के द्वारा मुझे दी गई। जिसके बाद मैं समाज के अन्य लोगों के साथ अचितपुर आकर उनके घर वालों को बहुत समझा बूझाया। फिर भी वे लोग मानने को तैयार नहीं थे तथा बराबर मेरी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। अंततः दहेज को लेकर नामजद पांचों परिजनों ने मिलकर मेरी पुत्री को गला घोंट कर मार डाला। पुलिस हर एक बिंदु पर मामले की जांच कर रही है।

## महाराणा प्रताप की जयंती मनाई



प्रात : किरण, संवाददाता

गरखा। बीजेपी द्वारा राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतिक महाराणा प्रताप की जयंती गरखा विधानसभा संयोजक प्रो हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मनाई गई । पूर्व जिला महामंत्री श्रीनिवास सिंह जिला मंत्री राजेश सिंह , मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ,शक्ति केंद्र प्रमुख नीरज सिंह ,त्रिलोकी शर्मा, कृष्णा तिवारी ,सुनील शर्मा ,शुभम कुमार, चंदन सिंह, नजरे इमाम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। वही मिजार्पुरपंचायत के रतनपुराबसंत चौक पर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर बहुत से वक्ताओं ने अपने विचार रखे। स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए महाराणा ने अपने सर्वस्व न्यौछावर कर दिए। वक्ताओं ने उनके शौर्य और पराक्रम की चर्चा की। शिक्षक शिवनाथ सिंह ने कहा कि वे किसी जाति धर्म के नहीं बल्कि अपने जन्मभूमि मेवाड़ के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने अकबर द्वारा भेजे गए चार बार के संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया था।उनके वीरता से कायल होकर उनके मृत्यु पर अकबर भी रोया था। मुनेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, शिवनाथ सिंह, राजेन्द्र उपाध्याय, गौरीशंकर सिंह, सुरेश सिंह, अरविंद उपाध्याय,अजय सिंह, बुलेट बाबा तथा सत्यप्रकाश सिंह आदि शामिल थे।

## प्रबंध विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने गोरखपुर का किया शैक्षणिक व औद्योगिक परिभ्रमण



प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि अंतर्गत प्रबंध विज्ञान विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थी औद्योगिक व शैक्षणिक दौरे पर गोरखपुर गए। प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रो. पवनेश कुमार के नेतृत्व में विजिट पर गए विद्यार्थी पहले पंडित दीन दयाल उपाध्याय विवि, गोरखपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां व्यवसाय प्रशासन विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दोनों विवि के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की और अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने दोनों विवि के विद्यार्थियों के बीच आयोजित कार्यक्रम को ज्ञान, अनुभव व विनिमय का एक बड़ा मंच बताया। व्यवसाय प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीवर्धन पाठक ने छात्रों को व्यावसायिक परिदृश्य की बेहतर समझ व औद्योगिक अपेक्षाओं के अनुकुल स्वयं में ढालने के लिए शैक्षणिक व औद्योगिक परिभ्रमण को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संयोजन कर रहें प्रो. अनिल कुमार यादव ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के दौरों को अवसर के रूप में लेने की बात कही। प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मदद मिलती है। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विद्यार्थियों का दल गोरखपुर मंदिर पहुंचा। जहां पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। फिर विद्यार्थियों का दल औद्योगिक दौरे पर एसडी इंडस्ट्रीज (प्लास्टिक का बोतल का निर्माण होता है) परिसर पहुंचा। गौरतलब हो कि यह इंडस्ट्रीज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में आता है। यहां पर इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर ओम बाबू ने विद्यार्थियों को कर्मचारियों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। वहीं मार्केटिंग, प्रोडक्शन आदि की भी जानकारी दी।

## इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर एसएसबी और नेपाल एपीएफ जवानों ने जॉइंट पेट्रोलिंग किया

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया.वाल्मीकिनगर स्थित इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर 21वीं बटालियन और नेपाल एपीएफ के जवानों ने जॉइंट पेट्रोलिंग किया।यह पेट्रोलिंग दोनो देशों के सुरक्षा और देश मे चल रहे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा है।बतादें की एसएसबी बी समवाय गंडक बराज के जवानों ने नेपाल एपीएफ के जवानों के साथ बराज पुल पर संयुक्त गश्ती अभियान चलाया। जिसमे आने जाने वाले गाड़ियों और व्यक्तियों का गहन जांच किया गया। पेट्रोलिंग टीम में एसएसबी के तरफ से पार्टी कमांडर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल और एएसआई अंग्रेज सिंह समेत स्वान दस्ता के 10 अन्य जवान शामिल थे। वही एपीएफ टीम के पार्टी कमांडर इंस्पेक्टर विवेक लमछियाने और अन्य 10 जवान शामिल हुए।बतातें चलें कि एसएसबी और एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग समय समय पर होती रहती है। इससे दोनो देशों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है और एक दुसरे से सूचना आदान प्रदान से समांजस्य स्थापित होता है।

## महाराणा प्रताप की जयंती मनी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। हीरा सेवा सदन करिंगा छपरा के परिसर में भारत के वीर पुत्र महाराणा प्रताप जयंती का कार्यक्रम ह्लस्वाभिमान दिवसह्व के रूप में मनाया गया जिसमें विषय यह रखा गया कि सनातन संस्कृति के प्रथम प्रहरी एवं समरसता के प्रतीक पर निर्भर विषय वस्तु को लोगों के बीच रखा गया इस कार्यक्रम के संयोजक राणा यशवंत प्रताप सिंह ने विगत 3 वर्षों से इस कार्यक्रम की श्रृंखला को इस बार भी जारी रखा जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज,विशिष्ट अतिथि श्री कामेश्वर सिंह क्षत्रिय महासभा सारण,कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेंद्र सिंह और कार्यक्रम का संचालन श्री रविकांत सिंह के द्वारा किया गया व्यवस्थापक के रूप में कमलेश सिंह,बलराम सिंह,राजेश सिंह,श्री नरेंद्र सिंह, बबलू सिंह, गजेंद्र सिंह, मनीष सिंह भाजपा नेता एवं कार्यक्रम संयोजक श्री राणा यशवंत प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप सनातन संस्कृति के प्रथम प्रहरी एवं समरसता के प्रतीक हैं उन्होंने उदाहरण स्वरूप इन दोनों विषयों को समाज के सामने रखा जिसमें उन्होंने भील समाज के बालक की वीरता की कहानी बताएं जिसने महाराणा प्रताप को भोजन पहुंचाने में अपने प्राण को आहुति दिया और दूसरा वियतनाम के राष्ट्राध्यक्ष का महाराणा प्रताप के प्रति जो वक्तव्य था सनातन और भारत के गर्व को ऊंचा करने का काम किया आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर सनातन संस्कृति और गौरव के लिए लड़ने के लिए हर पल तैयार रहना होगा साथी ही स्वामी अतिदेवानंद ने सनातन संस्कृति के प्रणेता के रूप में महाराणा प्रताप को बताया`श्री कामेश्वर सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप के विचारों से अपने बच्चों को कैसे जोड़े बलराम सिंह ने कहा कि मेरे बच्चे और उसके मित्रों ने महाराणा प्रताप की जयंती पर खीर बनाकर लोगों को बीच में बांटने का काम किया है इस कार्यक्रम में लगभग 200 से 250 की संख्या में छपरा वासियों ने भाग लिया इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह चौहान छोटन महतो लग्न देव महतो सच्चिदानंद शर्मा सरोज सिंह मोहन सिंह अखिलेश सिंह नैनी सरस्वती सिंह जनार्दन सिंह राजेश सिंह बट सिंह दिवाकर सिंह मिंटू सिंह चंदन सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में नैनी, उम्धा,फाकुली एवं करिंगा के लोग मौजूद थे

## एसएसबी 21 वीं बटालियन ने मेरी लाइफ थीम अंतर्गत सप्ताहांत स्वच्छता अभियान चलाया

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया.बगहा स्थित एसएसबी 21वीं बटालियन के द्वारा मेरी लाइफ थीम के तहत दैनिक सरल जीवन शैली को अपनाने और पर्यावरण के अनुकूल कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाला मेरी लाइफ थीम के अंतर्गत वाहिनी के द्वारा 6 मई से 12 तक मई तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।जिसमे बटालियन के बल कर्मियों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई बृहद स्तर पर किया जा रहा है। बतादें की इस अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों और आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है।इसी क्रम में गुरुवार को 21वीं बटालियन के बल कर्मियों के द्वारा वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन पर बृहद स्तर पर साफ सफाई किया गया और आम जनता को भी साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया गया ' व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित साफ रहने की आदत हमें बीमारियों से बचाती है। स्वच्छ वातावरण चाहे घर हो या सार्वजनिक स्थल पर, बीमारियों का खतरा कम करता है और खुशहाली को बढ़ावा देता है। बतातें चलें कि स्वच्छता का संबंध केवल शारीरिक स्वास्थ्य से नहीं है,यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है की हमे खुद को,घर और आस-पास के पर्यावरण को हर दिन स्वच्छ व साफ रखने की जरूरत है ।सभी को सामूहिक रूप से स्वच्छता को समझना चाहिए और अपने दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए,ताकि संपूर्ण समाज स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सके।

## कामना से नहीं, बल्कि उद्यम से ही सभी कार्य होंगे सिद्ध: प्रो. आनंद



प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि की वाणिज्य विज्ञान विभाग की ओर से तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर शुरू हो गया। शहर अंतर्गत बलुआ टाल स्थित विभागीय परिसर में आयोजित शिविर की शुरूआत प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक प्रो. पवनेश कुमार एवं सह संयोजक डॉ. अवनीश कुमार ने संयुक्त रूपए से पहुंचे प्राध्यापकों का स्वागत कर की। प्रथम सत्र में शिविर को संबोधित करते हुए प्रो. आनंद प्रकाश ने उद्यमिता की सार्थकता पर बात की। उन्होंने उद्यमिता को सभी कार्यो को सिद्ध करने वाला उपकरण बताया। इस क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित भी किया। भौतिकी विभाग के प्रो. अजय गुप्ता ने उद्यमिता के एतिहासिक संदर्भ पर चर्चा की। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शिरिश मिश्रा ने शिविर के आयोजन के महत्व को विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। वहीं सफल उद्योगपतियों का उदाहरण देकर विद्यार्थियों को मनोबल भी बढ़ाया। प्रो. पवनेश कुमार ने कहा कि उद्यमिता जागरूकता शिविर का यह चौथा कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार की विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी की ओर से प्रायोजित है। यह कार्यक्रम उद्यमिता के लिए बच्चों को प्रेरित करेगी। दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए वाणिज्य विभाग प्रो. सुब्रतो राय उद्यमिता में नवाचार पर जोर दिया और प्रेरक उदाहरण के जरिए मौजूद छात्र-छात्राओं को उद्यमिता का महत्व बताया। तीसरे सत्र में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रविश चंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को अपनी रूची के मुताबिक व्यवसाय का चयन करने के बाद इस दिशा में पूरी ताकत से आगे बढ़ने व परिस्थितियों को परखते हुए आगे बढ़ने की सलाह दी। अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. कमलेश कुमार ने नए उत्पाद के विकास में रिसर्च एवं डेवलपमेंट को उपयोगी बताया। शिविर का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अवनीश कुमार ने किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रविश चंद्र वर्मा द्वारा किया गया। मौके पर वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवेंद्र सिंह, अतिथि प्राध्यापक डॉ. आशुतोष कुमार के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक की चपेट में आने से एक मजदूर की हुई मौत

दुर्गावती। स्थानीय थाना क्षेत्र के छांव रोड स्थित कनौडिया फैक्ट्री के समीप तेज रफ्तार ट्रक की चपेट मे आने से कंपनी में काम करने जा रहे 32 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित मजदूरों ने ट्रक को रोक कर चालक को पकड़ लिया। उक्त घटना के बाद सूचना पर पहुंची दुर्गावती पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। मृतक मोहनिया थाना क्षेत्र के भिट्टी गांव निवासी देवशरण सिंह उम्र 32 वर्ष बताए जाते हैं। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

### चोरों ने की बंद घर से लाखों की चोरी, पुलिस कर रही छानबीन

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर प्रखंड क्षेत्र के पडभाडा गांव में एक बंद घर से लाखों रुपए की चोरी होने का समाचार प्राप्त हुआ है। गृह स्वामी बबीता देवी ने पुलिस को आवेदन देकर कहा है कि निजी काम से तीन मई को पटना गई हुई थी। घर में ताला लगा हुआ था। ग्रामीणों ने 6 मई को घर में चोरों के द्वारा चोरी किए जाने सूचना दिया। घर लौटने पर पाया दिशा पड़ा हुआ है। चोरों ने मेरे घर से 5000 नगद व स्वर्ण आभूषण सहित जमीन के दस्तावेज की चोरी कर लिया है। इस संबंध में तारापुर थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षुक डीएसपी रागिनी कुमारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। इस चोरी की घटना की जांच के लिए जमादार प्रमोद कुमार को कांड के अनुसंधान की जिम्मेदारी सौंप गई है।

### विदेशी शराब सहित एक देशी कट्टा को किया बरामद

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गपुर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से करीब 100 लीटर देसी और विदेशी शराब सहित एक देसी कट्टा बरामद किया है जानकारी देते हुए पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गत मंगलवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुजफ्फर गंज के गांव में छापामारी कर 35 बोतल विदेशी शराब एवं एक देसी कट्टा बरामद किया साथ ही एक शराब डिलीवरी करने वाले बेगमपुर गांव निवासी राजकिशोर उर्फ आजाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खड़गपुर के पटेल चौक से 52 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पटेल चौक के पास शराब की बिक्री की जा रही है पुलिस ने धंधे बाज को नहर स्थित घर पर छापामारी कर डब्लू चौधरी को 47 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया जिसमें 6 लीटर देसी और बाइक की डिग्गी से तथा 41 लीटर घर से के अंदर से बरामद किया गया है वहीं दूसरी ओर पुलिस ने डब्लू चौधरी के दूसरे भाई बहादुर चौधरी को सीतूहार मुसहरी स्थित घर पर छापामारी कर 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है ज्ञात हो कि पुलिस की आपाधापी और बड़ी कार्रवाई के बावजूद भी आज भी खड़कपुर ही नहीं पूरे मुंगेर जिला में प्रतिदिन शराब की अवध डिलीवरी और बिक्री पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है।

### बायो मेडिकल वेस्ट कचड़े के उठाव को लेकर हुई बैठक : डीएम

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में बायो मेडिकल वेस्ट कचड़े को लेकर सीएनर्जी कंपनी व संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में सिविल सर्जन अंजना कुमारी ने बताया कि सदर अस्पताल सहित जिले के सभी अस्पतालों के प्रांगण से संबंधित एजेंसी के कर्मियों द्वारा बायो मेडिकल वेस्ट कचड़े (जैव चिकित्सीय अपशिष्ट) का उठाव किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएनर्जी के प्रतिनिधि बबलू नारायण ने कहा कि जिले के लगभग 675 क्लीनिक व नर्सिंग होम से वे बायो मेडिकल वेस्ट का उठाव कर रहे हैं, इसके लिए प्रतिदिन चार गाड़ियां चलती है, उठाव के लिए प्रतिमाह 1814 रुपए चार्ज किया जाता है। वही पशुपालन विभाग से उठाव नहीं हो पा रहा है, इसी क्रम में डीपीएम हेल्थ ने बताया कि इकरारनामा के अनुसार 48 घंटे में एक बार डिस्ट्रॉय कचड़े का उठाव एजेंसी को करना सुनिश्चित है। वही नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि कचड़े का उठाव कर लिया जाता है यह हमे ज्ञात नहीं है। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने एजेंसियों के संबंधित पदाधिकारी को एक पंजी बनाने एवं उठाव का समय, तिथि अंकित करने के साथ-साथ जिओ लोकेशन वाला फोटो करवाने का भी निर्देश दिए हैं। इस पर सीएनर्जी के प्रतिनिधि ने बताया कि कंपनी द्वारा सभी संस्थाओं का बार कोडिंग किया जा रहा है, उसके लिए एक ऐप लेना सुनिश्चित होगा, जिसके लिए 7078 रुपया प्रतिवर्ष देना अनिवार्य होगा।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुदामा प्रसाद के नामांकन समारोह को लेकर अतिमहत्वपूर्ण बैठक किया गया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र इंडिया गठबंधन (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा माले) के प्रत्याशी का० सुदामा प्रसाद जी के नामांकन समारोह की सफलता और गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में स्थानीय पार्टी कार्यालय शहिद भवन, आरा पर एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। बैठक में नामांकन समारोह के सफल संचालन व प्रत्याशी की जीत शुनिश्चित के लिए मुख्य अतिथि बतौर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की तरफ से नियुक्त पूर्व विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह ने सभी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवम आमजनों से नामांकन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील किया। कांग्रेस राष्ट्रीय विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव डॉ शशि कुमार सिंह ने प्रधान मंत्री को डपोरशंखी बताते हुए कहा कि आजाद भारत के इतिहास में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से झूठ बोलने वाला कोई प्रधान मंत्री नही हुआ है। देश की जनता अब पूरी तरह 2024 में राहुल गांधी को हर-हाल में प्रधान मंत्री के रूप में देखना चाहती है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अशोक राम ने कल के नामांकन की सफलता की तैयारी पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए सभी से सुबह 9 बजे पार्टी कार्यालय में पहुचने की अपील की ताकि झंडा-बैनर के साथ अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

बैठक में जिला अध्यक्ष अशोक राम, पूर्व विधान परिषद डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. निर्मल सिंह, प्रो. डॉ शशि कुमार सिंह, पूर्व प्रवक्ता सत्यप्रकाश राय, रजि अहमद, प्रेम प्रकाश पांडेय उर्फ झुना पांडेय, जितेंद्र शर्मा, शाहपुर प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, घनश्याम उपाध्याय, रतन धमालिया, सत्यनारायण लाल, प्रभा सिंह यादव, रामानुज दूबे, मुकेश चंद्रवंशी, बिजेन्द्र यादव, नंद जी राम, नागेंद्र मिश्र, रवि राम, तीर्थ नाथ दूबे, बद्री विशाल सिंह, लुटावन चौरसिया, अशोक राय, अशोक सिंह, शिव शंकर चौबे, रोहित तिवारी, कृष्णा प्रसाद, राम मूरत राम, गजेंद्र चौधरी, गोरख नाथ सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## रेलकर्मियों ने 1974 के रेल हड़ताल की 50वीं वर्षगाठ मनाईः मनोज पांडेय

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। रेलवे मे सबसे बड़ी हड़ताल आल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के नेतृत्व मे हुआ था जिसमे हजारो की संख्या मे रेलकर्मियों ने भाग लिया था! जिसमे हजारों रेलकर्मियों को सेवा बरखास्त कर दिया गया था और कुछ साथी पुलिस की गोली से शहीद भी हुए थे! आज उसी दिवस के 50 साल पुरा होने पर ईसीआरकेयू के बैनर तले पुरे जोन मे कार्यक्रम आयोजित की गयी! जिसके तहत आरा स्टेशन परिसर मे यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व मे मनाया गया। रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए मनोज पांडेय ने कहा की उस समय रेलकर्मियों ने निम्न मांगो को लेकर हड़ताल की शुरूआत की जिसमे रेलकर्मियों को बोनस, नैमित्तिक श्रम प्रणाली की समाप्ति, महंगाई भत्ते मे सुधार, 5 पांच लाख रेलकर्मियों का कैजुअलाइजेशन, जैसे कई मांगे भी शामिल थी। सरकार ने मांगे न मानकर फेडरेशन के नेताओं की गिरफ्तारी शुरू कर दी जिसका परिणाम 08 मई 1974 को हड़ताल शुरू हो गया जो 27 मई तक चला। इसी हड़ताल का सार्थक परिणाम हैं की आज रेलकर्मियों को प्रतिवर्ष बोनस का भुगतान होता हैं। आज के कार्यक्रम मे केंद्रीय पदाधिकारी मनोज पांडेय, अशोक कुमार आर के सिंह, बिंध्याचल शर्मा, संजय कुमार दुबे, मनजी यादव, सरबजीत सिंह के साथ बहुत से रेलकर्मी उपस्थित थे।

## योगेन्द्र चौधरी की 21वीं पुण्यतिथि पर 100 जरूरतमंदों के बीच पोशाक व पाठ्य सामग्री वितरित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय योगेन्द्र इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग टेनिंग अनाईठ में योगेन्द्र चैधरी की 21वीं पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें स्व. चैधरी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की विस्तृत चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। स्व. चैधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगेन्द्र इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग टेजनिंग के निदेशक सरोज कुमार ने कहा कि मेरे पिता स्व. योगेन्द्र चैधरी आजीवन गरीबों की शिक्षा एवं जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत रहे। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैंने इस नर्सिंग टेजनिंग संस्थान में शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया। साथ ही यहाँ पढ़नेवाली गरीब एवं मेधावी छात्राओं को हरसंभव सहयोग किया गया। आगामी छात्रवृत्ति टेस्ट में बेहतर अंक लानेवाले प्रतिभागियों को संस्थान शुल्क भी माफ करेगा। इस अवसर पर अनाईठ क्षेत्र के करीब 100 मुसहर जाति के बच्चों को वस्त्र एवं पाठ्य सामग्री वितरण करते हुए श्री कुमार ने कहा कि नई आशा के द्वारा संरक्षित मुसहर जाति के इन बच्चे-बच्चियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनके द्वारा हरसंभव सहयोग किया जायेगा। इस अवसर पर नर्सिंग टेजनिंग संस्थान की प्राध्यापिका एवं छात्राओं ने भी संस्थान के आदर्शो के अनुरूप जीवन में जरूरतमंदों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. भीम सिंह भवेश, वार्ड पार्षद विजय चैधरी एवं श्रीकांत जी, सुनिता कुमारी, अंकुर राज, रिंकु चैधरी आदि ने भी स्व. योगेन्द्र चैधरी के समाजसेवा की चर्चा की। मौके पर श्रीमती वीणा सिंह, अंजली देवी, सोना कुमारी, मानस कुमार, रमेश कुमार, जयप्रकाश दास, अंशुमान सिंह, सुगंध कुमार, अमन बिहारी सहित नर्सिंग टेजनिंग संस्थान के शिक्षक, छात्रा व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति कार्तिक नवमी दान के लिए उपयुक्त काल : श्रीमद राधा मोहन शरण जी महाराज



तरारी। तरारी प्रखंड के जेठवार भट्ट गाँव में माँ बरेजी ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन हजारों श्रद्धालूओं भागवत कथा का श्रवण किया। श्रीमद जगद्गुरु निम्बकाचार्य पीठाधिश्वर स्वयंभु श्री राधा मोहन शरण देवाचार्य जी महाराज ने भागवत कथा में ब्रम्ह और माया को विस्तार से समझाया। श्री राधा मोहन शरण महाराज ने कहा कि संसार को बनने वाला, पालन करने वाला और संहार करने वाला ही ब्रम्ह हैं। इस संसार में एक ब्रम्ह के अतिरिक्त दूसरा कुछ भी नहीं हैं। माया भस्मान सत्ता हैं और आत्मा विद्यमान सत्ता हैं। जो हैं नहीं वो दिखाई पडती हैं, और जो हैं वो दिखाई नहीं पड़ता। जैसे हमारा शरीर। जन्म से पहले हमारा शरीर नहीं था, मृत्यु के बाद भी हमारा शरीर नहीं रहेगा।भगवान ब्रम्हा द्वारा भगवान कृष्ण की परीक्षा लिए जाने का वर्णन करते हुए श्रीमद जगद्गुरु ने कहा कि भगवान संसार के रूप में दिखाई पड़ते हैं, भगवान के रूप में दिखाई नहीं पड़ते।भगवान के अलावा संसार में कोई दूसरी वस्तु हैं ही नहीं। दान का वर्णन करते हुए श्री महाराज ने कहा कि दान देने के लिए देश, काल और पात्र का चयन जरुरी हैं। अक्षय तृतीय, मकर संक्रांति कार्तिक नवमी दान के लिए उपयुक्त काल माना जाता हैं। यज्ञ में रासलीला विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहा। रासलीला देखने को हजारों की संख्या में श्रद्धालूँ आ रहें है। माँ बरेजी ट्रस्ट व आयोजन समिति के वरीय सदस्य कुमार विनय ने बताया कि अन्य जगह पर मदिर के प्रतिष्ठापन के लिए माँ बरेजी से अनुमति हेतु आज से अखंड हरिकीर्तन का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ हैं।

## जिंदा को बिक्रमगंज थाना पुलिस ने बनाया मृत एसपी को सूझ रहा मजाक

बिक्रमगंज (रोहतास)। बिक्रमगंज थाना के पुलिस का एक अजीब गरीब हरकत सामने आया है जहां जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित कर पोस्टमार्टम करा दिया। इस मामले को जब रोहतास एसपी विनीत कुमार को सूचना दी गई तो उन्होंने मजाक उड़ाया और मिडिया कि आए दिन खबरें कि त्रुटियां बताने का कोशिश के साथ परहेज करने की नसीहत दे डाली। दरअसल पूरा मामला रोहतास जिले के बिक्रमगंज इलाके में दो ट्रकों की टक्कर में एक वाहन की चालक तथा संचालक की मौत से जुड़ा हुआ है। यूपी के संतकबीरनगर के प्रधान राधेश्याम मौर्य ने बताया कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना पेट्रोल पंप के पास दो ट्रक में टक्कर हो गई इसमें एक ट्रक के चालक शिव कुमार तथा सहचालक मोहम्मद समीम पिता समीउल्लाह ग्राम भेलान खुर्द को मृत बताकर दोनों शवों को सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद जब आश्रीतों के शव स्वीकार करने कि बारी आई तो पुलिस कि इस हरकत को देखकर लोग अचंभित हो गए हैं। जहां खुलासा हुआ कि मोहम्मद समीम जो जिंदा है जो यूपी में अपने घर पर हैं। जबकि इस घटना में बताया गया कि सहचालक यूपी के बड़गो निवासी मोहम्मद शब्बीर के पुत्र समीम कि मौत हुई है। ऐसे में सदर अस्पताल सासाराम में खुलासा होने पर घंटों देर तक हाय-तौबा मचा रहा।

# एनडीए प्रत्याशी के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

प्रात : किरण संवाददाता



गया।जहानाबाद लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी जी की नामांकन सभा जहानाबाद के गाँधी मैदान में आयोजित किया गया, नामांकन सभा में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, बिहार के मंत्री विजय चौधरी, श्रवण कुमार, सुमित सिंह भारत रत्न जननायक कपूरी के सुपुत्र एवं राज्य सभा सांसद राम नाथ ठाकुर, राज्य सभा सांसद संजय झा, हम(से) जनता दल यूनाइटेड, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, एलजीपी के अध्यक्ष चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, राज्यसभा सांसद भीम सिंह चंद्रवंशी जनता दल यूनाइटेड के जहानाबाद लोकसभा प्रभारी भगवान सिंह कुशवाहा, अरुण कुमार एवं सभी दल के नेता,कार्यकर्ता,पार्टी के प्रभारगण एवं जनता-जनार्दन का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

नामांकन सभा में उपस्थित जनता दल यूनाइटेड,बिहार के प्रदेश सचिव सह जहानाबाद लोकसभा के अतरी विधानसभा प्रभारी डॉ. चन्दन कुमार यादव ने कहा कि यह नामांकन सभा में उमड़ा जनसैलाब विपक्षियों के नींद उड़ाने के लिए काफी है, यहाँ से साफ संदेश जा रहा है कि देश अपने प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी एवं राज्य अपने मुख्यमंत्री आदरणीय नीतीश कुमार के साथ खड़ा है एवं उनके द्वारा किये गए राज्य और राष्ट्र निर्माण में किये गए कार्य को जनता ध्यान में रख कर अपने सांसद का चुनाव करेगी और चंदेश्वर चंद्रवंशी एक सरल स्वभाव के व्यक्ति है एवं एनडीए के प्रत्याशी हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं में कभी जात और परिवार को बढ़ावा देने का सोच नहीं रहा उनके लिए पूरा देश और राज्य और परिवार है और उनके विकास के लिए काम करते है। देश में आज नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री है जिनका व्यक्तित्व और विकासात्मक कार्य पूरे विश्व को प्रभावित कर रहा है इनके सरकार का संकल्प रहा है कि सब का साथ-सब का विकास एवं सब का विश्वास और दूसरे तरफ बिहार को जंगल राज से निकल कर विकासशील बिहार बनाने वाले न्याय के साथ विकास के संकल्प को ले कर चलने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है इन सब बातों को जहानाबाद की जनता बखूबी जानती है एवं उनका जनसैलाब यह बता रहा है कि एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी के अलावा जहानाबाद में कोई मैदान में नहीं है,श। डॉ. यादव ने कहा कि यह चुनाव हम लोग नामांकन के समय हीं जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से जीत चुके जी बस जीत का मार्जिन और बढ़ाने की दिशा में हम सभी को काम करना है।

## दो हाइवा के आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर, दो की मौत, दो जख्मी रेफर

प्रात : किरण संवाददाता

### रफ्तार की कहर सातवें आसमान पर, कानून की कोई नहीं है डर



बिक्रमगंज (रोहतास) : एनएच 120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना गांव के फर्स्ट चॉयस के समीप यात्री शेड के पास गुरुवार की बालू लदे हाइवा एवं खाली हाइवा के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। साथ हीं साथ सड़क के किनारे बने यात्री शेड भी पूरी तरह से धाराशाई हो गया। एन एच 120 पर चलने वाली गाड़ी के स्पीड का कोई लिमिट नहीं है कानून और प्रशासन का भय वाहन चालकों के मन से निकल चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एवं आम लोगों से पूछताछ के दौरान लोगों ने बताया कि प्रशासन से मिली भगत से बिना चलान के बालू की गाड़ी इतनी तेज चलती है कि नित्य दिन एसिडेंट होते रहते है। ओभर लोडेड बिना चालान के गाड़ी धड़ल्ले से रोड पर दौड़ती है। जिसके चलते कितनी का जान चली गई और कितनी की जान जाएगी। लोगों का कहना है आखिर बालू वाला गाड़ी से ही हर जगह स्टीडेंट होती है और पुलिस की जांच केवल दिखौती ही होती है रिजल्ट के नाम पर जीरो। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि घटित घटना के क्रम में हाइवा चालक मृतक शिव कुमार एवं मोहम्मद शमीम सह-चालक गोरखपुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया जाता है। साथ ही साथ दूसरे ट्रक के चालक एवं सह-चालक बुरी तरह से जख्मी हो गए है। जिनका प्राथमिक इलाज कर रहे चिकित्सकों के अनुसार नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है।

## काराकाट से पवन सिंह ने किया नामांकन, एक झलक पाने को उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास)। काराकाट लोकसभा सबसे हॉट सीट बन गई हैं। जहां भोजपुरी के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने आज अपना नॉमिनेशन कर दिया इसके बाद वह अपने समर्थकों के साथ के साथ प्रेम नगर हाई स्कूल स्थित सभा स्थल पर पहुंचे जहां पवन सिंह के लिए दो-दो स्टेज बनाए गए थे वही सभा स्थल पर कड़ी धूप में भी उनके फैंस काफी देर तक इंतजार करते देखे गए वही पवन सिंह के पहुंचते ही पावर स्टार पवन सिंह को देखने के लिए भीड़ इस तरह उत्साहित हुई की आसपास लगे बैरिकेडिंग को भी तोड़ दिया किसी तरह बाउंसर की मदद से पवन सिंह स्टेज पर पहुंचे। जहां पहले से ही भोजपुरी के दर्जन भर कलाकार उनके स्वागत में खड़े थे। आनंद मोहन, वर्षा तिवारी, गोलू राजा, अरविंद कुमार उर्फ कल्लू, शिल्पी राज, विजय चौहान अंकुश राजा शिवानी सिंह, सर्वजीत सिंह, नील कमल सहित दर्जन घर से ज्यादा भोजपुरी के चर्चित गायक पवन सिंह की अगवानी में खड़े रहे और भोजपुरी गीतों से समा बांधा तथा पवन सिंह के लिए वोट करने की अपील की। पवन सिंह ने कहा कि काराकाट आज देश दुनिया की निगाह पर है। देश मे विकास हुआ पर काराकट अछूता रहा वही उन्होंने बिना किसी का नाम लेते हुए कहा कि यहाँ के कुछ उम्मीदवार वोट के लिए लोगो को मुर्गा भात खिला रहे है तो जान लें जनता किसी के बहकावे में नही आने वाली

उन्होंने कहा कि जात पात पर आखिर कब तक ये लोग हमें लड़ाते रहेंगे जात पात से ऊपर उठिए और पवन को जिताई जा। वही सभा के उपरांत पावर स्टार

पवन सिंह ने लोगो से आशीर्वाद मांगा और वोट देने की अपील की इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी ज्योति सिंह व माँ प्रतिमा सिंह भी साथ थी जिन्होने अपने बेटे पवन के लिए वोट मांगा। हमारे विरोधियों के द्वारा अक्सर कहा जा रहा कि 18 से 25 साल वाले पवन के साथ है यह रोड साईड लफंटर है सिर्फ सेल्फी लेने के लिए फोटो खिंचवाने के लिए भीड़ जमा हो रही है तो हम उन लोगो को इतना ही कहना चाहते है कि कान खोल कर सुन लीजिए 18 से 25 साल वाले ये युवा आपके लिए लफंटर हो सकते है। पर मेरे लिए यह शक्ति है। देश मे जब जब भी बदलाव आता है तो यही युवा क्रांति लाते है।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के जलभारी में पहुंचे जिप सदस्य विकास सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भभुआ प्रखंड के अलीपुर गांव में पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन जलभरी में पहुंचे भभुआ जिला परिषद् सदस्य विकास सिंह उर्फ लालू पटेल मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि उपेन्द्रआचार्य जी महाराज के द्वारा पांच दिवसीय लक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन अलीपुर गांव में किया जा रहा है जिसमें आज जल भारी का कार्यक्रम है अलीपुर गांव के जनता के साथ-साथ मुहुअत पंचायत के गांव के जनता भी जलभरी में शामिल हुए हैं जलभरी मे सैकड़ो महिला और सैकड़ो पुरुषों ने भाग लिया है दुर्गावती नदी में स्नान कर पवित्र जल लेकर यज्ञ स्थल के लिए सभी श्रद्धालु रवाना हुवे अलीपुर से जलपरी के लिए रवाना हुए श्रद्धालुओं का बीच-बीच में पडने वाले जो भी गांव हैं जिममे परशुरामपुर, लीलापुर ग्रामीणों ने शरबत से सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया धार्मिक अनुष्ठानों से मन को शांति मिलती है तमाम तरह की विकृतियां दूर होती हैं यज्ञ कार्यक्रम से वातावरण शुद्ध होता है तथा प्राकृतिक संतुलन भी बना रहता है वही कार्यक्रम में मोहम्मद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार, मुन्ना यादव,संतोष दुबे नवल किशोर तिवारी रवि पाठक विशाल तिवारी शंभू चंद्रवंशी एकादशी पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ताड़ी नहीं पिलाने पर बदमाशों ने युवक को गोली मारकर किया जख्मी, रेफर



कैमूर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बबुरहन गांव में चेंबर पर ताड़ी नहीं पिलाने पर बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। जानकारी के मुताबिक चैनपुर थाना क्षेत्र के बबुरहन गांव निवासी दीनानाथ सिंह के 19 वर्षीय पुत्र प्रभात पटेल बताया जाता है। घटनास्थल पर मौजूद लोग व घायल युवक ने बताया की गांव के ही दो बदमाशों द्वारा उसके चेंबर पर पहुंच गया तो युवक अपना सब्जी का खेत की फसल को देखभाल कर रहा था। वहां से कुछ ही दूरी पर ताड़ीखाना था जहां दोनों बदमाशों ने ताड़ीखाना से जबरदस्ती ताड़ी लाने को कहा। वही ताड़ी लाने के बाद जबरदस्ती पिलाने को लेकर बात कही। जब युवक ने इसका विरोध करने लगा तो दोनों बदमाशों ने युवक को चेंबर से 200 मीटर दूरी पर ले जाकर मारपीट करने लगा। वहीं मारपीट में युवक अपने आप बचाव करने लगा तो बदमाशों ने देशी कट्टा से उसके हाथ में गोली मार दिया।

## बीपीएससी नृत्य अध्यापिका हर्षिता विक्रम ने कथक स्व मन मोहा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। लीजेंड बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा मेमोरियल कल्चरल सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम गुरुवासरे संगीत सभा का उद्घाटन वरिष्ठ संगीतज्ञ श्री चंद्रमोहन ओझा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। स्थानीय महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में संगीत सभा को संबोधित करते हुये चंद्रमोहन ओझा जी ने कहा कि एक ओर आरा में शास्त्रीय संगीत की परंपरा का इतिहास स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है तो वर्तमान की सांगीतिक गतिविधियां एक सुंदर और सुखद भविष्य को गढ़ रहीं है। आरा में संगीत नृत्य का वातावरण अनुकरणीय है जहां निरंतर व अनवरत साधना का पुष्प सुगंधित हो रहा है। इस अवसर पर बीपीएससी नृत्य अध्यापिका हर्षिता विक्रम ने कथक प्रस्तुत कर मन मोह लिया। हर्षिता ने कथक की शुरूआत गणेश वंदना से करते हुये तीनताल में उपज, ठाट, आमद, परन व तिहाई प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायन संगति अजीत पाण्डेय व तबला संगति गुरु बक्शी विकास ने किया। मंच संचालन आदित्या श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन रविशंकर ने किया। इस अवसर पर विदुषी बिमला देवी, कवियित्री डॉ. किरण कुमारी, श्री दिनेश्वर प्रसाद, श्री राणा प्रताप सिन्हा, कथक नर्तक अमित कुमार, , शास्त्रीय गायक महेश यादव, स्नेहा पाण्डेय, संरक्षक सुशील कुमार 'देहाती', श्रेया पाण्डेय, आदित्य कुमार, मनीष कुमार सिंह समेत कई संगीत रसिक व प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## कुंवर सेना के अध्यक्ष ने आरके सिंह के कार्यों पर कई सवाल खड़ा किए

### सांसद अपने सांसद निधि का पैसा भी पांच वर्ष में खर्च नही कर पाए : सुरेंद्र सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। कुंवर सेना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सुरेंद्र सिंह ने केंद्रीय मंत्री सह आरा के एनडीए उम्मीदवार आरके सिंह के कार्यो पर कई सवाल खड़ा किए। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि खुद आरके सिंह अपने को विकास पुरुष के नाम से प्रचलित करते है। लेकिन 17 करोड़ से ज्यादा पैसा अभी एमपी फंड का ऐसे ही रखा हुआ है। आरके सिंह ने उस पैसे को क्यों नहीं खर्च किए।सुरेंद्र सिंह ने कहा जो सांसद अपने सांसद निधि का पैसा भी पांच वर्ष में खर्च नही कर पाए उसको विकास पुरुष कहना हस्पद है।जब 2014 में चुनाव जीते थे तो उन्होंने एक घोषणा किया था और घोषणा किया था कि आरा लोकसभा का सोन नहर का पक्कीकरण और आरा शहर को जाम से छुड़ाने के लिए धड़हरा पुल से लेकर चंदवा रोड तक जो बांध का रोड है। उसे बनवाएंगे। ताकि जाम से मुक्ति मिले। आरा एक पुराना शहर है यहां बिजली के पोल को हटाकर बिजली अंडर ग्राउंड करवाएंगे और रोड का चौड़ीकरण करवाएंगे। आरा शहर का आरा स्टेशन से लेकर गांगी पुल तक कितना बड़ा नाला है। कितना जाम रहता है कितना गन्दा रहता है। उन्होंने कहा कि उसको साफ करके सुधृढ़ीकरण करेंगे। लेकिन आज तक कोई काम नहीं हुआ। वहीं पहले जैसे बक्सर से पटना जा रहे फोर लेन एवम आरा मोहनिया फोर लेन रोड का निर्माण इनके सांसद बनाने से पहले का सुरुवात है।जो बना है यह काम 2012 के समय का है। उस दौरान नरेंद्र मोदी जी भी प्रधानमंत्री नहीं थे।बक्सर पटना फोर लेन का गैमन इंडिया लिमिटेड कंपनी का काम मिला था जिस का प्लांट अमराई नवादा में था एवम आरा मोहनिया का काम चढ़ा एवम चढ़ा को काम मिला था जिस का प्लांट जगदीशपुर के पास बना था लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सासाराम स्थित पत्थर का खादान को बंद कर दिया था जिस के कारण काम रुक गया और मामला उच्च न्यायालय में चला गया। आरके सिंह कहते है कि आरा स्टेशन पर कई ट्रेनें अब रुकती है। तो क्यों नहीं रुकेगी, आरा की आबादी पहले एक लाख थी और अब 20 लाख हो गई है। तो कस्टमर बढ़ा है राजस्व बढ़ा तो जब राजस्व बढ़ा है पब्लिक आएगा, तो रेलवे का विस्तार नहीं होगा स्टेशन का विस्तार नहीं होगा। पहले तूफान एक्सप्रेस चलता था, आज इतना पब्लिक है तो ट्रेन नहीं रुकेगी। ट्रेन का विस्तार होना तो विकास हो गया।राजकुमार सिंह सौर ऊर्जा मंत्री 2019 के चुनाव में उन्होंने वादा किया हमे हजार एकड़ बंजर जमीन चाहिए जिस में शौर्य ऊर्जा प्लांट लगाएंगे ताकि किसानों को बिजली का बचत भी होगा और मार्केट में जो बेचेंगे उनको मुनाफा भी मिलेगा मैने उनको बताया कि शाहपुर के लालू के डेरा से बरसिंगा, बरजा, पिपरपाती के रास्ते होते हुए एकौना, संदेश, सहार बिहटा तक सब गंगा और सोन नदी का एरिया है।हजारो हजार एकड़ जमीन खाली पड़ा हुआ था उस पर भी अगर सोलर एनर्जी प्लांट भी लगवा देते तो आरा लोकसभा के कम से कम एक लाख लोगों को रोजगार मिलता और बिजली भी मुफ्त मिलती। आरके सिंह एक सोलर ऊर्जा मंत्री है।

### झमा झम बारिश होने से आम जन ने ली राहत की श्वास

बरियारपुर (मुंगेर)।बरियारपुर प्रखंड श्रेत्र में झमा झमा बारिश होने से आम जनों ने राहत की श्वास ली। बताया जाता है कि आज के बारिश से हरिण मार, झोवाबहिया, कल्याण टोला, बरियारपुर उत्तरी,रतनपुर, बरियारपुर दक्षिणी, पड़िया, नीरपुर, करहरिया पश्चिमी, करहरिया पुर्वी, करहरिया दक्षिणी पंचायत में लोगों को गर्मी से राहत मिला है। हरिण मार पंचायत के मुखिया कर्मा देवी ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत के 19 वार्डो में बारिश का असर देखने को मिल रहा है। इस उमस भरी गर्मी से थोड़ा राहत मिल रहा है। कल्याण टोला पंचायत के मुखिया संजय कुमार शर्मा ने कहा हमारे पंचायत मे गर्मी से निजात मिला है।रतनपुर पंचायत की मुखिया पुजा कुमारी व उपसरपंच मुकेश कुमार यादव ने कहा हमारे यहां किसानों ने अपने खेतों पर जोताई का कार्य युद्धस्तर पर प्रारम्भ हो चुके हैं।बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि बिनय कुमार गुड्डू ने बताया कि हमारे पंचायत मे बारिश का प्रभाव देख आम जनो ने ली राहत महशुस कर रहे है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 10 मई, 2024



# सावि-ए ब्लडी हाउसवाइफ में एक्शन अवतार में दिखेंगी दिव्या खोसला



**अभिनेत्री दिव्या खोसला सावि- ए ब्लडी हाउसवाइफ से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बीते दिन फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। वहीं, अब फैंस के उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा टीजर जारी कर दिया है। दूसरे टीजर में दिव्या खोसला का एक बार फिर दमदार अवतार फैंस को देखने को मिला।**

### दो दिन में रचेंगी बड़ी साजिश

टी सीरीज के जरिए जारी किए गए दूसरे टीजर में सावि के रूप में दिव्या खोसला को एक्शन करते हुए दिखाया गया है। वे चोटिल हैं और उनके हाथ भी खून से रंगे हुए हैं। ऐसे में वे किसी पर बंदूक से निशाना लगाती हैं। फिर वे कहती हैं कि उनके पास केवल दो दिन बचे हैं जेल ब्रेक करने के लिए, लेकिन उन्हें समझ नहीं आ रहा कैसे करें। वे सबसे उनके लिए प्रार्थना करने के लिए कहती हैं।

### पहला टीजर भी था दमदार

इस पहले जारी किए गए पहले टीजर में दिव्या खोसला को बड़ा बयान देते हुए सुना गया था। उन्हें यह कबूल करते हुए दिखाया गया है कि उनके पास तीन दिनों के बाद लंदन में जेल ब्रेक की साजिश रचने और उसे अंजाम देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वे एक साधारण गृहणी हैं, लेकिन आखिरकार उन्होंने अपने हाथों को खूब से क्यों रंगा है? यह टीजर ऐसे कई सवाल पैदा कर रहा है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। किरदार देव की फिल्म सावी का निर्माण विशेष मनोरंजन और टी-सीरीज के बैनर मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है। शिव चाना और साक्षी भट्ट सह-निर्माता के रूप में शामिल हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन एक्शन से भरपूर है। हालांकि, यह देखने के लिए कि एक साधारण गृहिणी के जेल से पीछे की कहानी क्या है और वह इसे कैसे प्रदर्शित करती है, इसके लिए फिल्म के रिलीज होने तक का इंतजार करना होगा। यह फिल्म 31 मई, 2024 को रिलीज होगी।



# अल्लू अर्जुन की पुष्पा फ्रेंचाइजी में काम कर पछता रहे फहद फासिल?

फहद फासिल वर्तमान में अपनी हालिया एक्शन कॉमेडी फिल्म आवेशम की सफलता का आनंद ले रहे हैं। अभिनेता की सुपरहिट परियोजनाओं में अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पाः द राइज भी शामिल है। एक डरावने खलनायक एसपी भंवर सिंह शेकावत के रूप में उन्होंने काफी चर्चा पैदा की। वहीं, अब पुष्पा 2ः द रूल में उनकी वापसी का भी दर्शकों को इंतजार है, लेकिन हाल ही में एक साक्षात्कार में फहद ने खुलासा किया कि फिल्म ने उनके या उनके करियर के लिए कुछ खास नहीं किया।

### पुष्पा से अभिनेता की यह शिकायत

दरअसल, हाल ही में दिए साक्षात्कार में फहद से पुष्पाः द राइज के बाद उनकी अखिल भारतीय स्वीकार्यता के बारे में पूछा गया। उन्होंने जवाब दिया कि उन्हें नहीं लगता कि पुष्पा ने उनके लिए कुछ किया है और यह बात उन्होंने निर्देशक सुकुमार से भी कही। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें इसे छुपाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे अपने बयान के प्रति ईमानदार हैं। किसी भी चीज का अपमान किए बिना वे मॉलीवुड में अपना काम करना पसंद करते हैं।

### मलयालम सिनेमा में है जिंदगी

उन्होंने आगे कहा कि पुष्पा के बाद लोग मुझसे जादू की उम्मीद करते हैं... नहीं। यह सुकुमार सर के लिए शुद्ध सहयोग और प्यार है। मेरा सामान यहां मलयालम सिनेमा में है। बहुत स्पष्ट रूप से, मेरा सामान यहां है। उन्होंने बहुत साफ तौर पर कहा कि उनकी जिंदगी मलयालम सिनेमा में है। पुष्पा 2ः द रूल में एसपी भंवर सिंह शेखावत आईपीएस के रूप में फहद फासिल की भूमिका पहले भाग की तुलना में अधिक स्क्रीन समय का वादा करती है।

### फहद को मिलेगी ज्यादा भूमिका

पुष्पा 2 में रश्मिका मंदाना अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ उनकी प्रेमिका के रूप में नजर आएंगी, जबकि फहद फासिल प्रतिपक्षी की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, सहायक भूमिकाएं सुनील, राव रमेश, अनसूया भारद्वाज और जगदीश निभाते हुए नजर आएंगे। पुष्पा 2ः द रूल की कहानी निर्देशक सुकुमार और श्रीकांत विसा द्वारा लिखी गई है। फिल्म इस साल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं उम्मीद है कि फहद फासिल को इस पर ज्यादा स्क्रीन टाइमिंग मिलेगी। फहद की फिल्म आवेशम ने बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

# राहत फतेह अली खान के साथ काम करना मेरा सपना रहा है

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने कहा कि आखिरकार उन्हें म्यूजिक वीडियो दोस्त बनके में राहत फतेह अली खान के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने खुद को भाग्यशाली बताया और कहा कि वह हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थीं। प्रियंका ने कहा, मैं राहत फतेह अली साहब का म्यूजिक बहुत सुनती हूं। मैं सचमुच उन्हें बहुत पसंद करती हूं। उनकी आवाज में जादू है और मैं हमेशा उनके साथ काम करने की चाह रखती थी और सौभाग्य से ऐसा हो रहा है। एक्ट्रेस ने कहा, उस चीज की कल्पना करें जिसके बारे में आपने सोचा है और वह सच में हो रहा है, तो आप बहुत उत्साहित और खुश होंगे। प्रियंका शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के किरदार से मशहूर हुईं। 2016 में उन्हें सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो बिग बॉस में देखा गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपनी लगातार बढ़ती लोकप्रियता के लिए टीवी को श्रेय देती हैं, प्रियंका ने कहा, निश्चित रूप से, मैं आज जहां हूं.. टीवी और रियलिटी शो की वजह से हूं।



# शिल्पा शिंदे ने खत्म किया चैनल के साथ झगड़ा, खतरों के खिलाड़ी 14 में हुईं शामिल!



ऐसा लगता है कि अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे का कलर्स चैनल के साथ झगड़ा खत्म हो गया है। दो साल पुराने गिले-शिकवे मिटा दिए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खबरें हैं कि शिल्पा शिंदे अब इस चैनल के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 में नजर आएंगी। यानी अब वह खतरों से खेलते हुए दिखेंगी और शो की कन्फर्म कंटेस्टेंट बताई जा रही हैं। हालांकि, अभी मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। शिल्पा शिंदे का झलक दिखला जा 10 के दौरान मेकर्स के साथ झगड़ा हो गया था। तब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में शो के जज करण जौहर, माधुरी दीक्षित और नोरा फतेही पर पक्षपात के आरोप लगाए थे। शिल्पा शिंदे ने दावा किया था कि मेकर्स ने निया शर्मा और रुबीना दिलैक को फेवर किया। रिपोर्ट के मुताबिक, सोर्स के हवाले से बताया गया है कि शिल्पा शिंदे और चैनल के बीच पैचअप हो गया है। शिल्पा ने सारे गिले-शिकवे भुला दिए हैं और वह खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा हैं। अब देखना यह होगा कि शिल्पा शिंदे स्टंट और एक्शन में क्या कमाल दिखाएंगी। वैसे बता दें कि झलक दिखला जा 10 के बाद शिल्पा शिंदे ने अपने इंस्टग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर किए थे। इनमें उन्होंने शो के जजों के साथ-साथ मेकर्स को भी घसीट लिया था। शिल्पा ने कहा था कि मेकर्स अपनी फेवरेट निया शर्मा और रुबीना को आगे रखते हैं।

# माधुरी दीक्षित ने परिवार को समय देने के लिए एक्टिंग से लिया ब्रेक



एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने ने अपने पति श्रीराम नेने के साथ परिवार को समय देने के लिए काम से ब्रेक लेने के अपने फैसले के बारे में बात की। किसका ब्रांड बजेगा पर बातचीत के दौरान, माधुरी ने अपने फैसले के बारे में बात की और कहा, मेरे लिए, यह उन सपनों में से एक है, जो मैंने खुद के लिए देखे थे। माधुरी ने 1999 में लॉस एंजिल्स के कार्डियोवैस्कुलर सर्जन श्रीराम से शादी की। उन्होंने 2003 में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया, जिसका नाम अरिन रखा और फिर दो साल बाद दूसरे बेटे रयान का जन्म हुआ। माधुरी ने कहा कि परिवार बनाना और बच्चे पैदा करना एक ऐसी चीज थी, जिसका वह हमेशा इंतजार करती थीं। 2022 में द फेम गेम से एक्टिंग में कमबैक करने वाली माधुरी ने बताया कि काम को छोड़कर परिवार को समय देने का फैसला करना आसान नहीं है।



# स्टारडम के आखिरी चरण की शूटिंग कर रहे आर्यन खान, इस दिन रिलीज होगी डेब्यू सीरीज

**बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान शोबिज की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं, लेकिन एक ट्विस्ट के साथ। आर्यन खान अपने करियर की शुरुआत अभिनय से नहीं, बल्कि निर्देशन से करने वाले हैं। वे अपनी पहली परियोजना में निर्देशक की भूमिका निभाएंगे। आर्यन छह-एपिसोड की वेब सीरीज स्टारडम के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत करेंगे, जिसमें शाहरुख, रणबीर कपूर और रणवीर सिंह की कैमियो भूमिकाएं हैं।**

### आखिरी चरण की शूटिंग जारी

स्टारडम की शूटिंग जून 2023 में ही शुरू हो चुकी थी। फिर 19 अप्रैल 2024 में गोवा में शूटिंग शुरू हुई। वहीं अब खबर है कि आर्यन फिलहाल स्टारडम के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके साथ ही सीरीज के बारे में नई दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं, जो इसकी रिलीज के बारे में है। खबर है कि इस ओटीटी शो को साल के अंत तक रिलीज किया जाएगा।

### इस दिन रिलीज होगी सीरीज

रिपोर्ट्स के अनुसार, आर्यन खान पूरे अप्रैल में स्टारडम की शूटिंग में व्यस्त थे। सीरीज की शूटिंग मुंबई के अंधेरी ईस्ट स्टूडियो से मड आइलैंड तक में हुई। अब आर्यन गोरेगांव में रॉयल पाम्स में स्टारडम पर काम कर रहे हैं। चर्चा है कि शूटिंग किसी अन्य स्थान पर जाने से पहले सप्ताह के अंत तक गोरेगांव स्थल पर चलेगी। इसके साथ ही आर्यन संपादन की देखरेख कर रहे हैं। हालांकि, शो की रिलीज पर कोई जल्दी नहीं है। टीम सीरीज को इस साल के अंत में रिलीज करने के लिए उत्सुक है।

### कई सितारों का कैमियो

सीरीज का निर्देशन आर्यन खान ने किया है। स्टारडम में लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेता के अलावा कथित तौर पर रणबीर कपूर, रणवीर सिंह और शाहरुख के वेब शो में विशेष भूमिका निभाने की उम्मीद है। इसमें बॉबी देओल और मोना सिंह भी नजर आएंगे। स्टारडम को आर्यन के पिता और सुपरस्टार शाहरुख खान का समर्थन प्राप्त है। सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है।



# ऋषभ शेट्टी ने कांतारा चैप्टर 1 पर दिया अपडेट

**ब्लॉकबस्टर कांतारा के बाद से ही फैंस इसके अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऋषभ शेट्टी इसका अगला पार्ट तो नहीं, पर प्रीक्वल जरूर लेकर आ रहे हैं, जिसका टीजर नवंबर 2023 में रिलीज किया गया था। उस टीजर को देख फैंस खुशी के मारे पागल हो गए थे, और तभी से जानने को बेचैन हैं कि कांतारा- चैप्टर वन कब आ रही है और क्या इसकी शूटिंग शुरू हो गई है? अब एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने खुद कांतारा वन को लेकर अहम अपडेट दिया है।**

ऋषभ शेट्टी ने बताया, हमने कांतारा वन की शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी शूटिंग अभी चल रही है। लेकिन मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहूंगा, क्योंकि सोशल मीडिया पर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मैं दर्शकों से कहना चाहूंगा कि वो हमारे प्रोडक्शन हाउस द्वारा दी गई जानकारी पर ही विश्वास करें। जब लोग सिनेमाघरों में आते हैं, तो उन्हें एक अच्छा अनुभव होना चाहिए। आजकल बड़े पर्दे से ज्यादा लोगों को खबरों में फिल्मों के बारे में देखने और सुनने को मिलता है। बेहतर होगा कि हम इसे खराब न करें और स्क्रीन के लिए बचाकर रखें।

### कांतारा चैप्टर वन में ऋषभ शेट्टी का लुक

ऋषभ शेट्टी ने यह भी बताया उन्होंने कांतारा - चैप्टर वन के लिए एक साल तक अपनी दाढ़ी को बढ़ाया है। इसलिए वह नहीं चाहते कि फिल्म से जुड़ा कोई भी राज बाहर आए और सारी मेहनत पर पानी फिर जाए। ऋषभ शेट्टी ने बताया कि वह लोगों की उम्मीदें नहीं तोड़ना चाहते।

### कांतारा चैप्टर वन का बजट

कांतारा - चैप्टर वन की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसका बजट 125 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह कांतारा से भी बड़ी और खतरनाक होगी। कांतारा का बजट 16 करोड़ रुपये था, और इसने बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये तक का कलेक्शन किया था। प्रीक्वल यानी कांतारा- चैप्टर वन के पहले शेड्यूल के लिए कर्नाटक के कुंडपुरा के तटीय इलाके में करीब 200×200 का भव्य सेट बनाया गया। फिल्म शूटिंग इसी इलाके में की जाएगी।

### परशुराम बनेंगे ऋषभ शेट्टी!

चर्चा है कि वह कांतारा- चैप्टर वन में ऋषभ शेट्टी परशुराम के किरदार में होंगे, जोकि एक बड़े शिव भक्त थे। दरअसल कांतारा की कहानी कर्नाटक के तुलूनाडू इलाके की बताई जा रही है, जिसे परशुराम सृष्टि कहा जाता है। हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से कुछ रिवील नहीं किया गया है।

# फिल्म वृषभ से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी शनाया कपूर

शनाया कपूर जल्द ही बॉलीवुड फिल्मों में अपना डेब्यू करेंगी। फिल्म वृषभ में साउथ के सुपरस्टार मोहनलाल भी नजर आएंगे।

शनाया अपनी फोटोज और वीडियो के जरिए सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। एकता कपूर की फिल्म वृषभ को कन्नड़ डायरेक्टर नंदा किशोर निर्देशित करेंगे। फिल्म वृषभ में शनाया कपूर, रोशन मेका के अलावा जहरा एस खान भी नजर आएंगी।



## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण चिकित्सक के प्रखंड कोषाध्यक्ष का निधन पर शोक सभा का आयोजन



सदर मुंगेर। सदर प्रखंड ग्रामीण चिकित्सक के कोषाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार गौतम के निधन पर विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद इकबाल की अध्यक्षता में मुंगेर जिला के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखंड कोषाध्यक्ष के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन रहकर डॉ. संजीव कुमार गौतम की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। डॉ. मोहम्मद इकबाल ने बताया कि उनके असामयिक निधन से पूरे ग्रामीण चिकित्सकों व क्षेत्र में शोक को लहर दौड़ पड़ी है। वे एक मेहनती, अच्छे और नेकदिल इंसान थे और सदर प्रखंड कोषाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार गौतम के परिवार से मिलकर श्रद्धांजलि दिया गया एवं शोक सभा में मुख्य रूप से ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वय समिति के जिला उपाध्यक्ष रामाकांत जी, जिला सचिव योगेंद्र जी, जिला मुख सलाहकार शाहिद इकबाल जी, जिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार, सदर प्रखंड अध्यक्ष डॉ. रंजन कुमार, सदर प्रखंड सचिव डॉ. हरे राम पंडित, डॉ. महबूब जी, डॉ. शंभू जी, टेटिया बम्बर, तारापुर, खड़कपुर, संग्रामपुर, धरहरा के सभी प्रखंड अध्यक्ष सहित अन्य ग्रामीण चिकित्सक भी मौजूद थे।

### 20 लीटर कच्चे शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार



बरियारपुर(मुंगेर)। थाना क्षेत्र के गंगा नदी के किनारे से एक शराब कारोबारी ने 20 लीटर कच्चे शराब के बोतल थैला में रख कर बेचने के लिए ले जा रहा था कि बरियारपुर गस्ती दल की नजर उस पर पड़ा। कारोबारी को गिरफ्तार कर बरियारपुर थाना लाया गया। पुछ ताछ के क्रम में कारोबारी ने अपना नाम बिनोद कुमार शर्मा ग्राम कल्याण टोला निवासी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि यह लम्बी अबधी से शराब निर्माण के धंन्धा में सक्रिय हैं। इसके विरुद्ध बरियारपुर थाना मे पूर्व से एक मामला 98/23 दर्ज हैं।

### विश्व थैलेसीमिया दिवस के मौके पर हुआ रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन

भागलपुर। शहीद जुब्बा सहनी केन्द्रीय कारा भागलपुर के बाह्य कैम्पस प्रांगण में ₹विश्व थैलेसीमिया दिवस₹ के अवसर पर निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निदेशानुसार किया गया है। इस मौके पर डॉ. अमित रंजन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, कृष्ण चन्द्र प्रसाद सिंह प्रयोगशाला प्रावैधिक, दौलत कुमार, प्रयोगशाला प्रावैधिक, दीपक कुमार प्रयोगशाला प्रावैधिक, मुकेश छिप्पा, स्टाफ नर्स, श्रीमति कंचन कुमारी, स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मी सदर अस्पताल भागलपुर के द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए थे। ₹विश्व थैलेसीमिया दिवस₹ के अवसर पर कारा अधीक्षक युसूफ रिजवान, सहायक अधीक्षक प्रमोद दास, सहायक अधीक्षक रौशन शर्मा, सहायक अधीक्षक कासिफ, प्रधान लिपिक जगदीश सिंह, प्रोग्रामर विभाष कुमार राय, डाटा ऑपरेटर आशीष कुमार, कक्षपाल चंदन कुमार, मनीष कुमार, कौशल कुमार, रणवीर कुमार, सिकेश कुमार एवं अन्य कारा कर्मी द्वारा बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया गया। इसके पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन कारा अधीक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया।

### बैंक के वित्तीय वर्ष की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न : महाप्रबंधक

भागलपुर। क्षेत्रीय दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का शहर के एक निजी होटल प्रांगण में जिले के सभी बैंक प्रबंधक के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में बिहार के महाप्रबंधक नागेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज के समीक्षा क्रम में वित्तीय वर्ष 23-24 में जो सभी शाखा प्रबंधको द्वारा बैंक से संबंधित लक्ष्य निर्धारित की गई थी, उक्त लक्ष्य को सफलता पूर्ण पूरा हुआ है या नहीं इसपर विचार किया गया है, साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 24-25 में बैंक के शाखा प्रबंधक को किस तरह से काम करना उसे लेकर योजना रणनीति तैयार कर बताया गया है। वही इसको लेकर बैंक शाखा प्रबंधक के बीच कई विचार व सुझावों को साझा कर बताया गया है। वही आगे महाप्रबंधक नागेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमारे बैंक के सहयोगी कर्मी अब गांव में जाकर आम लोगों के बीच बैंक से जुड़ी जानकारी साझा कर उन्हें बताएंगे और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारे बैंक में अन्य बैंकों की तुलना से लोन इंटरेस्ट कम है, इसलिए हमारे बैंक का ग्राहक बनें और बैंक से संबंधित लाभ का आनंद उठावे ये अपील ग्राहकों से करता हूँ।

# लोकसभा आम निर्वाचन का अंतिम चरण में चल रही है तैयारी

## ईवीएम रिसीविंग में प्रतिनियुक्ति कर्मियों को मास्टर ट्रेनरो द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन के चौथे चरण में 28 मुंगेर लोक सभा संसदीय क्षेत्र में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। इसके तहत गुरुवार को संग्रहालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में ईवीएम रिसीविंग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम रिसीविंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित ईवीएम रिसीविंग कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता देने जा रहे हैं। निर्वाचन का कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदान के पश्चात ईवीएम रिसीविंग का कार्य भी अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील है, इस लिए आप सबों को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसकी सही और स्पष्ट जानकारी रखें ताकि ईवीएम रिसीविंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। आपकी जरा सी लापरवाही गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। इस लिए मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और सजग हो कर इस निर्वाचन कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि आरडी एंड डीजे कॉलेज में डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर की स्थापना की गई है जहां से 165 मुंगेर एवं 166 जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के लिए आगामी 11 मई को ईवीएम डिस्पैच किया जाएगा जबकि 13 मई को मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम रिसीविंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए निर्धारित बेंच एवं कर्मियों की व्यवस्था की गई है जिनके द्वारा ईवीएम रिसीविंग का कार्य किया जाएगा।

आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मियों द्वारा ईवीएम रिसीविंग के दौरान इस बात का भी विशेष ध्यान रखना है की यदि ईवीएम रिसीविंग कराने में किन्हीं को फॉर्म भरने अथवा अन्य कार्य में परेशानी हो रही है तो आप स्वयं उनकी मदद कर कार्य को पूर्ण करेंगे। यह अवश्य ध्यान रखना है की ईवीएम रिसीविंग कार्य में किसी तरह की कोई लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता सामने न आए, अन्यथा संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी।

# स्वाभिमान के धनी महाराणा प्रताप का समारोह पूर्वक जयंती मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) । गुरुवार को तारापुर के कई हिस्सों में शौर्य पराक्रम और स्वाभिमान के अमर महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक सामाजिक कार्यकर्ता सहित विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों द्वारा मनाया गया । गौरतलब है कि स्वाभिमान के धनी महाराणा प्रताप ने संकल्प लिया था कि जब तक मैं शत्रुओं से अपनी पावन मातृभूमि को मुक्त नहीं कर लेता तब तक ना तो मैं महलों में रहूंगा ,ना सैया पर सोऊंगा ,और ना सोने चांदी अथवा किसी धातु के पात्र में भोजन करूंगा । इतना ही नहीं इनके लिए वृक्षों की छांव ही महल, घास ही बिछावन, और पत्ते ही उनके भोजन करने के पात्र होंगे । बता दे कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया । सर्वप्रथम जयंती मौके पर आए लोगों ने महाराणा प्रताप के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा निवेदित किया ।

राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप की सच्ची जयंती मनाने के लिए हम सभी लोगों को उनके बताए रास्ते शौर्य, पराक्रम ,और स्वाभिमान, के साथ जीवन में आगे बढ़ना होगा । इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी युवा लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि शेखर राणा आईटीसेल के जिला अध्यक्ष रोहित सिंह जयराम मंडल विनोद कुमार सिंह जीवन सिंह सहित कई लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन वृत्त पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर प्रकाश डाला ।

# 14 साल बाद हत्या मामले में हुई सुनवाई :अधिवक्ता

## न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पांच आरोपियों को दी आजीवन कारावास की सजा

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। व्यवहार न्यायालय प्रांगण स्तिथ एडीजे 10 के सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार की अदालत में लंबित प्रकरणों में चल रहे मामले में सजा के बिंदू पर गवाहों व अधिवक्ताओं की दलील के बीच सुनवाई की। वही न्यायाधीश ने हत्या मामले में सुनवाई करते हुए पांच आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनवाई की गई है। इसके पूर्व अदालत के समक्ष अपर लोक अभियोजक बिंदेश्वरी लाल यादव ने सरकार की तरफ से दलीलें पेश की और सभी अभियुक्तों को दोषी पाए जानें के बाद पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं पुरे मामले को लेकर अपर लोक अभियोजक ने बताया कि कहलगांव परिक्षेत्र के सनोखर थाना क्षेत्र अंर्तगत कांड संख्या 17/10 जुड़ा है। जहां स्थानीय ग्रामीण भद्दो हरिजन की जमीन विवाद को लेकर उसके पड़ोसियों के द्वारा पीटपीट कर हत्या कर दी गई थी, जिसमें पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार के बयान पर पांच आरोपी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। वही अपर लोक अभियोजक बिंदेश्वरी लाल यादव ने बताया कि पांच आरोपियो में मुख्य आरोपी सुबोध दास जो पेशे से शिक्षक था, उसने ही मृतक के जमीन को हड़पने की साजिश अपने सहयोगियों के साथ रचकर पूरे वारदात को अंजाम दिया था। न्यायालय ने मामले को गम्भीरता से देखते हुए आरोपी सुबोध दास, नरेश दास, मदन हरिजन, बिशन दास और दशरथ हरिजन को आजीवन कारावास की सजा सुनवाई की है। उन्होंने कहा कि आपको बता दे कि घटना 14 साल पुरानी है, जिस कारण आरोपियों को पटना उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी गई थी। जमानत के बाद निचली अदालत ने मामले में संज्ञान लिया और विगत 29 अप्रैल 2024 को पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जिसमें गवाहों की प्रस्तुति के बाद आरोपियों आज सजा सुनाई गई है।

# सदर अस्पताल परिसर में खड़ी पुरानी एंबुलेंस वाहन में अचानक आग लगने से मची अफरा तफरी

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिला जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल परिसर में अहले सुबह खड़ी पुरानी एंबुलेंस की गाड़ी में आग लग गई। आग लगने से एंबुलेंस गाड़ी धु धु कर जलकर खाक हो गया है, हलांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है लेकिन कयाश लगाया जा रहा है कि आसमान में हुई बज्रपात की वजह से ठनका गिरने के कारण आग लगी है। वही घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजू कुमार व आशुतोष कुमार मौके पर पहुंच त्वरित अग्निशमन यंत्र के जरिए आग पर काबू पाने की कवायद शुरू कर दी, काफी समय प्रयास के बाद सुरक्षा कर्मियों ने आग पर काबू पाने में सफल रहे थे। ज्ञात हो कि इससे पहले भी सदर अस्पताल परिसर में खड़ी पुरानी एंबुलेंस वाहन में ऐसी ही अगलगि की घटना घटित हुई थी, जिसमें की कई एंबुलेंस की गाड़ियां जलकर खाक हो गई थी। वही अब सवाल यह है इतनी बारिश होने के बावजूद अगलगी की घटना घटित हुई कैसे ये सवाल खड़े कर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना चल रहा है।

# पति के पुलिस बनते ही उसने पत्नि को दिखाया वर्दी का रौब : पीड़िता

## एसएसपी कार्यालय पहुंच पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

प्रात : किरण संवाददाता।



भागलपुर। इन दिनों जिले भर में शादी विवाह संबंधित विवाद को लेकर कई मामले आपने देखा होगा, लेकिन शादी का एक मामला ऐसा दिखा पीरपैंती परिक्षेत्र के सहायक थाना बाखरपुर गांव इलाके से उभरकर सामने आया रहा है, जिसे सुनकर आप आश्चर्य चकित हो दंग रह जाएंगे। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार पीरपैंती परिक्षेत्र के बाखरपुर थाना क्षेत्र इलाके में रहनेवाले एक युवक की पुलिस विभाग में नौकरी लगते ही अपनी पत्नी से पीछा छुड़ाने के लिए उसे जिंदा जला कर जान से मारने की कोशिश की है। मामले को लेकर पीड़ित महिला अपने न्याय की मांग को लेकर भागलपुर वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण पहुँची है। जहां मामले को लेकर बताया जा रहा है कि इलाके के एक रंजीत कुमार नामक युवक पर उसकी ही पत्नी सोनम कुमारी नामक महिला ने जान से मारने का आरोप लगाया है।

वही मामले को लेकर पीड़ित महिला सोनम का कहना है कि उसकी शादी विगत 11 मई 2022 को बाखरपुर इलाके के रंजीत कुमार के साथ विधिवत रूप से हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों पश्चात ही दोनों पति पत्नि के बीच में दहेज की बात को लेकर विवाद होना शुरू हो गया था। जिसे लेकर पीड़ित सोनम कुमारी ने अपने पति रंजित कुमार पर डेढ़ लाख रूपए दहेज लेने का आरोप लगाया है। वही उसने बताया कि वह लगातार हमसे पैसे की मांग करता था नही देने पर घर से निकल देने और जान से मारने की धमकी देने लगा था। वही जब किसी तरह सोचा कि चलो कुछ पैसे की जरूरत हुई हो तो ये सोचकर पीड़िता ने अपने पति रंजीत को रुपए की मांग पूरी करने हेतू उसने अपने पिता से लेकर दे दिये, लेकिन इसके बावजूद पैसे की मांग का सिलसिला यही नही रुका और ठीक 2 महीने बीत जाने के बाद फिर एक बार पति रंजीत ने पुनः पत्नी सोनम को अपने पिता से पांच लाख रुपये मांगने की बात कही। जिस पर पीड़ित सोनम के पिता ने उससे कहा कि उनके पास इतने रूपए नही है। वही पीड़िता सोनम ने रोते बिलखते हुए कहा कि पैसे नही देने पर उसके पति रंजीत ने उसपर केरोसिन छिड़क कर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया है, हालांकि समय रहते वहां से भाग निकली और अपने ननिहाल पहुंच कर अपनी जान बचाई है। जिसके बाद उसने अपने पति के खिलाफ स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज.करने का निर्णय लेने के साथ ही थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई, लेकिन उक्त मामले में पुलिसया कार्रवाई स्थील देख उन्होंने वरीय अधिकारियों से गुहार लगाने को लेकर चक्कर काट रही हैं। वही पीड़िता सोनम ने ये भी बताया कि वह शादी शुदा है लेकिन शादी के कुछ महीने बाद से पति का घर छोड़ मायके में रह रही है, जबकि उसके पति रंजीत ने पैसे के लालच में दूसरी शादी किसी प्रियंका नाम किसी लड़की से कर ली है। वही उन्होंने कहा कि पति पुलिस विभाग का एक मुनाजिम है, इसलिए प्रशासन स्तर पर उसके विरुद्ध अभी तक उसके मामले में कोई सुनवाई नहीं की गई हैं। वहीं पीड़िता सोनम अब वरीय पुलिस अधिक्षक के समक्ष अपनी व्यथा सुनाने के साथ ही पीड़िता ने मामले में सुनवाई करते हुए न्याय करने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। अब देखने वाली बात है कि पुलसिंग कार्रवाई व न्याय का भरोसा लोगों पर बना रहे इसके लिए विभाग द्वारा कौन सी कार्रवाई रणनीति तैयार कर दोषी पति के विरुद्ध संज्ञान लेती भी हैं या नही ये सवाल खड़े कर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ चल रहा है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनीता के पक्ष में सपा अध्यक्ष का सघन जनसंपर्क

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुमारी अनीता के पक्ष में सपा अध्यक्ष का सघन जनसंपर्क अभियान जारी है। जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से धरहरा व जमालपुर प्रखंड के माताडीह सारोबाग कुमारपुर गोविंदपुर अदलपुर अमाडी हेमजापुर फरदा आदमपुर मोर्चा इंग्लिश पाटम सहित दो दर्जन गांवों में सघन जनसंपर्क कर भाजपा सरकार के विध्वंसकारी नीतियों देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी के विरुद्ध राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता के पक्ष में लालटेन पर वोट डालने की किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाओं से अपील कर रहे हैं। इस दौरान सपा अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि मुंगेर लोकसभा का चुनाव एक ऐसे मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है जहां पिछड़ा अति पिछड़ा दलित शोषित पीड़ित अकलियत सामंती ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने के तैयार है वहीं जनता से हारे वर्तमान सांसद ललन सिंह अब प्रशासन के भरोसे चुनाव मैदान में टिके हैं लेकिन ये जो पब्लिक है सब जानती है इसलिए सजग जनता 13 अप्रैल का इंतजार कर रही हैं। जनसंपर्क अभियान में सपाध्यक्ष के साथ पार्टी के महासचिव मिथिलेश यादव मनोज क्रांति रामनाथ राय ई० विजय कुमार सिंह छडपन मंडल नीरज यादव सुनील साहू विपुल महतो सहित कई अन्य सपाई साथ थे।

# मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर ओवरलोड कपड़ा लदा ट्रक पलटा

प्रात : किरण संवाददाता।



भागलपुर। इन दिनों जिले भर में घटित हो रहे सड़क दुघर्टना की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। वही विभिन्न सड़क मार्ग पर कहीं न कहीं दुघर्टना घटित होने की सूचना लगातार मिल रही है। इसी बाबत बाईपास थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुख्य सड़क मार्ग पर एक बेलगाम ओवरलोड कपड़ा लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना सामने आई हैं। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक बंगाल से जगदीशपुर मुख्य सड़क मार्ग होते हुए भागलपुर आ रहा था, इसी क्रम में अचानक हो रही बारिश की वजह से ट्रक चालक ने अपना संतुलन खो दिया और ट्रक लेकर खाई में जा पलटी खा गई थी। वही हद तो तब हो गई जब रात्रि के करीब 10 बजे ट्रक मालिक बोलेरो से अपने ट्रक को देखने पहुंचे तो तेज गति में पीछे से आ रही अन्य अज्ञात हाईवा चालक ने बोलेरो में जोरदार ठोकर मारी दी। वही इस घटना में बोलेरो चालक को हल्की फुल्की चोटें आई है तो वही ब्लेरो पर सवार अन्य लोगो को गंभीर रूप से चोट आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि कपड़ा अवैध रूप से बंगाल से आ रहा था। वही अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भागलपुर जिला प्रशासन इस कपड़े की जांच पड़ताल करती है या फिर खाना पूर्ति कर छोड़ देती है। ये सवाल खड़े कर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ चल रहा है।

# लूटी गई रकम के साथ 3 लूटेरा चढ़ा पुलिस के हत्थे : एसडीपीओ

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला की पुलिस इन दिनों काफी एक्शन मोड में चल रही है। एक ओर जहां अपराधी अपने अपराध योजना को अंजाम देने से पीछे नहीं है तो दूसरी ओर पुलिस भी अपराधियों के गतिविधियों को धवस्त करने की मुहिम शुरू कर लगातार उसे गिरफ्तार करने में पीछे नहीं रही है। इसी कड़ी में नवगछिया पुलिस की रणनीति ऐसी कि "तु डाल डाल तो में पात पात" वाली कहावत चरितार्थ करती हुई दिख रही है। विगत 2 मई को खरीक थाना क्षेत्र के खरीक बाजार से एसबीआई बैंक शाखा से अपनी जमा पूंजी के 50 हजार रुपए की रकम निकाल कर एक महिला जब अपने घर वापस लौट रही थी तभी अपराधियों ने महिला के हाथ से रुपए वाला थैला छीनताई की घटना को अंजाम दे मौके से फरार होने में सफल रहा था। वही घटना की सूचना पुलिस को दिये जाने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। वही गठित टीम के द्वारा घटना जांच व तकनीकी व मानवीय अनुसंधान करने के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए योजनाबद्ध तरीके से स्थानीय कदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगछिया गांव इलाके में दबिश देकर लूटेरा ललन कुमार पिता उमेश प्रसाद सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं पुलिस टीम ने गिरफ्तार अपराधी ललन कुमार की पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर घटना में संलिप्त अन्य दो अपराधी श्रीषि कुमार और गुलशन कुमार को भी कदवा थाना क्षेत्र इलाके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त अपराधी के द्वारा पूर्व में भी नवगछिया थाना क्षेत्र के श्रीपुर रिंग बांध के पास सीएसपी संचालक से तीन लाख 50 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। वही तमाम लूटेरे को एक साथ गिरफ्तार कर नवगछिया पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। वही पुलिस टीम ने लूट के रकम में करीब 1 लाख 47 हजार नगद, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक पासबुक, दो आधार कार्ड और 2 मोबाइल की बरामदगी की है। उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ कार्यालय वेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने दी। साथ ही उन्होंने बताया कि विगत 5 अक्टूबर को सरे आम इस्माईलपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर चंडी स्थान में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दी गई थी। वही उस गोलीकांड की घटना में एक आरोपी अभियुक्त फरार चल रहा था। जिसे पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से रणनीति तैयार कर गुप्त सूचना के तहत फरार व वांछित आरोपी चंदन यादव पिता शंभु यादव को भी गिरफ्तार करने में सफल रही है। इस कार्य उपलब्धि को लेकर पुलिस टीम की काफी सराहना की है।

# कार्यालयों को दुरुस्त करने को लेकर हुई समीक्षा : डीएम



भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित प्रखंड स्तरीय सभी 18 पदाधिकारियों के कार्यालयों की साफ-सफाई एवं कार्य प्रणाली दुरुस्त करने हेतु प्रखंड के वरीय पदाधिकारी की निगरानी एवं अनुश्रवण में विगत दो दिनों से किए जा रहे कार्य की विडियो कांफ्रेंसिंग बैठक की। ऑनलाइन समीक्षा क्रम में डीसीएलआर सदर, सुल्तानगंज प्रखंड से वरीय उप समाहर्ता चंदा भारती, शाहकुंड प्रखंड से अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, सनहौला प्रखंड से अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, नारायणपुर प्रखंड से डीसीएलआर कहलगांव, पिरपैंती प्रखंड से डीसीएलआर, नवगछिया रंगरा प्रखंड से एसडीओ, नवगछिया गोपालपुर प्रखंड से एसडीओ सदर, सबौर प्रखंड से एसडीओ कहलगांव द्वारा अपने अपने कार्यालय से आवंटित प्रखंडों के सभी कार्यालय में किये जा रहे साफ- सफाई कार्य एवं संबंधित कार्यालयों में संधारित संचिकाओं तथा भ्रमण के दौरान उपस्थित व अनुपस्थित पदाधिकारियों के संबंध में प्रतिवेदित किया गया। वही अनुपस्थित कर्मियों के संबंध में जिलाधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि बृहद निरीक्षण कार्य 10 मई तक चलेगा। इस दौरान किसी भी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कमीर्यो को छुट्टी की आवश्यकता होगी तो अपने नियंत्रित पदाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे, साथ ही जिलाधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही वह छुट्टी पर जाएंगे की बात कही गई है।

इसी क्रम में इस्माइलपुर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी व कृषि समन्वयक के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए गए है। इस दौरान संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वह निरीक्षण के दौरान उनके कार्यालय बंद पाए गए थे। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि वैसे पदाधिकारी जो दो-तीन प्रखंडों में प्रतिनियुक्त की गई हैं, उनके नियंत्री पदाधिकारी उनके संबंधित प्रखंड में उनकी उपस्थिति दिवस के लिए रोस्टर का निर्धारण करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारी अस्पताल का जरूर निरीक्षण करेंगे, क्योंकि अस्पताल का सही संचालन होने पर हजारों लोगों को लाभ पहुंचता है। वही उन्होंने 9 मई तक का समय कार्यालय की साफ सफाई के लिए तथा 10 मई तक का समय कार्यालय के सभी पंजियो को दुरुस्त करने के लिए निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि निरीक्षण के दौरान आरटीपीएस भी अपनी प्राथमिक सूची में रखें। जिसे लेकर उन्होंने कहा कि अभी सभी कार्यालय को दुरुस्त किया जा रहा है, उसके पश्चात योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से संचालित कराई जाएगी। इस दौरान उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग व अपर समाहर्ता ने भी संबंधित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कई दिशा निर्देश दिये हैं।

# क्षेत्रीय सभी कार्यालय का वरीय पदाधिकारी करें भ्रमण : डीएम

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति सदस्यों के साथ बैठक की। साथ ही उन्होंने क्रियान्वयन योजनाओं को लेकर ऑनलाइन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रखंड स्तर के सभी कार्यालयों में साफ-सफाई सुनिश्चित करा लें। प्रखंड विकास पदाधिकारी जॉच कार्य के लिए अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों की टीम बना लें। वही पंचायत स्तर के सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करें न की स्वयं सभी कर्मियों का कार्यभार लेकर बैठें रहे, बल्कि संबंधित कार्यो का एक जिम्मेदारी के साथ कार्य योजना तय करें। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी से उनके विभाग स्तर पर भी जांच कार्य करवा सकते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कार्यालय के लेखा जोखा पंजी सहित अन्य संबंधित कागजात दस्तावेजों के रख-रखाव को दुरुस्त रखा जाए। पुरानी संचिका या पत्र जिस पर लाल कपड़े में बांधकर रखा गया है, उस पर पुर्जा चिपका दिया जाए कि वह किस विषय से संबंधित पत्रक संचिका है। कार्यालय में सभी कर्मी का लॉग बुक रहना चाहिए ताकि कार्यालय में प्राप्ति पंजी, निर्गत पंजी, इंडेक्स पंजी, प्रधान सहायक का नोटबुक के साथ साथ कैश बुक अद्यतन उपलब्ध रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी को अपने देख- रेख में प्रखंड स्तरीय सभी कार्यालयों को स्वच्छ, दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्हें प्रखंड के सभी कार्यालय में भ्रमण कर कार्यालय दुरुस्त करवाने से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिए है। इस दौरान उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, अपर समाहर्ता राजस्व अजय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण सुनील रंजन, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार सहित अन्य विभाग के संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे थे।

# केएल राहुल को बेइज्जत करने वाले संजीव गोयनका पर फूटा गुस्सा, क्रिकेट फैंस ने हेकड़ी निकाल दी




**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल के 2024 संस्करण में लखनऊ सुपर जाइंट्स के सनराइजर्स हैदराबाद से शर्मनाक हार के बाद फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका बेहद निराश दिखे और उन्होंने अपनी निराशा कप्तान केएल राहुल पर निकाली। अब सोशल मीडिया पर गोयनका के व्यव्हार पर बहस छिड़ गई है। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 98 रन की हार झेलने के बाद अब बीती रात सनराइजर्स हैदराबाद ने 62 गेंद पहले लखनऊ सुपरजायंट्स को 10 विकेट से रौंद दिया। लगातार दो हार के बाद अब टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। टूर्नामेंट ऐसे नाजुक मौके पर खड़ा है, जहां एक हार और खेल खत्म, वहां लखनऊ सुपरजायंट्स का ऐसा लचर प्रदर्शन देखकर टीम के मालिक संजीव गोयनका बुरी तरह भड़क गए। मैच के बाद उन्होंने कप्तान केएल राहुल को बुरी तरह फटकार लगाई। इस दौरान गोयनका बेहद गुस्से में नजर आ रहे थे।

इस पूरी बातचीत के दौरान केएल राहुल असहज नजर आ रहे थे, उनके चेहरे पर निराशान साफ देखी जा सकती थी। इस बीच जैसे ही टीम के हेड कोच जस्टिन लैंगर पहुंचे, राहुल वहां से निकल गए। अब सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका को अपने रवैये के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों का मानना है कि निराशा दिखाने और खिलाड़ियों से बात करने का एक तरीका होता है, जिसका ध्यान नहीं रखा गया। अब खराब प्रदर्शन के बावजूद लोग सोशल मीडिया पर केएल राहुल के सपोर्ट में उतर आए हैं और गोयनका को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

## उन्हें मैं क्या ही ज्ञान दूंगा... केएल राहुल की टीम को शर्मसार करने के बाद पैट कमिंस के गजब तेवर





**हैदराबाद (एजेंसी)।** लखनऊस सुपरजायंट्स के खिलाफ 10 विकेटों की जबरदस्त जीत के बाद कप्तान पैट कमिंस के तेवर देखने लायक थे। बर्थडे के दिन मिली रिकॉर्ड जीत पर कमिंस खुशी से इतरा रहे थे। उन्होंने अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की जमकर तारीफ की।

9.4 ओवर में 167 रन बने और एलएसजी के खिलाफ 10 विकेट की जीत हासिल करने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को सिर्फ 58 गेंदें लगीं। यह आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत है। आईपीएल में एक पारी के पहले 10 ओवरों में सबसे बड़ा स्कोर बनाया गया। मैच खत्म होने के बाद जब सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान प्रेजेंटेशन के लिए पहुंचे तो उन्होंने खुलकर अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की तारीफ की। साथ ही उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी के लिए वह कोई सुझाव नहीं दे सकते।

**ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी बैटिंग** – ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी बैटिंग के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाए, जिससे कई रिकॉर्ड टूट गए और मेजबान टीम ने लखनऊ पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। हेड और अभिषेक दोनों ने लखनऊ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। हेड ने 16 और अभिषेक ने 19 गेंदों में अर्धशतक बनाए और केएल राहुल की लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ अपनी शानदार जीत दर्ज की। जब उनसे पूछा गया कि कोई सलामी बल्लेबाज हेड और अभिषेक को कैसे प्रेरित करते हैं तो कमिंस ने कहा कि उनकी तरफ से कुछ नहीं किया जा सकता था, बस उन्हें खुद को रियल रहने दिया।

**हेड और शर्मा को सुझाव देना मेरे लिए मुश्किल** – हेड ने नाबाद 89 और अभिषेक ने नाबाद 75 रन बनाए थे। मैच के बाद कमिंस ने कहा- हमने उन्हें जाने दिया, वे दोनों बहुत सकारात्मक खिलाड़ी हैं और मैं एक गेंदबाज हूं, मेरे लिए उन्हें कोई भी सुझाव देना कठिन है। कप्तान ने आगे कहा- ट्रैविस ने पिछले 2 सालों से ऐसे ही हैं। अभिषेक स्पिन और पेस दोनों का एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। सिर्फ 2 फील्डर 30 गज के बाहर होने के कारण गेंदबाजी के लिए उनके खिलाफ खेलना वाकई मुश्किल है। आईपीएल के इस सीजन में स्कोरिंग में पहले से कहीं ज्यादा उछाल देखने को मिला है और इस सीजन में 200+ के 25 से ज्यादा स्कोर बन चुके हैं। एसआरएच खास तौर पर इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम रही है, जिसने आईपीएल के इतिहास में बनाए गए दो सबसे बड़े लक्ष्य हासिल किए हैं, साथ ही सभी टीमों में से सबसे ज्यादा घातक और दमदार बैटिंग ऑर्डर भी हासिल किया है।

## शर्मनाक हार के बाद बोले केएल राहुल
## हमने तो टीवी पर ही ऐसी बल्लेबाजी देखी थी



**हैदराबाद (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल इतिहास की सबसे शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। लखनऊ ने पहले खेलते हुए निकोल्स पूरण और आयुष बदोनी की बदौलत 166 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी हैदराबाद ने 9.4 ओवर में ही 10 विकेट से जीत हासिल कर ली। हैदराबाद 62 गेंदें शेष रहते यह मैच जीती। इससे पहले दिल्ली ने साल 2022 में पंजाब को 57 गेंदें शेष रहते हराया था। मैच के दौरान दर्शकों को हैदराबाद के ओपनर्स अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की खतरनाक बल्लेबाजी देखने को मिली। मैच गंवाने के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। हमने टीवी पर इस तरह की बल्लेबाजी देखी है। लेकिन यह अवास्तविक बल्लेबाजी है। ऐसा लग रहा था जैसे हर गेंद बल्ले के बीच में जा रही हो। राहुल ने कहा कि उनके (हैदराबाद के ओपनर्स) कौशल को साधुवाद। उन्होंने छक्के मारने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने हमें यह जानने का मौका नहीं दिया कि दूसरी पारी में पिच कैसे खेल रही है। उन्हें रोकना मुश्किल था क्योंकि वे पहली ही गेंद से आक्रमक हो गए थे। एक बार जब आप हारने की स्थिति में होते हैं, तो लिए गए निर्णयों पर प्रश्नचिह्न लग जाते हैं। हम 40-50 रन कम रह गए। जब हमने पावरप्ले में विकेट गंवाए तो हमें कोई गति नहीं मिल सकी। आयुष और निकी ने अच्छी बल्लेबाजी करके हमें 166 रन तक पहुंचाया। लेकिन अगर हम 240 रन भी बना लेते तो वह उसका पीछा कर सकते थे।

**ऐसा रहा मुकाबला** – लखनऊ ने पहले खेलते हुए खराब शुरूआत की थी। क्विंटन डीकॉक 2, मार्कस स्टोइनिस 3 ही रन बना पाए। निकोल्स पूरण के 48 तो आयुष बदोनी के 55 रनों की बदौलत लखनऊ 165 रन ही बना पाई। तेज पिच पर लखनऊ के लिए यह स्कोर काफी कम रह गए। जवाब में हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों पर 75 तो ट्रेविस हेड ने 30 गेंदों पर 89 रन बनाकर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी।

**अंक तालिका में हुआ बड़ा बदलाव** – हैदराबाद इस जीत के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। उनके अब 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं। उनके आगामी मुकाबले गुजरात और पंजाब के खिलाफ हैं। इनमें एक के खिलाफ जीत हासिल कर भी वह प्लेऑफ में पहुंच सकते हैं। वहीं, लखनऊ की हार ने उनके सामने समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

## नीरज चोपड़ा को लग्जरी वॉच ब्रांड ओमेगा ने बनाया ब्रांड एम्बेसडर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक 'टाइमकीपर' (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है।

भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के स्टोर में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है।

चोपड़ा भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी है। इसके साथ ही वह विश्व चैंपियनशिप में भी अपनी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एशियाई हैं। ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

## लखनऊ के खिलाफ जीत के बाद हैदराबाद मजबूत स्थिति में, प्वाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर आई



**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को आईपीएल 2024 मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 10 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ सनराइजर्स अपनी स्थिति मजबूत करते हुए तीसरे स्थान पर आ गई है। 166 रनों का पीछा करते हुए सनराइजर्स 9.4 ओवर में 167/0 पर पहुंच गई क्योंकि ट्रैविस हेड (89*) और अभिषेक शर्मा (75*) नाबाद रहे। इससे पहले आयुष बडोनी (55*) के अर्धशतक से लखनऊ ने 20 ओवर में 165/4 का स्कोर बनाया। सनराइजर्स के गेंदबाजी विभाग के लिए भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट हासिल किए।

कोलकाता नाइट राइडर्स 11 मैचों में 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है, उसके बाद राजस्थान रॉयल्स (16) दूसरे स्थान पर है। इस बीच सनराइजर्स 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है और चेन्नई सुपर किंग्स (12) चौथे स्थान पर आ गई है। दिल्ली कैपिटल्स (12) पांचवें, लखनऊ (12) छठे, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (8) सातवें स्थान पर हैं। पंजाब किंग्स (8) आठवें स्थान पर हैं, उसके बाद मुंबई इंडियंस (8) नौवें और गुजरात टाइटंस (8) दसवें स्थान पर हैं।

# हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय टीम घोषित



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी।

पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमीं पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में 0-5 की हार के बाद भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी।

भारत प्रो लीग तालिका में अभी आठ मैच में 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। नीदरलैंड 12 मैच में 26 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया के आठ मैच में 20 अंक हैं। फुल्टोन ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'हम शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेल को लेकर समझ विकसित की है। उन्होंने कहा, ''पेरिस ओलंपिक से पहले हमें शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा जिससे हमें अपने खेल को मजबूत और बेहतर करने में मदद मिलेगी।

कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग में हमें शीर्ष स्तरीय टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों को अनुभव देने के लिए हमने टीम का चयन किया है और इससे मुझे पेरिस ओलंपिक से पहले खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी प्रारूप में देखने को मिलेगा। मिडफील्डर हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया है।

### टीम

**गोलकीपर** – पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक

**डिफेंडर** – जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह

**मिडफील्डर** – विवेक सागर प्रसाद, निलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन

**फॉरवर्ड** – मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी

## मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बनी



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का 57वां मैच खत्म होने के साथ ही सीजन में प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम सामने आ गई। हैदारबाद के जीतते ही मुंबई इंडियंस सीजन में एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई इंडियंस ने इस सीजन के लिए टीम में बड़े बदलाव किए थे। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन टीम पहले 12 मैचों में सिर्फ 4 ही जीत पाई। अब मुंबई के 2 मुकाबले शेष बचे हैं इन्हें जीतकर वह इज्जत से विदा होना चाहेगी।

### मुंबई इंडियंस के सीजन में मुकाबले

बनाम गुजरात - 6 रन से हारे
बनाम हैदराबाद - 31 रन से हारे
बनाम राजस्थान - 6 विकेट से हारे
बनाम दिल्ली - 29 रन से जीते
बनाम बेंगलुरु - 7 विकेट से जीते
बनाम चेन्नई - 20 रन से हारे
बनाम पंजाब - 9 रन से जीते
बनाम राजस्थान - 9 विकेट से हारे
बनाम दिल्ली - 10 रन से हारे
बनाम लखनऊ - 4 विकेट से हारे
बनाम कोलकाता - 24 रन से हारे
बनाम हैदराबाद - 7 विकेट से जीते

### गेम खराब कर सकती है मुंबई

सीजन से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस अभी भी कोलकाता और लखनऊ की पार्टी खराब कर सकती है। कोलकाता को टॉप 2 में बने रहने के लिए आगामी मुकाबले जीतने जरूरी है। लेकिन लखनऊ के लिए प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए जीतना जरूरी है। क्योंकि मुंबई बाहर हो चुकी है तो ऐसे में वह घायल शेर की तरह कोलकाता और लखनऊ पर टूट सकती है।

### मुंबई के सामने एक समस्या भी

क्योंकि टी20 विश्व कप 2024 सामने हैं तो ऐसे में माना जा सकता है कि इसकी तैयारी के लिए मुंबई इंडियंस के बड़े स्टार जैसे रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह टीम से आखिरी दो मैचों से हट सकते हैं। बड़े नामों के हटने से मुंबई के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। बुमराह इस समय पर्पल कैप होल्डर है। ऐसे में खिलाड़ी विश्व कप को देखकर क्या फैसले लेते हैं इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी।

### मुंबई के लिए सिर्फ बुमराह ही चमके

मुंबई 8 मैच गंवा चुकी है जिसके लिए सीधे तौर पर बल्लेबाजी को जिम्मेदार माना जा सकता है। मुंबई की ओर से गेंदबाजी की कमान संभाल रहे जसप्रीत बुमराह अभी भी 12 मैचों में 18 विकेट लेकर पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं।

# अभिषेक शर्मा ने उड़ाए सीजन में सबसे ज्यादा छक्के, बोले- यह युवी पाजी की मेहनत का नतीजा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में एक बार फिर से सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफान लाते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स से मिले 166 रन के लक्ष्य को महज 9.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों पर 75 तो ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों पर 89 रन बनाए। मैच के साथ ही अभिषेक शर्मा सीजन में सबसे ज्यादा छक्के उड़ाने वाले प्लेयर भी बन गए हैं। उनके नाम अब 35 छक्के दर्ज हो गए हैं। यहीं नहीं, मैच खत्म होने के बाद अपनी छक्के लगाने की काबलियत पर अभिषेक ने बात की और साफ तौर पर इसके लिए उन्होंने युवी पाजी (युवराज सिंह) की उनपर की गई मेहनत का शुक्रिया अदा किया।

### सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर

35 - अभिषेक शर्मा, हैदराबाद
32 - सुनील नरेन, कोलकाता
31 - ट्रेविस हेड, हैदराबाद
31 - हेनरिक क्लासेन, हैदराबाद
28 - रियान पराग, राजस्थान

अभिषेक सीजन में 201 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके 12 मैचों में 36 की औसत से 401 रन हो गए हैं। इस लिस्ट में रोमारियो शैफर्ड (280) पहले नंबर पर हैं। इसके बाद जेक फ्रेजर (235), महेंद्र सिंह धोनी (224) का नाम आता है।

अभिषेक शर्मा ने मैच के बाद कहा कि मैंने ऐसे टूर्नामेंट में आने और इतनी स्ट्राइक रेट से खेलने के बारे में कभी नहीं सोचा था। लेकिन टीम प्रबंधन को धन्यवाद। उनका संदेश स्पष्ट था। सारा श्रेय उन्हें (प्रमुख) को जाता है। ट्रेविस की पारी पर अभिषेक ने कहा कि जिस तरह से वह सभी गेंदबाजों के खिलाफ शुरुआत करते हैं.. वह शुरू से ही उनका पीछा करते हैं और दबाव हटा देते हैं। अभिषेक ने कहा कि पारी बेक के दौरान गेंदबाजों ने हमें बताया था कि पिच बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गई है। मैंने और ट्रैविस ने सोचा कि यह कुछ खास नहीं कर रही।



मुझे लगता है कि टूर्नामेंट से पहले मैंने जो कड़ी मेहनत की थी वह अब दिख रही है, इसके लिए युवी पाजी, ब्रायन (लारा) और मेरे पिता, जो मेरे पहले कोच हैं, को धन्यवाद।

वहीं, ट्रेविस हेड ने मैच के बाद कहा कि आज बहुत मजा आया। लक्ष्य को 10 ओवर में पूरा करके अच्छा लगा। अभि और मेरी इस तरह की कुछ साझेदारियां रही हैं। पिछले 12 महीनों में वे इसी तरह चाहते थे कि मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम में खेलूं और मुझे यहां भी यही करने के लिए कहा गया है। वहीं, अभिषेक पर हेड ने कहा कि मैं जानता हूं कि वह कितनी मेहनत करते हैं और कितनी गहराई से सोचते हैं, उनका स्पिन खेल किसी से पीछे नहीं है।

हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अभिषेक शर्मा की पारी देखने के बाद कहा कि वह स्पिन और गति का एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। सिर्फ 2 फील्डरों के आउट होने से गेंदबाजों के लिए उनके खिलाफ खेलना वाकई मुश्किल है।

### अंक तालिका में हुआ बड़ा बदलाव

हैदराबाद इस जीत के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। उनके अब 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक हो गए हैं। उनके आगामी मुकाबले गुजरात और पंजाब के खिलाफ हैं। इनमें एक के खिलाफ जीत हासिल कर भी वह प्लेऑफ में पहुंच सकते हैं। वहीं, लखनऊ की हार ने उनके सामने समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अब उनके आगामी मुकाबले दिल्ली और मुंबई के खिलाफ हैं जिन्हें वह हर हाल में जीतना चाहेगी। हालांकि इस दौरान उन्हें दिल्ली और चेन्नई के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। लखनऊ अब अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉलर वाली कमाई का सपना; नोएडा में 1200 लोगों से करोड़ों की ठगी का खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर-126 पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब 1200 बेरोजगार युवकों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत 11 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक महिला भी शामिल है। आरोपी सेक्टर-132 में अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम से कंपनी आपरेट कर रहे थे। डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो बेरोजगार युवकों से संपर्क करता है और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम उनसे ठगी करता है। इसके बाद एसीपी प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में मामले का पर्दाफाश करने के लिए एक टीम बनाई गई। इनपुट के आधार पर टीम ने सेक्टर-132 के अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम की कंपनी में छापा मारा और 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मेरठ निवासी समीर शाह, बिहार के गोपालगंज निवासी नंद किशोर प्रसाद, मधुबनी निवासी मोहम्मद अली अख्तर, मोहम्मद एजाज, एजाज, दरभंगा निवासी एजाज अहमद, बेगूसराय के मोहम्मद नाजिम, पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी मुस्ताक खान, 24 परगना निवासी इंद्रजीत दास, झारखंड निवासी किशोर प्रसाद और दिल्ली निवासी नजराना के रूप में हुई। समीर शाह गिरोह का सरगना है, जबकि नजराना बतौर एजेंट काम करती है। अन्य आरोपी कर्मचारी हैं, जो सरगना के दिए गए निर्देशों पर काम करते हैं। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग नामों से तैयार 755 नियुक्ति पत्र, 140 पासपोर्ट, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, वाईफाई राउटर, नगदी, भारत सरकार के मंत्रालयों के फर्जी दस्तावेज और चेक बुक समेत सामान बरामद हुआ है। विदेश भेजने के वाले गिरोह के बदमाशों की हकीकत पीड़ितों को एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद पता चलती थी। सरगना ने नोएडा के अलावा कई अन्य शहरों में भी ऑफिस खोलकर ठगी की है। गिरोह के बदमाश पैसे मिल जाने के बाद विदेश जाने के इच्छुक बेरोजगार युवकों को एक ही दिन एक स्थान पर बुलाते थे। इन सभी को फोन पर बताया जाता था कि उनका एजेंट एयरपोर्ट पर उनके पासपोर्ट, वीजा, टिकट और जिस देश में जा रहे है, उस देश की करेंसी के साथ मिलेगा। जब लोग विदेश में नौकरी की चाह लेकर एयरपोर्ट पहुंचते थे तो वहां कंपनी का कोई भी आदमी नहीं मिलता था। इस पर जब लोग इनके दिए दिए मोबाइल नंबर और ऑफिस में संपर्क करने की कोशिश करते तो मोबाइल और ऑफिस बंद मिलते।

### फूस के घर में अचानक लगी आग, 9 साल की बच्ची जिंदा जली, सामान राख

**गोंडा, एजेंसी।** गोंडा के करनैलगंज में फूस से बने घर में आधी रात अचानक लगी आग से 9 वर्षीय बालिका जिंदा जल गई। साथ बाइक, बैट्री रिक्शा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। घटना बुधवार आधीरात की बताई जा रही है। नगर के सकरौरा ग्रामीण गोड़ियन पुरवा गांव निवासी चांद बाबू का परिवार फूस से बने घर में सो रहा था। चांद बाबू रोजगार के सिलसिले में जयपुर गये थे। घर में उनकी पत्नी व दो बेटियां इनायत व इनाया ही थे। रात में अचानक घर में आग लग गयी। जान बचाने के लिये पत्नी व बेटियों ने शोर मचाया।

### बच्चों को मौत की नींद सुलाकर मां ने छत से लगा ली छलांग

**नासिक , एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों को जहर देकर घर पर मौत की सुलाया और फिर अपार्टमेंट की छत पर जाकर छलांग लगा ली। इस घटना में 8 और 2 साल के दो मासूम बच्चों के अलावा महिला की भी मौत हो गई है। पुलिस को छानबीन के दौरान महिला के घर से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस को यह भी पता लगा है कि महिला ने मरने से पहले इसका दोष अपने पति पर मढ़ा है। पति के नाम एक वीडियो मैसेज छोड़कर महिला ने इस खौफनाक हत्या और फिर आत्महत्या को अंजाम दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नासिक शहर में बुधवार को एक 30 वर्षीय महिला की आत्महत्या से मौत हो गई।

# कांग्रेस ने धर्मशाला से पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को दिया टिकट

**सुधीर शर्मा को देंगे टक्कर**



**धर्मशाला, एजेंसी।** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की धर्मशाला विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को टिकट दिया है। बुधवार रात एक बयान जारी करते हुए पार्टी ने जग्गी की उम्मीदवारी की घोषणा की। अब वे इस सीट पर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के बागी सुधीर शर्मा का मुकाबला करेंगे। उनके नाम पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंतिम सहमति दी।

जग्गी को विधानसभा का टिकट मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखा, %हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से देवेंद्र सिंह जग्गी जी को कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं। देवभूमि की जनता-जनार्दन इस उपचुनाव में प्रदेश के साथ समूचे देश को यह संदेश देगी कि जनबल के आगे धनबल कभी टिक नहीं सकता।%

जग्गी के नाम की घोषणा के साथ ही कांग्रेस की तरफ से राज्य की उन सभी छह विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पूरी हो गई, जहां पर उपचुनाव होने हैं। इन सीटों के सभी छह कांग्रेस विधायकों को पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए विधानसभा में उपस्थित ना रहने और बजट व कटौती प्रस्ताव पर सरकार के पक्ष में वोट ना डालने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

कांग्रेस के छह बागी विधायकों रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति), इंदर दत्त लखनपाल (बड़सर), राजिन्दर राणा (सुजानपुर), सुधीर शर्मा (धर्मशाला), चेतन्य शर्मा (गरगेट) और देविन्दर कुमार भुट्टो (कुटलेहर) ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। जिसके बाद अब पार्टी ने उपचुनाव के लिए कांग्रेस के इन सभी छह बागियों को इन्हीं सीटों से अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने इन छह उपचुनावों के लिए जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा को लाहौल और स्पिति सीट से, सुभाष चंद को बड़सर से, भाजपा छोड़ने वाले कैप्टन रणजीत सिंह और राकेश कालिया को सुजानगढ़ और गरगेट से टिकट दिया है। पार्टी ने कुटलेहर सीट से हिमाचल विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनाथ शर्मा के बेटे विवेक शर्मा को टिकट दिया है।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का बड़ा दावा, इस बार जीत रहे प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें




**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण यानी लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पूरे होने के बाद अब प्रदेश की सभी 11 सीटों पर चुनाव पूरे हो चुके हैं। चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने इतनी भीषण गर्मी में भी मतदान करके अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को निभाया है। उन्होंने जनता का अभिनंदन करते हुए कहा इस बार राज्य की सभी 11 सीटों पर कांग्रेस के मजबूती से जीत कर आने का दावा किया है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जनता बीजेपी के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान है। इस बार जनता देश में बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा मतदाता भीषण गर्मी में भी मतदान केंद्र पहुंचे और कांग्रेस के पक्ष में वोट किया। जनता मोदी सरकार में बढ़ी महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है। इस बार जनता ने बीजेपी के खिलाफ वोट करके मोदी सरकार की विदाई का मन बना लिया है। दीपक बैज ने कहा पूरे देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा जनता यह जान चुकी है कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है इसलिए 400 पार का नारा दे रही है। 400 पार का खोखला नारा देने वाली भाजपा की 150 तक पहुंचने की भी उम्मीद नहीं लग रही है।

## विदेश में बैठे आकाओं के आदेश पर उगाही, हत्या-फिरौती का केंद्र बन रही दिल्ली; पुलिस के लिए सिरदर्द बने दो गैंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में स्मार्ट पुलिसिंग के दावे के बीच गोलियों की तड़तड़ाहट आए दिन सुनने को मिलती है। इसकी बानगी दो दिन पूर्व ही तिलक नगर इलाके में देखने को मिली। कार शोरूम में घुसकर बदमाशों ने बेखौफ होकर करीब 30 राउंड फायरिंग करते हुए रंगदारी की पर्ची फेंककर फरार हो गए। इस वारदात में भऊ गैंग के लंदन में बैठे गुर्गे व तिहाड़ में बंद नवीन बाली की संलिप्तता सामने आ रही है। इसी तरह कुछ समय पूर्व अलीपुर इलाके में गोगी गिरोह के गुर्गे को टिल्लू गिरोह के बदमाश ने मौका मिलते ही मौत के घाट उतार दिया।

ये घटनाएं साबित कर रही हैं कि दिल्ली की जेल में बंद गैंगस्टर और विदेश में बैठे बदमाश आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इन घटनाओं की बड़ी वजह यह है कि गिरोह चलाने के लिए इन्हें पैसों की जरूरत होती है और इसके लिए इनके निशाने पर दिल्ली-एनसीआर के बड़े कारोबारी रहते हैं। जबरन वसूली व वर्चस्व की लड़ाई के इस खेल में दो गुटों में बंटे दर्जन भर गैंगस्टर अब एक दूसरे की जान के दुश्मन बन गए हैं। इस कारण जबरन वसूली के साथ-साथ राजधानी दिल्ली गैंगवार का भी केंद्र बन गई है।

गोल्डी बराड़ गोल्डी बराड़ पहले कनाडा से ऑपरेट करता था, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि इसने यूएसए में ठिकाना बनाया है। इसके निशाने पर दिल्ली, राजस्थान व पंजाब के कारोबारी होते हैं। यह भी लॉरेंस विश्नोई गैंग का ही कुख्यात बदमाश है।

कपिल सांगवान उर्फ नंदू कपिल सांगवान उर्फ नंदू अपना खुद का गैंग चलाता है। इसके बारे में एजेंसियों को जानकारी मिली है कि ये गैंग को यूके से ऑपरेट कर रहा है। हिमांशु बाहू हिमांशु पुर्तगाल में है। हालांकि, उसके कभी यूके तो कभी ऑस्ट्रिया से अपने गुर्गों से बात करने की भी बात सामने आती रही है। यह नवीन बाली गैंग का सदस्य है। नवीन बाली के सलाखों के पीछे पहुंचने के बाद गैंग की कमान संभाल रहा है। इसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

अनमोल बिश्नोई यह हाल में ही विदेश फरार हुआ है। हालांकि, इसकी सटीक लोकेशन का अभी पता नहीं चला है। यह लॉरेंस विश्नोई का भाई है।

हाल ही में दिल्ली के उत्तम नगर के एक कारोबारी से वसूली के लिए इसने अपने तीन गुर्गे भेजे थे।

## 12 लाख वोटों से जीतूंगा....गुरुग्राम में राज बब्बर और राव इंद्रजीत के खिलाफ मैदान में उतरा पाव भाजी वाला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम लोकसभा में जहां एक तरफ कांग्रेस के राज बब्बर, भाजपा के राव इंद्रजीत और जेजेपी से सिंगर राहुल चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं दो बार राष्ट्रपति का चुनाव लड़ चुके फेमस पावभाजी बेचने वाले कुशेश्वर भगत ने भी इनके खिलाफ अपनी चुनावी ताल ठोक दी है। शहर में सेक्टर-15 में पाव भाजी के रेहड़ी लगाने वाले कुशेश्वर भगत गुरुग्राम लोकसभा से चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

कुशेश्वर भगत ने कहा कि उनका चुनाव लड़ने का मुख्य मकसद शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वहीं अगर गुरुग्राम लोकसभा की बात की जाए तो 26 प्रत्याशियो ने यहां से नामांकन दाखिल किया है। इनमें एक नाम कुशेश्वर भगत का है। भगत के चुनाव लड़ने को लेकर लोगों में चर्चा है।

कुशेश्वर भगत ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में तीन बार लोकसभा, दो बार विधानसभा और दो बार राष्ट्रपति के चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन वह इस बात से फेमस नहीं है, वह फेमस है तो अपने हाथ की बनाई हुई पाव भाजी से। कुशेश्वर भगत कई सालों से गुरुग्राम के सेक्टर 15 में पाव भाजी की रेहड़ी लगा रहे है और उनकी पाव भाजी के लोग दीवाने हैं। गुरुग्राम लोकसभा से इस बार कुशेश्वर भगत ने हुंकार भरी है और दावा किया है कि वह इस बार 12 लाख वोटों से जीत कर जनता की सेवा करेंगे। कुशेश्वर भगत ने कहा कि गुरुग्राम की जनता इस बार बदलाव चाहती है। गुरुग्राम लोकसभा की नौ विधानसभा है और नौ विधानसभा में 900 समस्याएं हैं, लेकिन उसका हाल करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि 20 साल से राज कर रहे नेता का मोह जनता के अंदर से खतम हो गया है। अब जनता कहीं न कही बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जेजेपी और कांग्रेस से जनता का मोहभंग हो गया है। संगठन हमारा काफी मजबूत है। जनता हमें बुला रही है और भरपूर समर्थन मिल रहा है।

जनता को पता है कि तीन बार वह लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने दावा किया है कि इस बार उन्हें जरूर जीत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था और सात विधायकों ने उन्हें समर्थन किया था। वह 1996 से गुरुग्राम में पावभाजी बना रहे हैं। पब्लिक डिमांड पर ही चुनाव लड़ रहा हैं।

## इमरान खान ने पिछले साल के 9 मई के विरोध प्रदर्शन पर माफी मांगने से किया इनकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक ने पाकिस्तान-तहरीक-इंसाफ (पीटीआई) के साथ बातचीत से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक पार्टी नेतृत्व पिछले साल के 9 मई के विरोध प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगता, कोई बातचीत नहीं होगी। पीटीआई प्रमुख और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई के विरोध प्रदर्शन पर माफी मांगने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, अडियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले में अदालती कार्यवाही के बाद जब पत्रकारों ने इमरान खान से पूछा कि क्या वह 9 मई के विरोध प्रदर्शन के लिए माफी मांगेंगे, तो उन्होंने ना में जवाब दिया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही उन हिंसक विरोध प्रदर्शनों की निंदा की थी। मुझे विरोध प्रदर्शन के बारे में तब पता चला जब मैं पाकिस्तान के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश के सामने पेश हुआ था। मैं उस समय हिरासत में था और उन विरोध प्रदर्शनों से अनजान था। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, इमरान खान ने कहा, मैं पाकिस्तान के हित के लिए बातचीत चाहता था न कि व्यक्तिगत लाभ के लिए कोई समझौता करना। मुझे सेना से कोई दिक्कत नहीं है, यहां तक कि मेरे करीबी रिश्तेदार भी सशस्त्र बलों और नौकरशाही में सेवारत हैं।9 मई 2023 को पीटीआई प्रमुख को पाकिस्तान में एक अदालत कक्ष से गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद लोगों ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया।

## ट्रंप ने नशे की समस्या से निपटने के लिए बनाई योजना, मैक्सिको में घुसकर मारेंगे अपराधी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर वे फिर से राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिका में ड्रग्स की सप्लाई करने वाले गिरोहों के प्रमुखों को मारने के लिए मैक्सिको में किलर स्क्वॉड भेजेंगे। अमेरिका में फेंटानिल ड्रग्स की समस्या बढ़ रही है और बड़ी संख्या में युवा इस नशे का शिकार हो रहे हैं। ये ड्रग्स मैक्सिको से अमेरिका भेजी जा रही हैं।

मैक्सिको में भेजेंगे किलर स्क्वॉड

रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से बात करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना में खतरनाक जवान हैं और उन्हें मैक्सिको में नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई में इस्तेमाल किया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के सैनिक गुपचुप तरीके से मैक्सिको में नशे के कारोबार के प्रमुखों को मारेंगे। इससे उनका गैरकानूनी धंधे का संचालन प्रभावित होगा और अपराधियों में डर बैठेगा। ट्रंप ने कहा कि इन ऑपरेशंस के लिए मैक्सिकी की सरकार की मंजूरी ली भी जा सकती है और नहीं भी।



पूर्व राष्ट्रपति ने अपराधियों की सूची बनाने की बात कही और अमेरिका की स्पेशल फोर्सेस की मदद से उनका सफाया करने की बात कही। ट्रंप ने अब तक की अमेरिकी सरकारों से ऐसा कदम न उठाने पर हैरानी भी जताई। इससे पहले ट्रंप ने आईएसआईएस के सरगना अबु बकर अल बगदादी को भी इसी तरीके से मारने की बात कही थी।

**रिपब्लिकन नेताओं ने भी किया समर्थनः** खास बात ये है कि डोनाल्ड ट्रंप की इस योजना को उनकी पार्टी के नेताओं और थिंक टैक से समर्थन भी मिल रहा है। फ्लोरिडा के गवर्नर और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी करने वाले रोन देसांतिस ने भी ऐसा ही एलान किया था कि अगर वे राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिका की स्पेशल फोर्सेस की मदद से नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों का खात्मा कराएंगे। हालांकि मैक्सिको के राष्ट्रपति ने ट्रंप के इस बयान की आलोचना की है और कहा कि इससे मैक्सिको के लोग नाराज हो सकते हैं। मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस लोपेज ओब्राडोर ने कहा कि हम किसी विदेशी सरकार को हमारे क्षेत्र में दखल नहीं देने देंगे।

## ताइवान जलडमरूमध्य से अमेरिकी पोत के गुजरने पर भड़का चीन



**बीजिंग एजेंसी।** ताइवान के नए राष्ट्रपति के कार्यभार संभालने के दो सप्ताह से भी कम समय पहले ताइवान जलडमरूमध्य से एक अमेरिकी पोत के गुजरने पर चीन की सेना ने अमेरिका की आलोचना की है। इस बीच वाशिंगटन और बीजिंग नियमित सैन्य आदान-प्रदान बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

नौसेना के वरिष्ठ कैप्टन और ईस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता ली शी ने ताइवान जलडमरूमध्य से बुधवार को अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस हेल्सी के गुजरने की आलोचना की और अमेरिका पर इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया। ली ने एक बयान में बताया कि कमांड ने जहाज की गतिविधियों की निगरानी करने के लिए नौसेना और वायु सेना को तैनात किया था। इससे पहले 17 अप्रैल को इस तरह से एक पोत गुजरा था। इस घटना से एक दिन पहले ही अमेरिका और चीन के सेना प्रमुखों ने क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए बातचीत की थी।

# पाकिस्तान के ग्वादर में एक बार फिर आतंकी हमला, सात मजदूरों की मौत और एक घायल

**ग्वादर, एजेंसी।** पाकिस्तान में आजकल आए दिन आतंकी हमले हो रहे हैं। अब एक बार फिर बुधवार रात को ग्वादर में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई और अन्य एक घायल हो गया।

पाकिस्तान में क्षेत्रीय संघर्ष अपने चरम पर पहुंचता दिख रहा है। पिछले महीने ही बलूचिस्तान में पाकिस्तान के ही पंजाब प्रांत के रहने वाले 11 लोगों को मार डाला गया था। इनमें से 9 लोगों को तो बस से उतारकर महज इसलिए कत्ल कर दिया गया था क्योंकि वे पंजाबी थे। अब ऐसा ही एक और वाकया बलूचिस्तान के ग्वादर में सामने आया है। ग्वादर में गुरुवार की सुबह 7 लोगों को गोलियों से भून डाला गया। ये सभी लोग मजदूर थे और अपने कमरों में सो रहे थे। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना ग्वादर के सुरबंदर में हुई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इसे भी क्षेत्रीय आधार पर की गई हिंसा ही माना जा रहा है।

बलूचिस्तान के चीफ मिनिस्टर मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को खुला आतंकवाद करार दिया है और कहा कि ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बुगती ने कहा कि मारे गए लोगों के परिजनों की पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम आतंकवादियों और उन्हें मदद देने वालों को छोड़ेंगे नहीं। यही नहीं बुगती ने कहा कि आतंकवादियों से निपटने के लिए जो भी ताकत इस्तेमाल करनी होगी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानियों के खून का एक कतरा भी गिराने वालों का हिसाब किया जाएगा।

माना जा रहा है कि बलूच अलगाववादी संगठनों ही इस घटना के अंजाम दिया है। इससे पहले भी ग्वादर समेत बलूचिस्तान के कई इलाकों में पंजाब के लोगों एवं चीनियों तक को



टारगेट करते हुए हमले हो चुके हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी अकसर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी लेती रही है। यह संगठन बलूचिस्तान की स्वायत्तता की मांग करता रहा है। यही नहीं चीनी परियोजनाओं का भी यहां विरोध रहा है। बता दें कि पाकिस्तान के बनने के बाद से ही बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा जैसे प्रांतों में अलगाववादी आंदोलन चलते रहे हैं।

क्यों सुलगते रहे हैं पाकिस्तान के तीन प्रांत, कैसे बढ़ा अलगाववाद

इन प्रांतों में एक बड़े वर्ग का मानना है कि पाकिस्तान ने उनकी संस्कृति, भाषा और हितों को नजरअंदाज किया है। पख्तून तो खुद को एक अलग कौम मानते हुए अलग मुल्क ही मानते हैं। यही नहीं खैबर पख्तूनख्वा के लोगों का अफगानिस्तान के लोगों से भी संपर्क रहा है। दोनों खुद को साझा पख्तून संस्कृति का मानते हैं। इसी तरह बलूचिस्तान और सिंध के लोग भी मानते हैं कि उन पर पंजाबी प्रभुत्व को थोपा जाता रहा है। पाकिस्तान की सेना, न्यापालिका, नौकरशाही में पंजाबियों के प्रभुत्व को लेकर इन राज्यों में असंतोष रहा है। पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हाल ही में सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है। इससे पहले 20 मार्च को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमले की खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि ग्वादर पोर्ट के अथॉरिटी कॉम्प्लैक्स में आठ हथियारबंद आंतकवादी जबरदस्ती घुसे। इसके बाद उनके द्वारा मौके पर गोलीबारी और बम धमाके किए गए थे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129